आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

एस. एस. इंटरनेशनल स्कूल बीकेटी लखनऊ में आयोजित हुई लक्ष्य...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 23 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 43 | www.janexpresslive.com/epaper | जो जागकर भी सोया, उसे जगा नहीं... 12

## समिट में मेलोनी से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्राजीली राष्ट्रपति को गले लगाया, बोले

# जी20 का पुराना डेवलपमेंट मॉडल बदलना जरूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केप टाउन**

पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में शनिवार को जी20 समिट में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दुनियाभर के नेताओं से मुलाकात की। दौरान ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा को उन्होंने गले लगा लिया। इसके बाद मोदी ने समिट के पहले सेशन में भाषण दिया। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर भारत का नजरिया दुनिया के सामने रखा। मोदी ने वैश्विक विकास के पुराने मानकों पर दोबारा सोचने की अपील की। उन्होंने कहा, जी20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दी हो, लेकिन आज की विकास मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित किया है और प्रकृति के अत्यधिक दोहन को बढ़ावा दिया है। अफ्रीकी देशों पर इसका असर सबसे ज्यादा दिखता है।



### मोदी बोले, दुनिया पुराने विकास मॉडल को बदले

अफ्रीका में चल रहे जी20 समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि दुनिया पुराने विकास मॉडल पर दोबारा सोचे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से दूर रखा है और प्रकृति का नुकसान भी किया है। इसका सबसे ज्यादा असर अफ्रीका झेल रहा है। पीएम मोदी जी20 समिट के सेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समावेशी विकास, जलवायु संकट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात की। जी20 समिट में मुलाकात के दौरान मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को गले लगाया। राष्ट्रपति लूला मोदी की पीठ थपथपाते नजर आए।

### पीएम मोदी ने विकास के नए मानक गढ़ने का किया आह्वान

अफ्रीका की धरती पर आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विकास के पैमानों को नए सिरे से सोचने की जरूरत पर जोर दिया। सबको साथ लेकर समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जी20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को दिशा दी हो, लेकिन मौजूदा विकास मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से दूर रखा है और प्रकृति के अत्यधिक दोहन को बढ़ावा दिया है, जिसका असर अफ्रीकी देशों में सबसे ज्यादा महसूस होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य की राह दिखाने वाले तीन बड़े वैश्विक कदम पेश किए। इसमें,

- **पहला-** ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी- दुनिया भर की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को एक मंच पर लाने और उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और उपयोगी बनाने का प्रयास।
- **दूसरा-** जी20-अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव- युवाओं के कौशल विकास को तेज कर अफ्रीका में रोजगार और नवाचार के नए अवसर तैयार करना।
- **तीसरा-** ड्रग-आंतक नेटवर्क से निपटने के लिए जी20 पहल -नशे के कारोबार और आतंकवाद के बीच गहरे संबंध को काटने के लिए संयुक्त वैश्विक प्रयास। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल वित्तीय प्रवाहों पर नकेल डालेगी, तस्करी नेटवर्क तोड़ेगी और आतंक के आर्थिक स्रोतों को कमजोर करेगी।
- पीएम मोदी ने इस दौरान जोर देकर कहा कि दुनिया को ऐसा विकास मॉडल चाहिए जो प्रकृति से संतुलन रखे और हर क्षेत्र, खासकर अफ्रीका जैसे उभरते महाद्वीप, को बराबर अवसर दे।

### जी20 समिट भारत के लिए क्यों खास है?

साउथ अफ्रीका में हो रही इस साल की जी20 समिट भारत के लिए इसलिए खास है क्योंकि 2023 में अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनवाया था। अब पहली बार अफ्रीका में समिट हो रही है। इसके चलते सभी अफ्रीकी देशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। शुक्रवार को पीएम मोदी के साथ अफ्रीका पहुंचने पर स्थानीय कलाकारों ने उनके सम्मान में जमीन पर लेटकर स्वागत किया। ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग की गैरमौजूदगी में भारत समिट का सबसे प्रमुख चेहरा बन गया है। पीएम मोदी समिट के तीनों अहम सत्रों में आर्थिक विकास, क्लाइमेट रेजिलियंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर भारत का पक्ष रखेंगे। भारत की ग्लोबल साउथ लीडरशिप और विकासशील देशों की आवाज को मजबूती से पेश करने के लिए यह समिट बड़ा मंच साबित होगी।

### साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति ने उद्घाटन भाषण दिया

साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति ने जी20 समिट की शुरुआत करते हुए सभी देशों का धन्यवाद किया और कहा कि पहली बार साउथ अफ्रीका की धरती पर यह समिट होना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएगा। यह समिट अफ्रीका के लिए एक खास अवसर है। साउथ अफ्रीका ने एकजुटता, समानता और स्थिर विकास को अपनी प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने कहा कि एकजुटता के तहत हम दुनिया के सभी देशों के साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे, खासकर उन देशों के साथ जो विकास में पीछे रह गए हैं। मानता के तहत हम सभी के लिए बराबर अवसर और विकल्प बनाने पर काम कर रहे हैं। स्थिर विकास के तहत हम भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ समाधानों पर फोकस करेंगे।

### जी20 समिट में घोषणा पत्र मंजूर, अमेरिका दूर रहा

साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के प्रवक्ता ने बताया कि जोहांसबर्ग में हो रहे जी20 नेताओं के समिट में घोषणा पत्र को मंजूरी दे दी गई है। खास बात यह रही कि अमेरिका इस कार्यक्रम से दूर रहा। इसके बावजूद बाकी देशों ने मिलकर घोषणा पत्र पर सहमति जताई।

### अर्जेंटीना, नाइजीरिया और मेक्सिको के राष्ट्रपति भी जी20 में शामिल नहीं होंगे

चीन, अमेरिका और रूस के अलावा अर्जेंटीना, नाइजीरिया और मेक्सिको के राष्ट्रपति ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। उनकी जगह उनके मंत्री बैठक में जाएंगे ।अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई नहीं आएंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि वे क्यों नहीं आ रहे हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री पाब्लो किरिनो समिट में जाएंगे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनूबू ने भी अपना दौरा रद्द कर दिया है। उनके देश में इस हफ्ते एक स्कूल से 25 लड़कियों के अपहरण के बाद हालात खराब हैं, इसलिए उन्होंने यात्रा टाल दी ।मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम भी समिट में नहीं आएंगी। सरकार ने कहा है कि उनका पहले तय प्रोग्राम है, इसलिए वे नहीं आ पा रही हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री जुआन दे ला फुएंते बैठक में हिस्सा लेंगे।

### अमेरिका के जी20 में शामिल नहीं होने पर विवाद

जी20 समिट की बैठक में लगभग 42 देश भाग ले रहे हैं, लेकिन अमेरिका के शामिल नहीं होने से विवाद छिड़ गया है। अमेरिका इस समूह का संस्थापक सदस्य है और अगले साल जी20 की अध्यक्षता भी उसी को मिलनी है। साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि अगर अमेरिका नहीं आता है तो वो अगले साल की अध्यक्षता का सिंबोलिक ट्रांसफर खाली कुर्सी को कर देंगे। रामाफोसा ने जी20 शुरू होने से एक दिन पहले कहा कि अमेरिका ने भागीदारी के लिए संपर्क किया है। कुछ ही घंटों बाद व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कारोलीन लेविट ने रामाफोसा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका ने रामाफोसा से किसी तरह की बातचीत नहीं की है। हालांकि, उन्होंने यह जरूर संकेत दिया कि जी20 अध्यक्षता की ट्रांसफर के लिए अमेरिका एक अधिकारी भेजेगा।

**साउथ अफ्रीका में विरोध प्रदर्शन:** जी20 समिट से पहले साउथ अफ्रीका में कई तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जोहान्सबर्ग और दूसरे शहरों में शांतिपूर्ण विरोध की इजाजत होगी। सबसे बड़ा विरोध महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा और फेमिसाइड को लेकर हुआ। वूमेन फॉर चेंज ग्रुप ने पूरे देश में शुक्रवार को शटडाउन की अपील की। महिलाओं से कहा गया कि वे काले कपड़े पहनें और दोपहर 12 बजे 15 मिनट लेटकर उन महिलाओं को याद करें जिन्हें मारा गया है। साउथ अफ्रीका में हर दिन तीन महिलाओं की हत्या होती है। राष्ट्रपति रामाफोसा ने इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संकट बताया, लेकिन महिला संगठन चाहते हैं कि इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। इसके अलावा, जलवायु और अमीरी-गरीबी की असमानता पर काम करने वाले एक्टिविस्ट्स ने जी20 के खिलाफ एक अलग समिट शुरू की है। व्हाइट अल्पसंख्यक कम्युनिटी की यूनियन और एंटी-इमिग्रेशन ग्रुप भी बेरोजगारी और भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

# माघ मेले में 15 करोड़ लोग आएंगे: योगी

- 800 हेक्टेयर में बसेगा, प्रयागराज में जज की बेटी की शादी में शामिल हुए

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

सीएम योगी ने प्रयागराज में स्टीमर से माघ मेले की तैयारियों को देखा। पक्षियों को दाना खिलाया। 11 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया। फिर अफसरों के साथ माल मेले की समीक्षा की। इसके बाद सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- 9 महीने बाद मैंने गंगा पूजन किया। माघ मेले की तैयारी शुरू हो चुकी है। 2024 की तुलना में इसका दायरा बढ़ाया गया है। इस बार माघ मेला 800 हेक्टेयर में बसेगा और 12-15 करोड़ लोग संगम में स्नान करेंगे। सीएम सुबह 10 बजे प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से सबसे पहले योगी सिविल लाइंस के होटल कान्हा-श्याम पहुंचे। यहां हाईकोर्ट के सीनियर जज एम.सी. त्रिपाठी की बेटी के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। योगी ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। करीब 30 मिनट तक कार्यक्रम में रुकने के बाद भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी के घर पहुंचे। यहां पास में ही बनाए गए एक मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से सीधे सीएम माघ मेला क्षेत्र पहुंचे और लेटे हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इससे पहले, सीएम 31 मई को प्रयागराज पहुंचे थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ता चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग भवन का उद्घाटन किया था। महाकुंभ के बाद यह पहला माघ मेला है। योगी सरकार की तैयारी माघ मेले को भी भव्य बनाने की है। इसके लिए प्रयागराज प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। गंगा में पांटून पुल बनाए जा रहे हैं।



### योगी बोले, माघ मेला 800 हेक्टेयर में बसेगा

9 महीने बाद मैंने गंगा पूजन किया। माघ मेले की तैयारी शुरू हो चुकी है। 2024 की तुलना में इसका दायरा बढ़ाया गया है। इस बार माघ मेला 800 हेक्टेयर में बसेगा और 12-15 करोड़ लोग संगम में स्नान करेंगे। माघ मेला क्षेत्र में पहले चरण की पुलिस तैनाती पूरी की जा चुकी है और शेष बल की तैनाती जारी है। पुलिस लाइन के निर्माण का काम भी शुरू करा दिया गया है। सुरक्षा के लिए कुल 17 थाने, 42 पुलिस चौकियां, एक जेल पुलिस थाना, एक मुख्य कंट्रोल रूम, एक जल पुलिस थाना और एक सब कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। संगम और स्नान क्षेत्र में आठ किलोमीटर डीप वॉटर बैरिकेडिंग कराई जाएगी। आग की घटनाओं से निपटने के लिए 20 फायर टेंडर और सात अग्निशमन चौकियां बनाई जा रही हैं। 20 अग्निशमन वॉच टावर भी स्थापित होंगे। नगर विकास विभाग मेला क्षेत्र में 400 एआई सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगा रहा है ताकि भीड़ घनत्व विश्लेषण, क्राउड मैनेजमेंट और घटना रिपोर्टिंग तुरंत की जा सके।

### योगी बोले, 20-20 बेड के दो हॉस्पिटल बनाए जा रहे

सीएम योगी ने कहा- मेले की की प्रगति युद्ध स्तर पर है। कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता-दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे। माघ मेले की तिथि 15 दिन पहले आ रही है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघ पूर्णिमा व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि (छह प्रमुख स्नान) होंगे। माघ मेले के दृष्टिगत यूपी सरकार के सभी संबंधित विभागों को जोड़ा गया है। सिंचाई विभाग बाढ़ निरोधक उपाय करने के साथ ही जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। आज संगम में 19-20 हजार क्यूसेक शुद्ध जल की उपलब्धता है, लेकिन उस समय भी 10 हजार क्यूसेक जल की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, विभाग यह प्रयास कर रहा है। नमामि गंगे को जल की शुद्धता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पावर कॉरपोरेशन नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ इलेक्ट्रिक सेफ्टी की व्यवस्था करेगा। यूपी पावर कॉर्पोरेशन द्वारा मेला क्षेत्र में 47 किमी. की एचटी और 360 किमी. की एलटी लाइन बिछाने और 25 अस्थायी सब स्टेशन बनाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। पीडब्ल्यूडी कनेक्टिंग मार्ग के साथ ही अंदर के मार्गों की भी व्यवस्था देखेगा। आवागमन में दिक्कत न हो, इसके लिए विभाग सात पांटून ब्रिज, लगभग 160 किमी. के दायरे में चकर्ड प्लेट बिछाएगा। उप्र जल निगम द्वारा 242 किमी. की पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। 85 किमी. की सीवर लाइन बिछाने की कार्रवाई होगी, जिससे सीवर के एक भी बूंद का रिसाव गंगा-यमुना जी में न होने पाए। श्रद्धालुओं के उपचार के लिए 20-20 बेड के दो हॉस्पिटल बनाए जा रहे हैं। 12 पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य हेल्प सेंटर के रूप में लोगों को सुविधा उपलब्ध कराएंगे। एक वेक्टर कंट्रोल यूनिट, पांच आयुर्वेदिक- पांच होमियोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना, 50 एंबुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी।

### सीएम बोले, माघ मेले के लिए 3800 बसें चलाई जाएंगी

सीएम योगी ने बताया कि सीसीटीवी और एआई कैमरों से मेले की मॉनिटरिंग की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए 3800 बसें चलाई जाएंगी। इसमें परिवहन निगम की 3000 बसें भी रहेंगी। 75 शटल बस मेला क्षेत्र के अंदर, सिटी से मेला क्षेत्र में जाने और मेला क्षेत्र से सिटी तक लाने-ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक बस भी रहेगी। 200 बसें रिजर्व में रहेंगी। टेंट सिटी का भी निर्माण किया जा रहा है। सीएम योगी ने बताया कि नगर विकास द्वारा पर्याप्त शौचालय, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। मेले के दौरान 25 हजार शौचालय, 8 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 20 सक्शन गाड़ियां, 3000 सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। मेला पुलिस अधीक्षक के साथ ही पहले चरण में एडिशनल एसपी, सीओ, इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती हो चुकी है। शेष की तैनाती प्रक्रिया कार्रवाई चल रही है। पुलिस लाइन के निर्माण कार्य को बढ़ाया जा चुका है। मेला क्षेत्र में 17 थाने, 42 पुलिस चौकी, 20 फायर टेंडर, 7 अग्निशमन चौकी, अग्निशमन के 20 वाच टावर, एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस कंट्रोल रूम और 4 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने हैं। 8 किमी. का डीप वाटर बैरिकेडिंग भी यूपी पुलिस द्वारा लगाया जाएगा।

# राजनीतिक इतिहास पुस्तक का विमोचन

## धामी ने किया आह्वान बुके नहीं बुक दीजिए

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी दून में उत्तराखंड का नया राजनीतिक इतिहास बुक की लांचिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता हरीश रावत भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सीएम धामी ने कहा कि किताबें पढ़ने की आदत को बढ़ावा दें। बुके नहीं बुक दीजिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रतिष्ठित लेखक जय सिंह रावत द्वारा लिखित पुस्तक उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड राज्य के राजनीतिक, प्रशासनिक एवं क्रमिक विकास की संपूर्ण और प्रामाणिक दस्तावेज़ी यात्रा को प्रस्तुत करती है। सीएम धामी ने लेखक जय सिंह रावत को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह रावत ने राज्य के गठन के बाद की 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा को जिस सुसंगतता और प्रमाणिकता के साथ संकलित किया है, वह सराहनीय है। कहा कि उत्तराखंड के इतिहास, संस्कृति और लोक परंपराओं पर कई पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य स्थापना के बाद की ढाई दशक की घटनाओं को तथ्यों, दस्तावेजों और विश्लेषण के आधार पर संग्रहित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे लेखक ने उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि पांच भागों में विभाजित यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। सीएम धामी ने कहा कि एआई कितना भी उन्नत हो जाए, किताबों का कोई विकल्प नहीं। उन्होंने स्थानीय भाषाओं के संरक्षण को सरकार की प्राथमिकता बताया। गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी के डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घर-विद्यालयों में अपनी बोली-भाषा का उपयोग करने की अपील की। कहा कि नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ें।



# सहारनपुर की एसयूवी गाड़ी में तेज धमाका

- बोनट से धुआं उठता देख कार रुकवाई, अचानक आग का गुबार उठा

**जन एक्सप्रेस। सहारनपुर**

हरियाणा में सहारनपुर के युवक की महिंद्रा 300 एसयूवी कार में आग लगने के बाद तेज धमाका हो गया। चलती गाड़ी के बोनट से धुआं उठता देख बाइक सवार ने गाड़ी रुकवाई। ड्राइवर और उसकी भाभी तुरंत गाड़ी से उतरे। बाइक सवार युवक ने बोनट और बंपर खोला। तभी अचानक आग का गुबार उठा, तो आसपास के लोग डरकर दूर हट गए। इसके बाद जोरदार धमाका हुआ और गाड़ी आग का गोला बन गई। गनीमत रही चालक तयैब और उसकी भाभी नसीमा समय रहते गाड़ी से उतर गए, जिससे दोनों की जान बच गई। हादसा शनिवार सुबह 9.30 बजे का यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज पर हुआ। सहारनपुर के पठलोकर गांव के रहने वाले तयैब अपनी भाभी नसीमा के साथ यमुनानगर के मालीमाजरा में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जिस महिंद्रा एसयूवी 300 (एचआर71एल-6002) गाड़ी में आग लगी, वह साल-2024 मॉडल है। गाड़ी यमुनानगर के प्रतापनगर में रहने वाले अनीस के नाम पर है। हालांकि, गाड़ी का इस्तेमाल यूपी में रहने वाला उसके मामा का बेटा तयैब करता है। तयैब ने बताया कि भाभी नसीमा के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। गांव से करीब 20 किलोमीटर तक गाड़ी ठीक चली। जब उन्होंने हथिनीकुंड बैराज से हरियाणा की सीमा में एंट्री की, तभी एक बाइक सवार ने गाड़ी रुकवाई।

### बैराज पर धमाके से 2 राज्यों की पुलिस अलर्ट

जब तयैब ने गाड़ी रोकी, तो बाइक युवक ने बताया कि बोनट से धुआं निकल रहा। इस पर देवर-भाभी गाड़ी से उतर गए। इसके बाद बाइक सवार युवक की मदद से गाड़ी का बोनट और बंपर खोला। तभी आग का गुब्बार उठा। सभी पीछे हट गए। कुछ ही देर में जोर का धमाका हुआ। हथिनीकुंड बैराज पर बना पुल हरियाणा और यूपी को जोड़ता है। इस वजह से बैराज पर धमाके की आवाज से दोनों राज्यों की पुलिस अलर्ट हो गई। यूपी पुलिस पहले मौके पर पहुंची। हरियाणा पुलिस बाद में आई। हथिनीकुंड बैराज पर पहले पुलिस नाका था, जो काफी समय से बंद है।

### हरियाणा से फायर ब्रिगेड की गाड़ी ढाई घंटे लेट पहुंची

जैसे ही कार में आग लगी, यूपी और हरियाणा की दमकल गाड़ियों को सूचना दी गई। यूपी के मिर्जापुर से पहले दमकल की गाड़ी पहुंची। जबकि हरियाणा से दमकल विभाग की गाड़ी करीब ढाई घंटे लेट यानी करीब 12 बजे पहुंची। मिर्जापुर से बैराज की दूरी करीब 20 किलोमीटर है, जबकि छछरौली से बैराज करीब 25 किलोमीटर दूर पड़ता है। डायल 112 की टीम भी करीब 11.45 बजे मौके पर पहुंची।

### आर्मी की गाड़ियां और एम्बुलेंस जाम में फंसी

मौके पर जुटे लोगों ने बताया कि धमाका होने के बाद बैराज के पुल पर जाम लग गया। शादियों का सीजन होने की वजह से यहां काफी आवाजाही रहती है। हिमाचल, यूपी, हरियाणा और पंजाब के वाहन यहां से गुजरते हैं। इस दौरान आर्मी की गाड़ियां भी मूवमेंट कर रही थीं, जो जाम में फंस गईं।

# ‘मुस्लिम होने की वजह से कार्रवाई की गई’

- अरशद मदनी ने दिल्ली मुख्यालय पर हुए विशेष सत्र के दौरान देश के अंदर मुस्लिमों की स्थिति पर चिंता जताई

**जन एक्सप्रेस। सहारनपुर**

देवबंद में जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने दिल्ली मुख्यालय पर हुए विशेष सत्र के दौरान देश के अंदर मुस्लिमों की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने सरकार की मुस्लिम विरोधी नीति पर जमकर कटाक्ष किया। दो टूक कहा कि मुस्लिम होने के कारण अल फलाह यूनिवर्सिटी के चांसलर, पूर्व केबिनेट मंत्री आजम खां और ग्लोकल यूनिवर्सिटी के चांसलर इकबाल के साथ क्या हो रहा है सब जानते हैं। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि आज दुनिया यह समझती है कि मुसलमान अपाहिज और बांझ हो गया वह पूरी तरह खत्म हो गया, लेकिन यह समझाना ठीक नहीं है, क्योंकि जब मुसलमान न्यूयॉर्क और लंदन में मेयर बन सकता है तो हिंदुस्तान के अंदर किसी मुस्लिम यूनिवर्सिटी का कोई आदमी वाइल चांसलर क्यों नहीं बन सकता। अगर बनेगा तो आजम खां की तरह जेल जाएगा। उन्होंने कहा कि देखा जा सकता है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के चांसलर के साथ क्या हो रहा है। जेल में डाल दिया गया अब कितने साल जेल के अंदर गुजरेंगे कोई नहीं जानता। एक कौम और सरकार मुल्क की आजादी के बाद इस काम पर लगी हुई है कि मुसलमानों को सिर नहीं उठाने देना है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि धर्म के आधार पर लोगों को बांटना देश को कमजोर करता है। मौजूदा हालात को देखते हुए कहना पड़ता है कि कुछ सांप्रदायिक ताकतें इस्लाम और मुसलमान दोनों को निशाना बनाने पर तुली हुई हैं। लेकिन शायद उन्हें यह पता नहीं कि इस्लाम का यह दीया कभी बुझने वाला नहीं है, इतिहास गवाह है कि जिन्होंने इसे बुझाने की कोशिश की वह खुद ही मिट गए।

# यूपी में अवैध घुसपैठियों के लिए बनेंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर

- प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है: योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं। इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता के अवैध व्यक्तियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश भेजा जाएगा।

# कोटा कंदैला-डभौरा मार्ग राहगीरों को दे रहा दर्द, जिम्मेदार बेदर्द

■ यूपी एमपी को जोड़ने वाला यह मार्ग दर्जनों गांवों के लिए बेहद महत्वपूर्ण

जन एक्सप्रेस | सचिन वंदन

**चित्रकूट।** यूपी - एमपी को जोड़ने वाला कोटा कंदैला-डभौरा मार्ग राहगीरों इन दिनों बड़ी समस्या बना हुआ है। मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है, वहीं यात्री गिरकर घायल भी हो रहे हैं। मानिकपुर विकास खण्ड क्षेत्र के कोटा कंदेला से मध्य प्रदेश के रीवा जिला के डभोरा कस्बे को जाने वाला तकरीबन 8 किमी का मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह मार्ग पाठा क्षेत्र के दो दर्जन के करीब गांव के ग्रामीणों को बरगढ़, डाभौरा, प्रयागराज, रीवा आदि शहरों में आने-जाने के लिए बेहद शार्टकट रास्ता है। इस मार्ग के बनने से कम दूरी और कम समय और कम किराए पर लोग आवाजाही कर पाएंगे। ग्रामीणों के अनुसार पांच छह सालों से इस मार्ग की हालत बेहद खराब है, जो लोगों को आवागमन में काफी कष्टदायक है। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण आवागम करते हैं। रास्ता इतना खराब है कि मिनटों का सफ़र घंटों में पूरा हो पा रहा है। प्रयागराज , रीवा आदि जाने वाले मरीजों के लिए भी यह रास्ता महत्वपूर्ण है।

क्षेत्र भर के मरीज व तीमारदार प्रयागराज जाने के लिए इसी मार्ग से होकर आतेजाते हैं। सड़क बनने के बाद मरीजों व तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। शंकर प्रसाद ने बताया कि यह रास्ता से निकलना खतरे से खाली नहीं है। प्रशासन से कई बार शिकायत की है लेकिन कोई असर नहीं पड़ रहा। स्थानीय पिंटू ने बताया कि जनप्रतिनिधि भी जनता का दर्द नहीं समझ रहे हैं। आवागमन में भारी कष्टप्रद है।



**सड़क बनाकर भूल गया लोक निर्माण विभाग**

जनपद के अति दुर्गम व दुरुह पाठा क्षेत्र के निवासियों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डभोरा- कोटा कंदेला मार्ग की हालत जर्जर है जबकि यह सड़क मानिकपुर से रीवा को जोड़ता है। ग्रामीणों के आवागमन का मार्ग गढ्डे में तब्दील हो गया है। सड़क में उभरे गड्ढे, धूल से दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। बार-बार मरम्मत की उठती मांग को भी संबंधित अधिकारी अनसुना कर दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग इस रास्ते को बनाकर भूल गया है। यहीं वजह है कि यह मार्ग यात्रियों के लिए जानलेवा होता जा रहा है।

# 396 परीक्षार्थियों ने दी सीसीसी परीक्षा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जनपद में कंप्यूटर कोर्स (सीसीसी) की तीन दिवसीय परीक्षाएँ कड़ी सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गईं। जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में 18 से 20 नवंबर तक आयोजित इन परीक्षाओं में कुल 464 परीक्षार्थियों में से 396 उपस्थित रहे, जबकि 68 अनुपस्थित रहे।

संस्थान के प्रबंध निदेशक सुभाष साहू ने बताया कि परीक्षा संचालन के लिए 100 कंप्यूटरों से युक्त अत्याधुनिक ऑनलाइन लैब तैयार की गई थी, जहाँ परीक्षार्थियों को लैब 1 और लैब 2 में सुव्यवस्थित रूप से बैठाया गया। पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था भी पूरे समय उपलब्ध रही। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए ओरिजिनल आईडी प्रूफ के बिना किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। पुलिस प्रशासन ने तीनों दिनों तक बड़ी जिम्मेदारी के साथ सहयोग दिया और पूरी परीक्षा अवधि में सतर्कता बनाए रखी। बताया कि परीक्षा प्रतिदिन चार चरणों में संचालित हुई। पहला बैच सुबह 9:30 से 11:00 बजे, दूसरा 11:30 से 01:00 बजे, तीसरा 2:00 से 3:30 बजे और चैथा शाम 4:00 से 5:30 बजे तक रहा। जिसमें पूरे चित्रकूट मण्डल के परीक्षार्थियों ने जनपद में ही परीक्षा देकर राहत महसूस की। विद्यार्थियों ने कहा कि चित्रकूट की भौगोलिक स्थिति के कारण बाहर परीक्षा देने जाने में दिक्कत होती है, लेकिन जिले में परीक्षा आयोजित होने से समय और धन दोनों की बचत होती है और परीक्षा छूटने की आशंका भी नहीं रहती। बताया कि संस्थान वर्ष 2001 से जिले में संचालित है और बीते 25 वर्षों में चित्रकूट मण्डल के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। संस्थान से हजारों छात्र-छात्राएँ पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में प्लेसमेंट भी पा चुके हैं। सीसीसी की ऑनलाइन परीक्षा डॉ. दीपक सिंह (नीलिट, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) के अधिकृत परीक्षा नियंत्रक और राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन के प्रबंध निदेशक सुभाष चन्द्र साहू के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। इनविजिलेटर के रूप में ज्योति साहू, विनीता सिंह, रिजवाना, आमिर हसन, शारदा प्रसाद मौजूद रहे तथा तकनीकी सहायता लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार ने दी।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के घर में बम फेंकने की घटना का हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में एसओजी व थाना कोतवाली कर्वी टीम द्वारा अधिवक्ता के घर पर रात्रि में बम फेंकने वाले तीन आरोपियों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्य पाल सिंह ने बताया कि बीती एक अक्टूबर को जिला मुख्यालय के गांधी गंज स्टेशन रोड़ निवासी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता (एडवोकेट) पुत्र स्व0 श्याम सुन्दर गुप्ता ने कर्वी कोतवाली में सूचना दी कि बीती एक अक्टूबर की रात्रि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इस दौरान रात्रि एक बजे धमाके की आवाज सुनकर बाहर निकलकर देखा कि कार्यालय के बाहर लान में खड़ी कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था। घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो पता चला कि घर के बाहर मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों में पीछे बैठा व्यक्ति घर के अन्दर बम फेंकता हुआ दिखाई दिया। इस सूचना पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।

जिस पर बीते शुक्रवार को कर्वी कोतवाली के अपराध निरीक्षक राजकुमार वर्मा व उनकी टीम उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह, आरक्षी राहुल देव, इन्दल व अजय तिवारी द्वारा देवागंना घाटी के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम बंटी पाल निवासी मुण्डेरा थाना धुमनगंज जनपद प्रयागराज, आकाश उर्फ राहुल तिवारी निवासी चकराना तिवारी सीओडी चाका नैनी जनपद प्रयागराज व ऋषभ कनौजिया उर्फ सान्डा निवासी झलवा थाना धुमनगंज जनपद प्रयागराज बताया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी आकाश ने बताया कि उसकी मुलाकात ऋषभ उर्फ सांडा व बंटी पाल से नैनी जेल में हुयी थी, जहां से उनकी दोस्ती हो गयी थी। बताया कि जमीन के सिलसिले में उसका आना जाना चित्रकूट होता था। इस दौरान उसकी मित्रता अधिवक्ता सुरेश तिवारी से हो गयी। सुरेश तिवारी ने आकाश को बताया कि अधिवक्ता अशोक गुप्ता के सह पर एक अधिवक्ता और अन्य लोगों ने उसके साथ कचहरी में मारपीट की थी। इस मारपीट का बदला लेने के उद्देश्य से सुरेश तिवारी ने आकाश को पैसों का लालच दिया था। जिसके बाद आकाश ने अपने साथी बंटी पाल बुलाया और सुरेश तिवारी के घर ले गया। जहाँ सुरेश तिवारी व नवीन त्रिपाठी ने उन्हें अधिवक्ता अशोक गुप्ता के ऊपर बम से हमला करने को कहा। इसके लिए 50,000 रुपये भी देने की बात कहते हुए कुछ पैसे भी दिए। जिसके बाद आकाश और बंटी ने प्रयागराज से यश दीक्षित, अभय पासी व ऋषभ उर्फ सांडा को चित्रकूट बुलाया।

## सहायक पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली देहात का किया विस्तृत निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/बांदा। दिनांक 22नवम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा थाना कोतवाली देहात का विस्तृत निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वारा संपूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जाँच की गई।थाना परिसर में रखे पुराने माल/अभिलेखों का निरीक्षण पुलिस कर्मियों के आवास/बैरक की स्थिति थाना परिसर में खड़े सरकारी वाहनों की दशा और उपयोगिता मालखाना एवं उसमें दर्ज सामग्री के संधारण शौचालयों की स्वच्छता व नियमित रख-रखा व पेयजल व्यवस्था की उपलब्धता व कार्यशीलता शस्त्रागार एवं हथियारों/कारतूसों के रख-रखाव का परीक्षण इसके अतिरिक्त सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली देहात में संचालित मिशन शक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया गया तथा केंद्र में महिला सुरक्षा, परामर्श सेवा व शिकायत निस्तारण से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

# खेल महोत्सव का उद्घाटन मैच हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर



मौदहा में खेल महोत्सव का उद्घाटन मैच घाटमपुर अकैडमी के साथ ही अहद अकैडमी मौदहा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अहद एकेडमी मौदहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घाटमपुर अकैडमी को 8 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए घाटमपुर अकैडमी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 98 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आहद अकैडमी मौदहा की टीम ने मात्र 12 ओवर में 100 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मौदहा की ओर से सैफ पठान ने 23 रन, सार्थक ने 9 रन तथा मोहम्मद मुसब रहमान ने नाबाद 45 रन की मैच विजयी पारी खेली। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मोहम्मद मुसब रहमान को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

## बीएलओ को किया गया सम्मानित

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन द्वारा सम्मानित किया गया। मऊ उपजिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीती चार नवंबर से चार दिसम्बर तक गणना पत्रकों का वितरण, एकत्रीकरण और उनका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। जिसके तहत विधानसभा 237 मानिकपुर की तहसील मऊ में भाग संख्या 88 के बीएलओ राकेश सिंह और भाग संख्या 89 के बीएलओ अनुभव त्रिपाठी को कुशलतापूर्वक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया कि दोनों बीएलओ सहायक अध्यापक के रूप में प्राथमिक विद्यालय ताड़ी में कार्यरत हैं। इस मौके पर तहसीलदार मऊ राम सुधार, नायब तहसीलदार मऊ पारुल सिंह, समाजसेवी सुनील मिश्र, मनीष सिंह, गोलू द्विवेदी, अनिल कुमार, शिव सागर आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

**चित्रकूट।** शासन के निर्देशानुसार आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कोतवाली कर्वी में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 9 प्रार्थना पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# स्व.मुलायम सिंह यादव की धूमधाम से मनाई गयी जयंती

जन एक्सप्रेस | बांदा



दिनांक 22नवम्बर को सपाइयों ने जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कहीं नेताजी के प्रिय लोकनृत्य दीवारी पर लाठियां चटकाईं तो कहीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने फल व मिष्ठान बांटकर नेताजी को याद किया।शनिवार को नेताजी के नाम विख्यात रहे सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि के क्रम में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी की अगुवाई में बड़ोखर बुजुर्ग में लोकनृत्य दीवारी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने नेताजी को सादगी, अनुशासन और जनप्रेमी नेता बताया। उन्होंने कहा कि उनकी अगुवाई में जो संघर्ष का दीप जलाया गया था,वह उसे जलाए रखते हुए समूचे देश को जगमग करने का जिम्मा अब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बखूबी निभा रहे हैं।कहा कि नेताजी हमेशा कमजोर, गरीब, किसान-मजदूर और नौजवानों के जीवन में उजाला की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का काम करते रहे हैं। विधायक विशंभर यादव ने सपाइयों को नेताजी के आदर्शों पर चलकर समाजवाद की स्थापना करने में योगदान का संकल्प दिलाया। दीवारी कलाकारों ने लोकनृत्य का मोहक प्रदर्शन किया और लोगों को तालियों बजाने पर विवश कर दिया। दीवारी टीमों में पडुई, मुराजपुर, शेरपुर, दुर्गापुर, पैगंबरपुर, बड़ोखर बुजुर्ग, मनीपुर, जरर आदि गांवों के दीवारी कलाकार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में दीवारी कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय सचिव हसनुद्दीन सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, महिला सभा जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली राजू, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर खान, युवजनसभा जिलाध्यक्ष आमिर खान मन्नी, जन्मेजय सिंह, प्रदीप सिंह परिहार बउवा, लालमन यादव समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# जनपद के क्रिकेट मैदान रायफ़ल क्लब में सम्पन्न हुआ क्रांतिवीर सीजन 3 का ट्रायल

जन एक्सप्रेस | बांदा



क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका जिसमें दूरदराज के सभी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। सुबह से ही आयोजन कमेटी ने ट्रायल का शुभारंभ किया जिसमें अलग अलग शहरों से आए क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपने हुनर दिखाया। आयोजक सादिक अली ने टूर्नामेंट की जानकारी साझा करते हुए आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के सभी खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुतैबा जमा ने की व कार्यक्रम का संचालन महेश साहिल, अफजाल ने किया। मुख्य प्रायोजक के रूप में आदित्य जड़िया, मौली भारद्वाज, अंकित कुशवाहा, शिवकरण निषाद, आशीष यादव, रवि मूलचंदानी, विप्प्रांश यादव व टीम आयोजक के रूप में अनिल मिश्रा, ऋतेश त्रिपाठी, शीबू नियाजी, अतीक उर रहमान, पवन दीक्षित, फिरोज खान, यशीन, अनीस, दीपू, आदिल अहमद एवं मयंक, राकेश, शिवम एवं लविश, विपिन और बिहारी, शेखर शर्मा, राजेन्द्र अवस्थी, अबरार फारुखी, तरुण नंदा, आशुतोष राणा, सुनील सक्सेना, शालू हैदर, जाहिद, हिम्मत, अन्नू भाई, चांद, अभय श्रीवास्तव, शब्बर रिजवी, सुजाउद्दीन खान, रेहान भाई, मोहम्मद आबिद इत्यादि उपस्थित रहे।

# पीएम श्री स्कूल कछार पुरवा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छ समुदाय का संदेश



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सदर तहसील क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल कछार पुरवा में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और समुदाय में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत विद्यालय में अभिभावक सम्मेलन, पौधरोपण, इको क्लब द्वारा स्कूल परिसर की सफाई, एक छात्र-एक पेड़, हर बूंद की कीमत और स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ समुदाय जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टरों और अपने रचनात्मक संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। हर्बल गार्डन की सुंदरता बढ़ाते हुए एआरपी उपेंद्र शर्मा और यमेन्द्र दत्त पांडेय ने तुलसी और एलोवेरा के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने आगामी चार दिसंबर को होने वाले निपुण असेसमेंट के संबंध में स्टाफ और अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी। उपेंद्र शर्मा ने कहा कि जब हमारा पूरा ब्लॉक निपुण होगा, तभी हम शिक्षकों की मेहनत सार्थक मानी जाएगी। प्रधानाध्यापिका उषा रानी त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप पीएम श्री स्कूल में सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किए जा रहे हैं, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाती है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ परिवेश को बढ़ावा देने के लिए हर्बल गार्डन में सभी पौधों पर नाम पट्टिकाएँ लगाई जाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान नो बैग डे का भी आयोजन किया गया। साथ ही व्यावसायिक जागरूकता, पोस्टर प्रतियोगिता, खेलकूद, वाद-विवाद, गायन और नृत्य जैसी गतिविधियाँ पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुईं। बच्चों ने बिना पाठ्य पुस्तकों के सीखने का आनंद लेते हुए रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास की मिसाल पेश की। इस मौके पर रचना यादव, विद्यासागर सिंह, सरला देवी, सोनू गौतम, ममता देवी, गीतांजलि, प्रियंका द्विवेदी, दीपा देवी, सियाराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम व पुलिस अधीक्षक ने जनसमस्याओं को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धितों को किया निर्देशित

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में दिनांक 22नवम्बर को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना पैलानी में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक भी मौजूद रही ।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया ।थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना जसपुरा का किया बार्षिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बांदा

शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना जसपुरा का बार्षिक निरीक्षण किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर, जीडी, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना, शस्त्र लाइसेंस अभिलेख, वारंट/समन रजिस्टर, मुकदमे की विवेचना से संबंधित अभिलेखों सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के विधिवत संधारण का परीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए।तथा चेतावनी दी कि अभिलेखों या व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी विभागीय कार्यवाही की जाएगी। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके।लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाना भवन, बैरक, हवालात, स्ट्रांग रूम, वाहन स्टैंड, शौचालय, पानी की व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहन परीक्षण किया।मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई।

# राज्य स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ


जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में किया गया। यह प्रतियोगिता 22 से 25 नवंबर 2025 तक चार दिनों तक चलेगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी 18 मण्डलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। बड़े पैमाने पर प्रतिभाग के कारण स्टेडियम में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद ने ने 18 मंडलों से आई सभी खिलाड़ियों, निर्णायकों और टीम प्रभारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल जीवन को दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग और अनुशासन से खेलें और अपने माता-पिता तथा जिले का नाम रोशन करें। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद ने बताया कि यह प्रतियोगिता संपूर्ण रूप से खेल निदेशालय के निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जा रही है। विजेता टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 1000 रुपये तथा उप-विजेता टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 800 रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में प्रेषित की जाएगी।

पहले दिन खेले गए मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। उद्घाटन मैच झांसी और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया, जिसमें अयोध्या ने 25-12 और 25-10 से एकतरफा जीत दर्ज की। इसके बाद हुए मैच में बस्ती ने मेरठ को 25-09 और 25-12 से मात दी, जबकि आगरा ने कानपुर को 25-17 और 25-16 से हराकर जीत पक्की की। प्रयागराज ने अलीगढ़ को 25-18 और 25-10 से परास्त किया। आजमगढ़ की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए सहारनपुर को 25-05 और 25-06 से मात दी। वाराणसी ने झांसी को 29-27 और 25-13 से हराया। लखनऊ और मुरादाबाद के मुकाबले में मुरादाबाद ने 25-12 और 28-15 से जीत दर्ज की। प्रयागराज ने अलीगढ़ को एक बार फिर 25-13 और 25-17 से हराया।



**कश्मीर में बनी दिल्ली धमाके की प्लानिंग...**

दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच में फरीदाबाद के व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की साजिश अब पूरी तरह सामने आ रही है। एजेंसियों के मुताबिक इस मॉड्यूल की प्लानिंग बेहद खतरनाक थी। एनआईए ने कश्मीर से लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी और नूंह... पढ़ें पेज 12 पर...

# एस. एस. इंटरनेशनल स्कूल बीकेटी लखनऊ में आयोजित हुई लक्ष्य विकसित भारत विषयक संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



एस एस इंटरनेशनल स्कूल, मामपुर, बीकेटी, लखनऊ ,उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् एवं प्राण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ÷लक्ष्य विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश की साझा संस्कृति÷ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह मा.राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्य वक्ता प्रो शीला मिश्रा अधिष्ठाता विज्ञान संकाय ल. वि. वि, अति विशिष्ट अतिथि रविकांत मिश्र अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अर्जुन अवार्ड, कीर्ति विक्रम सिंह क्षेत्रीय निदेशक इग्नू लखनऊ, विशिष्ट अतिथि दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा एकल अभियान, योगेश तिवारी उपाध्यक्ष उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् )कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान चेयरमैन एस एस ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज आदि प्रमुख लोग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री जी ने कहा कि हमारी बेटियां विकसित भारत बनाने के लिए सदैव तात्पर्य हैं, आज बेटियों का उत्साह देखकर यह नई अनुभूति हुई एवं नाट्य मंचन के माध्यम से प्राण संस्था ने संस्कार आदर्श, शिक्षा हेतु जो सन्देश दिया है वह अनुकरणीय है। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य वक्ता ने सभी बच्चों से वार्ताकर लक्ष्मणपुरी से लखनऊ तक के इतिहास बारे में विस्तार से बताया। दुर्गेश जी ने बताया कि नाट्य मंचन के माध्यम से मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं माँ दुर्गा की स्तुति से प्रारंभ होकर महिषासुर मर्दन एवं हाल ही में विश्व कप महिला क्रिकेट टीम के विजय गाथा तक का सफर तय किया जो विकसित महिला सशक्त महिला के मन्त्र को अंगीकार करता है। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक प्रवीण सिंह चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर संस्था के सभी लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो0 मंजुला उपाध्याय, डॉ0 रमेश त्रिपाठी, डॉ0 बी0 एन0 पाठक, लोकेश सिंह, अनुराग पाण्डेय, अमन सिंह, ध्रुव, मैत्रीय, प्रमुदित,शिवम, अखिलेश एवं अन्य स्कूल के अन्य कार्यकर्ता बंधु, शिक्षक,छात्र- छात्राएं उपस्थिति रहे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री प्रवीण सिंह चौहान ने सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रख कर भारत वर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# नौकरशाही ने विधानसभा की समिति को भी दरकिनार किया

- विधायको के अधिकारों में कटौती ब्यूरोक्रेसी हुई प्रभावी

**जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय**



उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया सिंपल सिस्टम आया है इस बार न तो सचिव आएंगे, न प्रमुख सचिव, और न ही अपर मुख्य सचिव। सिर्फ विशेष सचिव वीडियोकांफ्रेंसिंग के जरिए ही हाजरि होंगे। ऐसा निर्देश योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति से जारी हुआ है। राजधानी लखनऊ से सूचना के अनुसार, राज्य की विधायी समितियों की बैठक में अब शीर्ष नौकरशाह सीधे उपस्थित नहीं होंगे। निर्देश में कहा गया है कि अब सदन की उन समितियों के समक्ष सिर्फ विशेष सचिव दर्जे का अधिकारी ही उपस्थित होगा, जबकि सचिव, अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव अपने दफ्तर से वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़ेंगे। इस कदम को लोकतंत्र और प्रक्रिया के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। विधानसभा व विधानपरिषद की समितियाँ सदैव ऐसे मंच रहीं हैं जहाँ नौकरशाही के शीर्ष पदाधिकारी प्रत्यक्ष रूप से विधानसभा सदस्यों के सामने जवाबदेह होते थे अब उस व्यवस्था में तोड़-फोड़ हो गई है। द्वार बैठक उपस्थिति उत्तर = सभी का पैटर्न बदल गया। सीधे दफ्तर से ऑनलाइन जुड़ने की पद्धति अपनाई गई है। परिणामस्वरूप सदन की शक्ति, उपस्थित अधिकारी की हैसियत और जवाबदेही, इन सब पर सवाल उठ रहे हैं। क्या कम अधिकारी की मौजूदगी से ही बड़ी निर्णयप्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो पाएगी? विधायकों के लिए यह बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। प्रत्यक्ष रूप से अधिकारी से संवाद, प्रश्न-उत्तर, तथ्यात्मक प्रश्न पूछने की प्रक्रिया अब सुगम नहीं रहेगी। वीडियो लिंक पर संवाद संभव है, लेकिन उस संवाद की गहराई, प्रभाव और सहभागिता पर प्रश्न चिह्न लग सकते हैं। वहीं नौकरशाही के उच्चस्तरीय पदाधिकारी एक तरह से मुकद्दर के ÷कक्षीय÷ बैठक में आराम से भाग ले सकते हैं। इसका संदेश साफ है – लोकतांत्रिक व्यवस्था में उस प्रत्यक्ष संवाद और जवाबदेही की जो परंपरा रही है, वह फिलहाल कमजोर पड़ती दिख रही है। समितियों की भूमिका अब बदलती जा रही है, और यह बदलाव निर्णय-प्रक्रिया और पारदर्शिता दोनों के पक्ष में नहीं माना जा रहा। राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस तरह के निर्देश निष्पादन के दृष्टिकोण से समय की मांग हो सकते हैं, लेकिन विधायक-नौकरशाही के बीच संबंधों और लोकतांत्रिक नियंत्रण की दृष्टि से ये चिंताजनक संकेत हैं। सामाजिक आकलन भी यही बता रहा है कि जब विधानसभा कम हो, अधिकारी कम हों और संवाद कम हो – तो निर्णयप्रणाली अधिक केंद्रीकृत और कम खुली होती चली जाती है। अब यह देखना होगा कि इस आदेश के बाद समितियाँ अपने मौलिक स्वरूप में कितनी सक्रिय रह पाती हैं और नौकरशाही व विधायकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद व जवाबदेही कितनी बनी रहती है। लोकतंत्र की प्रक्रिया में यह बदलाव सिर्फ ऑनलाइन जुड़ाव तक सीमित नहीं हो जाना चाहिए – बल्कि सक्रिय भागीदारी, टकराव-समाधान, उच्च-स्तरीय निर्णय की पारदर्शिता तथा प्रत्यक्ष जवाबदेही बने रहना चाहिए। अभी-अभी ये बदलाव राज्य के लोकतंत्र के लिए एक नए अध्याय का संकेत देते हैं – जहां नौकरशाही ने परंपरागत विधानमंडलीय प्रक्रिया को पीछे छोड़ते-छोड़ते प्रतीत किया है। पारदर्शिता, जवाबदेही और सक्रिय बैठक-संवाद के नाम पर आज एक बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है।

# इटौंजा थाना समाधान दिवस पर थाना प्रभारी ने सुनी जनता की फरियाद



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- पत्नी पुत्र गंदी गालियां देते हैं खाना पानी नहीं देते, रास्ते में रोकर व्यक्ति को पीटा

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने थाने पर आये जनता व जनमानस की समस्याओं को सुना और शिकायत निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। थाना समाधान दिवस पर दो शिकायत पत्र पुलिस को प्राप्त हुए। जिसमें हरिप्रसाद पुत्र ठाकुरदीन निवासी ग्राम पृथ्वीनगर का निवासी है। बीते शुक्रवार को करीब 10 बजे मेरी पत्नी मुन्नी गालियां देते हुए बेटे मुन्नू लाल व मनोज को बुलाकर गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी और खाना पीना नहीं दिया। वहीं हरिप्रसाद ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी से की। वहीं दूसरी शिकायत पीड़ित राजेश्वरी निवासी बरगदी ने शिकायत की है कि उनके पति साइकिल से घर जा रहे थे रास्ते में लघुशंका करते समय रोकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने गिराकर जम कर मारा-पीटा महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# पत्रकार पर हमले के चार दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं, राजधानी की कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

वरिष्ठ पत्रकार पर हुए हमले को चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। घटना को लेकर पत्रकार संगठनों में गहरा आक्रोश है। सोमवार को विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने हजरतगंज में प्रदर्शन कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर कार्रवाई धीमी कर रही है, जबकि आरोपियों को राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त है। प्रदर्शनकारी पत्रकारों का कहना था कि घटना राजधानी में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। वरिष्ठ पत्रकार प्रभात त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों पत्रकार हजरतगंज चौराहे से मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़े। राजभवन मोड़ पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन बड़ी संख्या में जुटी भीड़ ने पुलिस की ढिलाई और प्रशासन की चुप्पी पर कड़ा विरोध जताया। पत्रकारों ने मांग की कि हमले की जांच की निगरानी उच्च स्तर पर की जाए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान मौजूद अधिकारियों ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि ÷जल्द कार्रवाई÷ की जाएगी, लेकिन पत्रकारों ने आश्वासन को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती, तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी किया जाएगा। घटना के चार दिन गुजरने और अब तक किसी भी आरोपी के न पकड़े जाने पर मीडिया जगत में रोष लगातार बढ़ रहा है। पत्रकार संगठनों ने इसे कानून-व्यवस्था की विफलता बताते हुए कहा है कि राजधानी में ही यदि अपराधी बेखौफ हैं, तो प्रदेश के अन्य जिलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बीच पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टीमें लगाई गई हैं और आरोपियों की तलाश जारी है। हालांकि पुलिस की धीमी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं और पत्रकारों ने साफ किया है कि वे गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे।

# इटौंजा क्रय केंद्र से ग्रेड वन धान बताकर किसानों को कर्मचारी कर रहे हैं वापस

- धान क्रय केंद्र पर कर्मचारियों की मनमानी, आइरिस स्कैन की समस्या से भी किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील इटौंजा क्षेत्र के अंतर्गत धान क्रय केंद्र इटौंजा में ग्रेड वन धान बताकर किसानों को वापस कर दिया जाता हैं। वही आयरिश स्कैन की समस्या भी बताई जाती है, जिससे किसान परेशान हैं, यहां के कर्मचारी किसानों से मनमानी करते हैं। अभी यह केंद्र लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है। वहीं शुरू हुए एक माह लगभग हो रहा है। अभी तक 14 किसान ही धान बेच सके हैं और 280 कुंतल की खरीद हुई है। वहीं जबकि लक्ष्य 1000 कुंटल था, किसान राजेश्वरी ने बताया कि उनका पंजीकरण था, लेकिन ग्रेड वन धान बताकर वापस कर दिया गया। यही समस्या पालपुर गांव के बृजेन्द्र सिंह की भी है। क्रय केंद्र प्रभारी नेहा वर्मा ने बताया दो प्रकार का धान ही क्रय किया जाता हैं।

# आरएसपी का सियासी विस्फोट: नई टीम का ऐलान, भ्रष्ट तंत्र को खुली चुनौती, अब लूट बंद, जवाब शुरू

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**नई टीम**

- श्रीकांत पाल 'गुरूजी' - प्रभारी, उत्तर प्रदेश
- भूरे सिंह पाल - प्रदेश महासचिव
- राम भूल पाल - पश्चिमी अध्यक्ष
- पूनम पाल - पश्चिमी अध्यक्ष (महिला मोर्चा)
- ओमकार सिंह बघेल - युवा प्रदेश अध्यक्ष
- सुमित सिंह - मीडिया प्रभारी, यूपी
- सुमित पांडेय - सचिव और समन्वयक (यूपी)

उत्तर प्रदेश की जड़ें तक पकड़ चुकी भ्रष्ट व्यवस्था पर सीधी चोट करने के तेवर के साथ राष्ट्रीय समाज पार्टी (आरएसपी) ने नई टीम का ऐसा एलान किया है, जिसने प्रदेश की सियासत में हलचल मचा दी है। पार्टी ने साफ कह दिया है जो जनता को लूटेगा, आरएसपी उसे सड़क पर बेनकाब करेगी अब भ्रष्टाचार शिष्टाचार नहीं होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.टी.एम.सी. मोर्चा नरेश कुमार बलमिश्री, राष्ट्रीय महासचिव कुमार सुशील, संगठन प्रभारी बाल कृष्ण लैगरे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अवचकी सागर ने खुलकर घोषणा की है कि आरएसपी अब अपनी ताकत दिखाने नहीं, व्यवस्था बदलने के मिशन पर है। नेता साफ बोल रहे हैं भ्रष्ट अफसरों से लेकर बेलगाम नेताओं तक–किसी को नहीं बख्शेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर गजब का समीकरण–जनकर, उपाध्याय और महक चौधरी की तिकड़ी बनी पार्टी की नई धार महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं संस्थापक अध्यक्ष महादेव जानकर ने साफ कहा है कि अब आरएसपी भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू करेगी। उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष पं. संजय उपाध्याय लगातार सियासी समीकरणों को बदलने में जुटे हैं। वहीं अभिनेत्री एवं समाजसेवी महक चौधरी की सक्रियता ने पार्टी को मीडिया और जनसंपर्क दोनों मोर्चों पर 'हाई-वोल्टेज' बढ़त दिलाई है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है आरएसपी अब मनोरंजन नहीं, आंदोलन पैदा करेगी। यूपी में आरएसपी की सबसे आक्रामक टीम मैदान में–अधिकारियों और दलालों को खुली चेतावनी उत्तर प्रदेश में जिम्मेदारियों का अंतिम और तेज-तर्रार ड्राफ्ट जारी करते हुए आरएसपी ने साफ कहा कि अब ÷बूथ से लेकर राजधानी तक आरएसपी की निगरानी बढ़ेगी–जो गलत करेगा, वही पकड़ा जाएगा। इन नेताओं ने साफ कहा है, थानों-तहसीलों में वसूली राज नहीं चलेगा। आरएसपी हर जिले में सत्यापन अभियान चलाएगी और भ्रष्टाचार का एक-एक सबूत जनता के सामने रखेगी। सियासी गलियारों में चर्चा– आरएसपी अब किसी के लिए 'सॉफ्ट कॉर्नर' नहीं रखेगी राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि आरएसपी की यह आक्रामकता किसी बड़ी रणनीति का संकेत है। पार्टी पहली बार इतने खुलकर 'भ्रष्ट अफसर-नेता गठजोड़' पर हमला कर रही है। पार्टी के नेताओं की भाषा साफ बता रही है कि वह अब टकराव से पीछे हटने वाली नहीं सरकारी कुर्सी पर बैठे दलालों की नींद उड़ जाएगीज आरएसपी आने वाले महीनों में बड़ा जनांदोलन खड़ा करेगी। ये सिर्फ टीम नहीं–चुनौती पत्र है= आरएसपी ने सियासी हवा को गरमा दिया नई टीम के बाद आरएसपी टोन पहले से कहीं ज्यादा आक्रमक, धारदार और टकरावपूर्ण है। पार्टी ने साफ संदेश दिया है जो जनता के हक़ पर डाका डालेगा, आरएसपी उसका नाम, काम और गेम–सब उजागर करेगी। राजनीति में यह खुली चुनौती ऐसे वक्त में आई है जब प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि आरएसपी की यह तेज होती आंधी किस सियासी घराने की दीवार पहले हिलाती है।

# गांव के किनारे मिला विकलांग का शव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** एक विकलांग व्यक्ति का गांव के किनारे शो मिला ग्रामीणों ने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहीमाबाद थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुणायक के अनुसार एक अज्ञात विकलांग व्यक्ति जो हाथों के सहारे चलता था और ग्राम अनीपुर थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ में कुछ दिनों से रह रहा था और गांव में इधर-उधर मांग कर खाता पीता था तथा जहां जगह मिल जाती थी वही सो जाता था शनिवार सुबह वह गांव के बाहर सड़क किनारे मृत अवस्था में मिला विकलांग को मृत पड़ा देख वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में भिजवा दिया उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टिया इसकी मौत ठंड लगने से प्रतीत हो रहा है लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।

# सिच्छा मित्र की ब्रेनहैमरेज से मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** लखनऊ के सरॉंवा गाँव मे प्राथमिक विद्यालय सरॉंवा मे तैनात शिक्षामित्र विजय कुमार वर्मा (50) की शुक्रवार को एक निजी अस्पताल मे ईलाज के दौरान मौत हो गई। डाक्टरों ने ब्रेन हैमरेज के चलते मौत होने की पुष्टि की है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि एसआईआर ड्यूटी के दौरान जिम्मेदारों के फोन व वर्कलोड से हुआ ब्रेन हैमरेज।

मलिहाबाद के सरॉंवा गांव निवासी विजय कुमार वर्मा गाँव के ही प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षामित्र थे। पत्नी संगीता रावत ने बताया कि विजय एसआईआर मे बीएलओ की ड्यूटी कर रहे थे। तहसील के जिम्मेदार लोगों द्वारा विजय को बार बार फोन किया जा रहा था। वह दिनरात बीएलओ का काम कर रहे। आरोप है कि काम का अत्यधिक दबाव और बार बार फोन आने से विजय काफी परेशान थे। संगीता ने बताया कि इसी दबाव के चलते 14 नवम्बर को विजय को ब्रेन हैमरेज व पैरालाईसिस अटैक पड गया। उन्हे चरक अस्पताल लखनऊ मे भर्ती कराया गया। 15 नवम्बर को बीएलओ और अधिकारियो के ग्रुप पर इसकी लिखित सूचना दिये जाने के साथ ही ईलाज के लिये आर्थिक मदद की गुहार भी लगाई गयी। मगर अभीतक किसी भी जिम्मेदार का कोई सहयोग नही मिला। मृतक परिवार मे पत्नी संगीता रावत और बेटा हर्षित वर्मा है।शिक्षामित्र विजय गुप्ता का कहना है कि दबाव के चलते पूरा दिन काम करते थे रात-रात काम करते थे काम में दबाव बहुत है इस काम को सही तरीके से करना चाहिए सर हम लोगों को सुविधा दी जाए दबाव बनाकर कार्य नहीं करना चाहिए। इसी दबाव के चलते आज अपने साथी को खो दिया ब्रेन हेमरेज के चलते उनकी मृत्यु हो गई।

# पति से विवाद, पत्नी ने शराब छुड़वाने वाली दवाई खाई, अस्पताल मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, रिपोर्ट आने पर मौत होगा खुलासा

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर गांव निवासी मृतक सोनम उम्र (25) वर्ष पत्नी विकास शर्मा निवासी पहाड़पुर महिंगवां की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पति विकास ऑटो चालक है और शुक्रवार की रात्रि वह शराब पीकर आया था, तभी पत्नी से कुछ विवाद हुआ। जिसके बाद वह घर से बाहर चला गया था। तभी देर रात घर लौटा और खाना खाकर पत्नी 5 वर्षीय बेटी दृष्टि के साथ कमरे में सो गया था। सुबह उठा तो पत्नी को जगाया जब वह नही उठी, तो पिता बाबूलाल को जानकारी दी।जिसके बाद उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर गए जहां से शौ शैय्या अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पति के मुताबिक उसने छह साल पहले लव मैरिज की थी, शराब पीने का आदी था, उसकी का इलाज नशा मुक्ति अस्पताल से चल रहा था। शराब पीने के कारण उसका विवाद पत्नी से हुआ था। वहीं आशंका है कि पत्नी ने शराब छुड़ाने वाली दवाई अधिक मात्रा में खा ली, जिसके कारण उसके ओंठ नीले पड़ गए थे, घर में पिता बाबूलाल व दो बहनें अंजली और शालिनी हैं। वहीं महिंगवां थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं, रिपोर्ट आने पर मौत किस कारण हुई इसकी पुष्टि होंगी, अभी परिजनों की तरफ से कोई शिक़ायती पत्र नहीं दिया गया हैं।

# शिक्षाशास्त्र विभाग में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और जागरूकता मार्च

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ÷हरित व स्वच्छ लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर÷ अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करना और विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ व हरित बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाशास्त्र विभाग से हुई, जहाँ बीएड और एमएड के छात्रों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए। छात्रों ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली, जिससे उनके भीतर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव और अधिक गहरा हुआ। इसके बाद परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जो पीजी ब्लॉक से होते हुए छात्र संघ चौराहा, समाजशास्त्र विभाग, वाणिज्य विभाग, साइबर लाइब्रेरी और टैगोर लाइब्रेरी से गेट नं.-4 तक पहुँचा। अभियान का समापन गेट नंबर.-1 पर सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से स्वच्छता और हरियाली का संदेश दिया, जैसे जहां होगी स्वच्छता वहां होगी पवित्रता, क्लीन सिटी ग्रीन सिटी यही हमारी ड्रीम सिटी और ÷बंजर भूमि की यही पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार।÷ इन नारों ने पूरे परिसर में उत्साह और जागरूकता का वातावरण बना दिया।इस अभियान में शिक्षाशास्त्र विभाग के शिक्षक भी सक्रिय रूप से शामिल हुए और उन्होंने छात्रों के साथ मिलकर पौधरोपण व स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उपस्थित शिक्षकों में प्रो तृप्ता त्रिवेदी, प्रो मुनेश कुमार प्रो आकांक्षा सिंह, डॉ. किरणलता डंगवाल डॉ नीतू सिंह, डॉ. अपर्णा गोडबोले, डॉ. सूर्यनारायण गुप्ता, डॉ. संजय यादव, डॉ. बीना इन्द्राणी और डॉ. पूनम श्रीवास्तव शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमेन्द्र कुमार सिंह ने आयोजन की रूपरेखा तैयार की और छात्रों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इको क्लब से जुड़े बी.एड. और एम.एड. के छात्रों ने न केवल पर्यावरणीय गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।भविष्य की दृष्टि से शिक्षाशास्त्र विभाग ने यह निर्णय लिया है कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँगे। विभाग की योजना है कि प्रत्येक सत्र में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरणीय कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँ ताकि छात्रों में सतत विकास और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम न केवल परिसर को स्वच्छ और हरित बनाएंगे, बल्कि छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

# राज्य संग्रहालय ने किया विश्वविद्यालय स्तरीय कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य संग्रहालय लखनऊ संस्कृत विभाग ने विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवंबर के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तरीय कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ़ आर्ट, गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर एजुकेशन, ललित कला अकादमी, टेक्नो ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों द्वारा एक्रेलिक रंगों के माध्यम से कैनवास पर प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को तूलिका के माध्यम से उकेरा गया जिसमें भारत के धरोहर स्थलों के केंद्र विन्दु के रूप में स्थापित आगरा का किला, रूमी दरवाजा, अशोक स्तंभ शीर्षक, कुतुब मीनार, कोणार्क मंदिर, इंडिया गेट एवं सांची स्तूप के अतिरिक्त लोटस टेंपल, कथकली नृत्य एवं अन्य मूर्त एवं अमूर्त कलाओं को अभिव्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉव विनय कुमार सिंह निदेशक राज्य संग्रहालय, संजय कुमार परवेज खान सुरेश कुमार रावत अमरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# युवा उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग सक्रिय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वावलंबन व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित विपणन विकास सहायता एससीएसपी योजना के अंतर्गत विकास खण्ड बक्शी का तालाब स्थित महर्षि इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय आईआईएम रोड, सीतापुर बाईपास मिटौली चुंगी लखनऊ में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप उद्योग आयुक्त मनोज कुमार चौरसिया उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ इंडिया के जिला अग्रणी प्रबन्धक मनीष पाठक द्वारा की गई। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गिरीश प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्रवक्ता सपन अस्थाना तथा जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यालय से कताई पर्यवेक्षक सतीश चन्द्र गुप्ता एवं कनिष्ठ सहायक हेमन्त कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# नई श्रम संहिताये लागू होने से श्रमिकों और सेवायोजकों को मिलेगा लाभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारत सरकार ने देश में श्रमिक कल्याण और औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए 29 पुराने श्रम कानूनों के स्थान पर 4 नई श्रम संहिताएँ लागू कर दी हैं। ये संहिताएँ 21 नवम्बर से प्रभावी हो गई हैं। इनमें मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएँ संहिता 2020 शामिल हैं।नई संहिताओं के अंतर्गत श्रमिकों के लिए न्यूनतम एवं समय पर वेतन, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, ओवरटाइम पर दुगुना भुगतान तथा फ्लोर वेज व्यवस्था लागू होगी, जिससे राज्यों के बीच मजदूरी दरों के अंतर को कम करने में सहायता मिलेगी।

महिला श्रमिकों को समान अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। अब उन्हें सुरक्षा करते हुए रात्रि पाली में कार्य करने की अनुमति होगी। 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश, शिशु पालन केंद्र की सुविधा तथा स्वास्थ्य बीमा जैसे लाभ भी दिए जाएंगे। फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को एक वर्ष की सेवा के बाद ग्रेच्युटी का अधिकार मिलेगा तथा सभी श्रमिकों को छुट्टियों सहित चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे। 40 वर्ष से अधिक आयु वाले श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच भी अनिवार्य की गई है।गैर-संगठित क्षेत्र के 40 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स भी पीएफ, ईएसआईसी व बीमा की सुविधाओं के दायरे में आएंगे।सेवायोजकों की सुविधा के लिए एकल पंजीकरण, एकल लाइसेंस और एकल रिटर्न की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे अनुपालन प्रक्रिया सरल और सुगम होगी।प्रदेश श्रम विभाग के अनुसार नई संहिताओं से श्रम संबंधों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# सरदार पटेल जयंती पर एकता पदयात्रा, अपर्णा बिष्ट यादव ने विपक्ष पर बोला हमला

जन एक्सप्रेस | अमेठी



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को अमेठी में भव्य एकता पदयात्रा आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री अपर्णा बिष्ट यादव रहीं। उन्होंने पदयात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी सहित विपक्ष पर तीखे प्रहार किए।और कहा कि विपक्ष विकास के मुद्दों से भटककर जनता को गुमराह करने की राजनीति में लगा है। अपर्णा बिष्ट यादव ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता का मार्ग दिखाता है।उन्होंने कहा, ÷मोदी और योगी सरकार राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए विकास को नई दिशा दे रही है। अमेठी आज विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। पदयात्रा में जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में सौहार्द, भाईचारा और एकता की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एकता के इस संदेश को हर घर तक पहुँचाएँ। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता, मंडल व बूथ पदाधिकारी बड़ी संख्या में पदयात्रा में जुटे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। पदयात्रा की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और देशभक्ति गीतों के साथ हुई। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी बड़ी संख्या में यात्रा में हिस्सा लिया। पूरे मार्ग पर **राष्ट्र एक, अखंड भारत** के नारे गूंजते रहे। यात्रा का समापन सामूहिक शपथ के साथ हुआ। जिसमें सभी ने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। भाजपा जिला प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा रामलीला मैदान अमेठी से शुरू होकर अंबेडकर तिराहा एवं गांधी चौक से होते हुए स्टेशन तिराहा से पुनः रामलीला मैदान में संपन्न हुई।और रामलीला मैदान पर सभा का आयोजन हुआ जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### बारात से वापस लौट रहे सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**अमेठी।** कोतवाली अमेठी क्षेत्र के थौरा गांव के पास बीती रात भीषण सड़क हादसे में बुलेट सवार फौजी समेत तीन युवकों की मौत हो गई। बारात से लौट रहे तीनों युवक थौरा गांव के पास पहुँचे ही थे कि सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक मौके पर ही दम तोड़ गए।महराजपुर निवासी हीरा लाल कोरी के घर से पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव बारात गई थी। उसी बारात में शामिल होने महाराजपुर निवासी उत्कर्ष सिंह उर्फ टिंकू 40 वर्ष फौजी पुत्र शेर बहादुर सिंह,बजरंग सिंह 35 वर्ष, पुत्र अमर बहादुर सिंह,अंशु सिंह 28 वर्ष पुत्र बैजनाथ सिंह गए हुए थे। देर रात तीनों बुलेट से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे थौरा गांव के पास पहुँचे, सामने से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर एनसीसी कैडेटों ने गाया वंदे मातरम

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी कैडेटों ने वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को बटालियन के निर्देशन में एन सी सी कैडेटों ने परेड के दौरान सामूहिक वन्दे मातरम गीत गाया गया। वंदेमातरम के सामूहिक गान से सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर गुंजायमान हो गया। जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में वन्दे मातरम गीत के सामूहिक गान का आयोजन किया गया। कैडेटों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित आयोजन मुख्य उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, इन आयोजनों का लक्ष्य गीत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को उजागर करना और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसकी प्रेरणादायक भूमिका को याद करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गीत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करने के लिए है, जो लाखों भारतीयों के लिए एक प्रेरणादायक प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अंडर ऑफिसर मुकेश कुमार, अनूप सिंह सहित महाविद्यालय के सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद की मांग को उड्डयन मंत्री ने किया स्वीकार

## श्रावस्ती एयरपोर्ट से देश के विभिन्न स्थानों के लिए जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

जन एक्सप्रेस | श्रावस्ती



जनपद श्रावस्ती में नवनिर्मित एयरपोर्ट से देश के विभिन्न स्थानों के लिए हवाई सुविधा थी उपलब्ध हो जाएंगी।

जानकारी के अनुसार श्रावस्ती लोकसभा से पूर्व सांसद वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने श्रावस्ती एअरपोर्ट से विमानों के परिचालन के सम्बन्ध में पिछले दिनों नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापू राम मोहन नायडू से मुलाकात की थी। उन्होंने एक मांग पत्र देकर श्रावस्ती एयरपोर्ट से श्रावस्ती मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, प्रयागराज तथा गया आदि प्रमुख स्थानों के लिए विमानों के परिचालन को प्रारंभ किए जाने की मांग की थी। निवर्तमान सांसद की मांग को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है और इस बावत आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को केन्द्रीय मंत्री ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री को सौंपे गए पत्र में पूर्व सांसद ने कहा था कि जब तक एयरपोर्ट अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित नहीं हो जाता है तब तक श्रावस्ती एयरपोर्ट से प्रमुख स्थानों के विमानों का परिचालन शुरू कराया जाए, जिससे महत्वपूर्ण स्थानों से पर्यटकों एवं धर्मावलम्बियों का आवागमन बढ़ेगा। इससे बलरामपुर व श्रावस्ती जैसे जनपद में उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा दोनों जनपदों से यात्रियों को हवाई सेवा का भी लाभ मिलेगा। इसी क्रम में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र को संबोधित एक पत्र में केन्द्रीय उड्यन मंत्री राम मोहन नायडू ने जानकारी दी है कि उनके द्वारा श्रावस्ती से मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, प्रयागराज व गया आदि स्थानों के लिए विमानों के परिचालन प्रारंभ कराने का अनुरोध किया गया था। जिसे अमल में लाते हुए विमानों के परिचालन सम्बन्धी निर्देश अधिकारियों को जारी कर दिया गया है। जल्द ही अब श्रावस्ती एयरपोर्ट से देश के प्रमुख स्थानों के लिए विमान सुविधाएं लोगों को मिलनी शुरू हो जाएंगी। इसके लिए बलरामपुर व श्रावस्ती के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नागरकि उड्यन मंत्री व पूर्व सांसद का आभार जताया है।

### थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें,

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक शनिवार को थाना गौरीगंज पहुंचे।और थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना।सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण,पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करना है,ताकि जनता को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।एवं शिकायतकर्ता को त्वरित राहत मिल सके।इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में तथ्यात्मक जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा निखारने का प्रयास

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल में शनिवार को हिंदी तथा अंग्रेजी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को नगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी माध्यम डिवाइन पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेज़ी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके बौद्धिक, रचनात्मक तथा नैतिक विकास के लिए नियमित रूप से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विद्यालय परिवार का मानना है कि सुंदर और स्पष्ट हैंडराइटिंग बच्चों की एक महत्वपूर्ण कला है, जो न केवल पढ़ाई में सहायक होती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाती है। इसी उद्देश्य से विद्यालय के प्रबंधक श्री आशीष उपाध्याय के निर्देशन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था

सुबह से ही कक्षाओं में प्रतियोगिता को लेकर बच्चों का उत्साह चरम पर था। सभी विद्यार्थी अपनी सर्वश्रेष्ठ हैंडराइटिंग प्रस्तुत करने के लिए पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हुए। जजों ने बच्चों की लिखावट, साफ-सफाई, प्रस्तुति और विषय की शुद्धता के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बताया कि डिवाइन पब्लिक स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों को प्रतियोगी माहौल देने के लिए हमेशा अग्रसर रहता है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती हैं। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण और सर्वश्रेष्ठ विकास करना है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों में अनन्या गुप्ता, लकी जायसवाल, अनय गौतम, सांची गुप्ता, महक कुरैशी, श्रेष्ठ सहाय, आकांक्षा, आदित्य नारायण, तेजस्विनी गुप्ता, वैष्णवी चौरसिया, आस्था तिवारी, आराध्या, कीर्ति पटेल, सफल सिंह, कबीर दुबे, अरविंद यादव, शिवांश पांडे, अनय शुक्ला, सारा खान, अनुष्का सिंह, प्रज्ञान गुप्ता, आयुष जायसवाल, आर्य मिश्रा, वेदिका साहू, अजय यादव, लहर सिंह, अनय श्रीवास्तव, समर्थ गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, अंश मोदनवाल, आदित्य वर्मा, अतहर चौधरी और ओजस।

### सम्मान समारोह ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रमाणपत्र एवं उत्साहवर्धन शब्दों के साथ सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को निखारने में बेहद सहायक सिद्ध होती हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार कराने में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर एनटीपीसी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

**रायबरेली।** जो समाज या संस्था अपने पूर्वजों या वरिष्ठों को याद रखती है तथा उनके अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ती है वह शिखर तक पहुंच कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम होती है। उक्त विचार एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक तथा परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने एनटीपीसी के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त एनटीपीसी कर्मचारियों के लिए आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में व्यक्त किए।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि एनटीपीसी को शीर्ष तक पहुंचाने में सेवानिवृत्त कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह बात नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए कंपनी के लिए समर्पित भाव से अपना दायित्व निभाना है यही सेवानिवृत्त वरिष्ठों के प्रति वर्तमान पीढ़ी का सम्मान होगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एनटीपीसी ऊंचाहार की इस अद्वितीय पहल की सराहना करते हुए अपने अपने विचार और संस्मरण साझा किए।

# डीएम ने एसआईआर में अच्छा कार्य कर रहे बूथ लेवल अधिकारियों को पौध देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



शनिवार को डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा तहसील तुलसीपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्यों के संबंध में एसडीएम / ईआरओ एवं सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस पहले डीएम द्वारा तहसील सदर में विशेष पुनरीक्षण की समीक्षा एवं अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया था।

तहसील तुलसीपुर में बैठक में डीएम ने कहा कि एसआईआर कार्य में लगे सभी कार्मिकों के कार्यों की सतत निगरानी की जा रही हैं। सभी सुपरवाइजर, बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ निभाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बूथों पर मतदाताओं को गणना पपत्र नहीं मिला हैं, उन्हें अतिशीघ्र गणना पपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गणना पपत्र को भरे जाने में बीएलओ अपने बूथ के मतदाताओं का सहयोग करें। साथ ही भरे हुए गणना पपत्र यथाशीघ्र एकत्र किए जाएं तथा बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाए। उन्होंने एसडीएम को डिजिटाइजेशन कार्य में कम प्रगति वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने विधानसभा तुलसीपुर के अंतर्गत भाग संख्या 391, प्राथमिक पाठशाला की बीएलओ मीरा देवी एवं भाग संख्या 338 ,दीप नारायण डिग्री कॉलेज के बीएलओ अनवारूल हक को अच्छे कार्य पर पौध देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर उपस्थित रहें।

### विशेष परिवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग की कार्यवाही, दो को किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** विशेष प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी के आदेशानुसार, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एव उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 3 एवं चौकी प्रभारी सेमरी की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। संयुक्त टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानीगंज एवं सेमरी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 60 किग्रा0 लहन को मौके पर नष्ट किया गया तथा 48 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# तुलसीपुर चीनी मिल में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में शनिवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार के अगुवाई में तुलसीपुर चीनी मिल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन मे सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार व उनकी टीम द्वारा तुलसीपुर शुगर मिल में गन्ने की ढुलाई में लगी वाहनो को चेक किया गया।

वाहन चालको को रिफ्लेक्टिव टेप वाहनो के पीछे अनिवार्य रूप से लगाये जाने हेतु जागरूक किया गया जिससे जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। इस अभियान में कुल 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाये गए तथा 01 वाहन का चालान किया गया। शुगर मिल पर उपस्थित वाहन चालकों को कोहरे के दौरान वाहनो में फ़ाग लाइट लगवाने तथा स्पीड लिमिट पर वाहन संचालित करने हेतु और ओवरलोड वाहनो का संचालन नही करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के नियमों एवं मिशन शक्ति के तहत उपस्थित आम जनमानस के मध्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । इस आयोजन में चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों के अतिरिक्त चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले आम जनमानस एवं व्यावसायिक वाहन के चालकों परिचालकों को जागरूक किया गया।

# राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए मॉडर्न इंटर कॉलेज का छात्र चयनित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के मॉडर्न इंटर कॉलेज के छात्र गगन मिश्रा का चयन राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालई शतरंज प्रतियोगिता अगरतला त्रिपुरा के लिए किया गया है।

जानकारी के अनुसार स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित माध्यमिक स्कूल गेम्स के तहत जनपद के मॉडर्न इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र गगन मिश्रा का चयन त्रिपुरा राज्य के अगरतला में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर के कक्षा 11 के छात्र गगन मिश्रा के राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, जिला क्रीड़ा सचिव मो सुहेल, जिला क्रीड़ा कोष प्रभारी कुमेश सरोज, प्रधानाचार्य अशोक पांडेय,राकेश प्रताप सिंह, हेमंत कुमार तिवारी, साधना पांडे, व्यायाम शिक्षक पंकज पांडे, अर्पण पांडेय, साईद अहमद, मदन लाल, अभय शंकर, नवीन पाल सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी है। बताते चलें कि छात्र गगन मिश्रा ने अक्टूबर में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता अलीगढ़ में खेलकर अपने सभी ग्रुप मैच जीतकर बेहतरीन रैंकिंग हासिल की थी चूंकि टीम गेम में देवीपाटन मंडल के अंक कम होने के वजह से तत्काल राष्ट्रीय स्तर के चयन की घोषणा नहीं हुई थी लेकिन रैंकिंग बेहतर होने के कारण राष्ट्रीय स्तर के इस खेल में चयन हुआ है।

बालक राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता अगरतला में राज्य क्रीड़ा संस्थान द्वारा निर्धारित कोच प्रबंधक की देखरेख में प्रतिभाग करेगा, जिसका समस्त व्यय माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। गगन ने जनपदीय प्रतियोगिता उतरौला में, मंडलीय प्रतियोगिता जगतजीत इंटर कालेज इकौना श्रावस्ती में और प्रदेशीय प्रतियोगिता अलीगढ़ में खेलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

### डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना सलोन पहुँचे और आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायतें व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

## सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन्फैंट वेइंग मशीन, इन्फेंटोमीटर सहित सभी आवश्यक पोषण उपकरण उपलब्ध हों: डीएम



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, बाल-मैत्रिक शौचालय निर्माण, हॉट-कुक्ड फूड व्यवस्था, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा अति-कुपोषित/कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं सुधार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन्फैंट वेइंग मशीन, इन्फेंटोमीटर एवं अन्य पोषण उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। इसके लिए पंचायत निधि से खरीद सुनिश्चित कराने को कहा तथा इसके लिए ग्राम प्रधानों को विशेष अपील पत्र उनके द्वारा भेजा जाएगा। उन्होंने वीएचएसएनडी सत्रों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और सभी क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए, ताकि पोषण संबंधी गतिविधियों की प्रभावी निगरानी और कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। डीएम ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी , जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त सीडीपीओ व ऑनलाइन रूप से समस्त खंड विकास अधिकारी जुड़े रहें।

# थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

बलरामपुर- शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के महाराजगंज तराई थाना पर आआयोजित समाधान दिवस में डीएम विपिन कुमार जैन और एसपी विकास कुमार ने स्वयं पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। इस दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही समझौता कराया गया। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर त्वरित कारवाही की जाए। इस दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सामूहिक विवाह में शादी की जंजीरों से जकड़े नौ मुस्लिम जोड़े

- वर वधू पक्ष केवल मनायेगा खुशियां क्यो कि योगी सरकार कन्याओं की शादी कराने का बीणा उठाया
- 484 जोड़े बने दम्पत्ति अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने नये जीवन में प्रवेश करने की दी बधाई



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज सीतापुर में सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, मा0 नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 484 जोड़े शामिल हुये, जिसमें ऐलिया के 14, बेहटा के 19, बिसवां के 58, गोंदलामऊ के 39, हरगांव के 30, कसमण्डा के 24, खैराबाद के 27, लहरपुर के 09, मछरेहटा के 35, महमूदाबाद के 56, महोली के 06, पहला के 26, परसेण्डी के 18, रामपुरमथुरा के 08, रेउसा के 10, सकरन के 28, सिधौली के 45, खैराबाद नगर निकाय के 07, मिश्रिख नगर निकाय के 01, महोली नगर निकाय के 13, सीतापुर नगर निकाय के 06, सिधौली नगर निकाय के 02 तथा बिसवां नगर निकाय के 03 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर 09 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें रूकसाना, रूकसार, तरन्नुम, मन्तशा, मेहर जहां, रूबीना, सैबा, शहनाज बानों तथा अयाशा शामिल हैं। सभी अतिथियों द्वारा जोड़ो को आशीर्वाद देते हुये बधाई भी दी।

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि गरीब परिवार के घर जब कन्याओं का जन्म होता है तो उस परिवार पर क्या बीतती है, उसका पूरा जीवन उसके विवाह की तैयारियों में ही व्यतीत हो जाता है। कन्या के विवाह के लिये परिवार यो तो खेत बेचता है या गहने गिरवी रखता है। इन्हीं सभी समस्याओं को देखते हुये मुख्यमंत्री जी ने यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की है, जिससे गरीब परिवारों को इसका लाभ मिले और उनकी परेशानियां कम हों और यह बहुत ही बड़ा सौभाग्य है कि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का विवाह एक साथ एक ही स्थान सम्पन्न हो रहा है। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत उक्त विवरण के अनुसार सम्मिलित जोड़ो को धनराशि रू0 25000- की उपचार सामग्री का वितरण किया गया तथा कन्या के खाते में रू0 60000-प्रति जोड़े की दर से स्थानान्तरित की जायेगी तथा आयोजन हेतु प्रति जोड़ा रू0 15000 की दर से व्यय करते हुये प्रति जोड़े पर धनराशि रू0 100000-व्यय होगा। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व विवादों में मौके पर टीम जाकर करेगी निस्तारण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना पिसावां में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिसावां सीएचसी पर गिरी कार्यवाही की गाज

- चीफफार्मासिस्ट से स्टपष्टीकरण, नर्स को लगी फटकार फैमिली काउंसलर के नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, औषधि कक्ष, के0एम0सी0, टी0बी0 यूनिट कक्ष, ड्यूटी कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने बी0पी0एम0 एवं बी0सी0पी0एम0 को व्यवस्थाएं सुधारने तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चीफ फार्मासिस्ट दयाशंकर को स्पष्टीकरण जारी के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। लापरवाही पर स्टाफ नर्स रेनू देवी को कड़ी फटकार लगायी तथा फैमिली काउंसलर रामखुशी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर नियमित डाटा अद्यतन कराया जाये। शतप्रतिशत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि ई-कवच पोर्टल की नियमित डाटा फीडिंग की जाये। सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों का विवरण अवश्य प्रदर्शित किया जाये। रिफर किये गये मरीजों का रजिस्टर अद्यतन रखा जाये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जन्म प्रमाण-पत्र की आई0डी0 डिलीवरी रजिस्टर अवश्य दर्ज की जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया।

उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये।

समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

# प्राइवेट अस्पतालों के लिये दलाली करने वाली 46 आशाओं की नौकरी पर छाये संकट के बादल

- सरकारी अस्पतालो के बजाय प्राइवेट अस्पतालों में कमीशन लेकर करवा रही थी डिलेवरी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



पिदले काफी समय से आशाएं चर्चाओं से घिरी हुई थी। आशाओं की तैनाती तो शासन की तरफ से हुई थी लेकिन वह कार्य प्राइवेट अस्पतालों की एजेन्ट बनकर कर रही थी इसके बदले में प्राइवेट अस्पताल आशाओं को भारी भरकम कमीशन देता है। कमीशन के सामने कुछ आशाएं अपनी सीमाओं को पार करते हुए सभी डिलेवरी केस प्राइवेट अस्पताल को देने लगी और उनका मानक क्या है पैसो के चक्कर में आशाएं यह भी भूल गई। जब कागजों पर उनकी लापरवाही झलकने लगी और कई बार ऐसी आशओ को सुधार लाने की चेतावनी दी गई लेकिन वह अपने कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का कोई सुधार नही ला सकी। इस मामले की जानाकरी जिलाधिकारी को दी गई। महीनों गुजर गये आशाएं अस्पताल में डिलेवरी का केस ही नही दिया जिससे जिलाधिकारी दस्तावेजों को देखकर काफी नाराज हुए और उन्होने करीब 46 आशाओं को अंतिम चेतावनी देते हुए उनकी सेवा समाप्त करने आदेश पारित कर दिया। दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ो के जरिये जिम्मेदार अफसर को यह तय करने में देर नही लगी कि कौन कौन आशाएं अपनी सीमाओं को लाघते हुए अपने कार्यो में लापरवाही बरती है। गौरतलब हो कि जिले के सात ब्लॉकों की 46 आशाओं की सेवाएं समाप्त हो सकती हैं। सीएमओ ने इन्हें अंतिम नोटिस दिया है। काम में सुधार न होने पर सेवाएं समाप्त करने की चेतावनी दी है। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी कही जाने वाली आशा कार्यकर्ता अपने काम में लापरवाही बरत रही हैं। इन आशाओं की लापरवाही की शिकायत जिला स्वास्थ्य शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी के सामने आई थीं।इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सीएमओ को इनके काम की समीक्षा करने के निर्देश दिए थे। समीक्षा में उजागर हुआ कि 46 आशाएं लापरवाही बरत रही हैं। इन्होंने अप्रैल से अक्तूबर माह तक एक भी प्रसव राजकीय अस्पतालों में नहीं कराया है। जबकि ये आशाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है कि वह प्रसूताओं को समय से इलाज दिलवाकर इनका सरकारी अस्पताल में प्रसव कराएं।इसके बाद सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने इन्हें अंतिम चेतावनी दी है। इसके जरिये कहा कि अगर काम में तत्काल सुधार नहीं किया जाता है तो सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इसमें सबसे अधिक 22 आशाएं रेउसा विकासखंड की हैं। इसके अलावा एलिया, गोंदलामऊ, महमूदाबाद, खैराबाद, कसमंडा, मछरेहटा व सकरन की आशाएं भी शामिल हैं।

### महिला अस्पताल तो पहले से ही आशाओं पर कर रहा निगरानी


कुछ आशाएं ऐसी भी है जो खुद के डिलेवरी केस प्राइवेट अस्पताल में करवाती है और महिला अस्तपाल आकर प्रसूताओं के परिजनों को गुमराह करती है कि महिला अस्तपाल में सरकारी सेवाएं है जिससे मरीज जान जा सकती है इस तरह की पता नही कितनी बाते कहकर तीमारदार को गुमराह कर देती है और प्रसूता का आपरेशन करने की फिराक में बैठे प्राइवेट अस्पताल के डाक्टर जैसी ही प्रसूता निजी अस्पताल पहुंची आपरेशन की तैयारी कर ली जाती है। वहां भी जच्चा बच्चा की जान का खतरा बताकर भारी भरकम धनराशि लेकर साधारण होने वाली डिलेवरी को भी आपरेशन में बदल देते है। जिला अस्तपाल अस्पताल की तत्कालीन सीएमएस सुषमा कर्णवाल को इसकी जानकारी हुई थी तो उन्होने आशाओं के आने पर सख्ती करदी थी। कार्य होने पर ही आशा को अस्पताल आने की इजाजत दी गई थी तब से यह उसी प्रकार से सिस्टम चल रहा है इसके बाद भी कुछ आशाए आकर प्रसूता के परिजनो को गुमराह कर प्रसूता को प्राइवेट अस्पताल ले जाने में कामयाब हो जाती है।

### अधिकांश निजी अस्पतालों में न सर्जन और न बेहोशी के डॉक्टर

सीएमओ कार्यालय में जमा दस्तावेजों में सब कुछ ठीक ठाक भले ही क्यो न हो लेकन जमीनी हकीकत में अधिकांश प्राइवेट अस्पताल में सर्जन और बेहोशी वाले डाक्टर का अभाव है। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर के आने से कुछ निजी अस्पताल के संचालक इतना डरे है कि वह आपरेशन के केस नही ले रहे है लेकर जो पकड़वाले निजी अस्पताल के आंनर है वह आज भी झोलाछाप डाक्टरों से आपरेशन करवा रहे है ऐसा मामला रेउसा और रामपुर मथुरा इलाके में सामने आया और ऐसे डाक्टरों पर केस भी हुए है। कुछ अस्पताल तो एकदम फर्जी पाये गये जिसमें अब एम संदना में एक ऐसा प्राइवेट फर्जी प्राइवेट अस्पताल पकड़ा जा चुका है।

# तकनीकी संस्थान के कश्मीरी शोधार्थी एजेंसियों के रडार पर

## 15 दिन से संदिग्ध हालात में लापता



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज अंसारी के कनेक्शन की तलाश कर रही जांच एजेंसियों के रडार पर कानपुर के एक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान का पीएचडी छात्र आ गया है। यह कश्मीरी मूल का है और पिछले 15 दिनों से संदिग्ध हालात में लापता है। संस्थान के अधिकारियों ने उसकी जानकारी से इन्कार कर दिया है। शुक्रवार को जांच एजेंसियों और खुफिया की टीम ने संस्थान में पहुंचकर जांच की है।

शासन के निर्देश पर शैक्षणिक संस्थानों में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्रों का सत्यापन किया गया। इसकी चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। एक निजी संस्थान और तकनीकी संस्थान का शोधार्थी छात्र लापता है। निजी संस्थान का छात्र अधिकारियों को बताकर छुट्टी पर घर गया है, जबकि तकनीकी संस्थान के अधिकारियों को छात्र के बारे में पता नहीं है।

छात्र ने 2019 में इस संस्थान में दाखिला लिया था और पीएचडी कर रहा है।

### संस्थान प्रशासन से शोधार्थी की डिटेल जुटाई

सूत्रों के मुताबिक उसके इस तरह से लापता होने की वजह से जांच एजेंसियों की निगाह में चढ़ गया है। डॉ. शाहीन के साथ अब तक पढ़े लिखे लोगों के जुड़े होने से शक की सुई उस पर भी घूम रही है। पुलिस के साथ जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने संस्थान प्रशासन से शोधार्थी की डिटेल जुटाई है। संस्थान के कैंपस में जांच एजेंसी के पहुंचने से दिन भर तरह तरह की चर्चाएं रहीं।

## सुनने में अक्षम लोग अब चश्मे पर पढ़ सकेंगे दूसरे की बात

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में अब बधिर लोग भी दूसरे की बातों को आसानी से समझ सकेंगे। साथ ही रोजमर्रा के जीवन में बहरेपन की वजह से आने वाली परेशानियों को भी दूर किया जा सकेगा।

पीएसआईटी संस्थान के बीटेक छात्रों ने जिन्होंने ऐसे चश्मे को तैयार किया है, जो सामने वाले व्यक्ति की बातों को चश्मे में टेक्सट फार्मेट में तब्दील कर देगा। जिसे पढ़कर बधिर व्यक्ति उसका उत्तर दे सकेंगे। पीएसआईटी के बीटेक कंप्यूटर साइंस के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों के स्टार्टअप वोक्सलेंस सुन न पाने वाले लोगों के लिए वरदान साबित हो सकता है। टीम में शामिल प्रज्ञा, अनन्वय, त्रिशा, विशॉय, अनुराग, अनंत और आकर्ष ने बताया कि चश्में में एक डिस्प्ले लगा हुआ है, जिसमें सामान्य व्यक्ति जो बात कर रहा है। उसकी स्पीच को टेक्स्ट फार्म मेंबदल देता है। चश्मे में दूसरी तरफ दो कैमरा मॉड्यूल भी लगा हुआ है। जिसकी मदद से अगर तीन से चार लोग बात कर रहे हैं तो वह स्पीच के रंग को बदल देगा, जिससे यह पता चल जाएगा कि कौन से व्यक्ति ने क्या बोला है। चश्मे में कॉन्वेक्स लेंस का प्रयोग किया गया है, जो स्पीच का डिस्प्ले दूर से करेगा और प्रिज्म पर डिप्ले दिखेगा, ताकि बधिर व्यक्ति को पढ़ने में आसानी हो।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वरिष्ठ भाजपा नेता के भाई को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में निजी कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अरुण पाठक के भाई के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम सब पुष्पांजलि अर्पित करने आए थे। यह हमारे परिवार के लिए एक अपूर्ण क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पारदर्शिता को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि देखिए, कोई दिक्कत नहीं है। पारदर्शिता पूर्ण सूची बने यह हर नागरिक का दायित्व और कर्तव्य है। भारत निर्वाचन आयोग भी इसी दिशा में लगातार काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार और प्रशासन दोनों ही पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, ताकि जनता का भरोसा और मजबूत हो सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाइक सवार महिला को ट्रक ने कुचला

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। लहरुपर कोतवाली थाना क्षेत्र में नबीनगर शिवाला के सिंघाड़े से लदे ई रिक्शे से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार महिला के पैरों को एक ट्रक कुचलते हुए निकल गया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।भवानीपुर गांव निवासी हरीश (40), छोटकन (50) व ढठेरीटोला निवासी उषा देवी (40) लहरपुर की तरफ जा रहे थे। सामने से सिंघाड़े से लदा ई रिक्शा आ रहा था। बाइक ई रिक्शे पर लदी बोरियों से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया उषा देवी के पैरों को कुचलते हुए निकल गया। हादसे में घायल तीनों लोगों को सीएचसी लाया गया। वहां से ऊषा देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि बाइक चालक के पास से हेलमेट नहीं मिला है। ट्रक की तलाश की जा रही है।

### मिश्रित में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान,

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। मिश्रित। नगर क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा और नगरपालिका म्व् के नेतृत्व में टीम ने मिश्रित के नहर चैराहा और अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।कार्रवाई के दौरान सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध निर्माण एवं कब्जों को हटवाया गया। अभियान के दौरान नगरपालिका के कर्मचारी,

जेसीबी मशीन एवं पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे किसी प्रकार बाधा न उत्पन्न हो सके।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि नगर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा न कर सके।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए कहा कि अतिक्रमण हटने से आवागमन में सुगमता आई है और जाम की समस्या में राहत मिली है।

### 25 नवम्बर को बंद रहेगा न्याधिकरण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मुहम्मद गुलाम उल मदार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ दिनांक 20 नवम्बर 2025 की विज्ञप्ति दिनांक 17 दिसम्बर 2024 द्वारा वर्ष 2025 के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसके प्रस्तर-2 (पप) निर्बन्धित अवकाशों की सूची के क्रमांक 2 पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस को दिनांक 24 नवम्बर 2025 को अवकाशों की सूची में रखा गया है।

शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त दिनांक 24-11-2025 को घोषित अवकाश के स्थान पर दिनांक 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त शासनादेश के तहत मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में दिनांक 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार को न्यायाधिकरण बंद रहेगा।दिनांक 25-11-2025 को न्यायाधिकरण में नियत वादों हेतु सामान्य तिथियां दिनांक 11-01-2026, 13-01-2026 एवं 16-01-2026 नियत की जाती हैं।

# जॉबकार्ड वितरित न हुए तो बिसवां ब्लौक पर मजदूर डालेंगे डेरा

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



बिसवां। बिसवां ब्लाक मे आज आईपीएफ और जागरूक नागरिक मंच के बैनर तले 718 मनरेगा मजदूर जुटे और अक्टूबर मे जाब कार्ड के जमा फार्मो के जाब कार्ड देने की आवाज बुलंद की। मजदूरो का नेतृत्व सुनीला रावत, रोशनी गुप्त, कांशीराम भार्गव ने किया । ब्लाक के एपीओ नितिन गुप्त ने तत्काल जाब कार्ड निर्माण के लिए कैम्प लगाया 59 ग्राम सभाओ के जाब कार्ड वितरित किये। सुनीला रावत ने बताया कौरासा ग्राम पंचायत के 33 जाब कार्ड, रेवा ग्राम पंचायत के 31 जाब कार्ड, गेरूहा माफी ग्राम पंचायत के 34 जाब कार्ड, गुरेरा ग्राम पंचायत के 38 जाब कार्ड, बेलवा बहादुरपुर ग्राम पंचायत के 38, रेवा ग्राम पंचायत के 14 जाब कार्ड, भगवानपुर माफी ग्राम पंचायत के 08 जाब कार्ड, सलेमपुर ग्राम पंचायत के 14 जाब कार्ड, कैमहरा खुर्द ग्राम पंचायत के 19 जाब कार्ड, तेंदुआ ग्राम पंचायत के 35 जाब कार्ड, सिरसा कला ग्राम पंचायत के 16 जाब कार्ड, भोइला ग्राम पंचायत के 24 जाब कार्ड, भीरा ग्राम पंचायत के 25 जाब कार्ड, हैबतपुर ग्राम पंचायत के 14 जाब कार्ड, सरैयां मिर्जापुर ग्राम पंचायत के 21 जाब कार्ड, मोहिउद्दीन पुर के 42 जाब कार्ड सहित सभी ग्राम सभाओ के 488 जाब कार्ड बने शेष ग्राम सभाओ के जाब कार्ड एक सप्ताह मे ब्लाक मे फिर शिविर लगाकर जाब कार्ड बनाने का वायदा एपीओ नितिन गुप्त ने किया। रोशनी गुप्ता ने बताया की शेष जाब कार्ड शीघ्र वितरित न हुए तो पुन ब्लाक बिसवां मे सैकड़ो मजदूर डेरा डालेंगे।

इस अवसर पर काशींराम भार्गव ने कहा हर माह की 01 तारीख को सभी मनरेगा मजदूर ब्लाक पर आकर कार्य आवेदन जमा करेंगे, एक दिसम्बर को बिसवां ब्लाक की 59 ग्राम सभाओ के कार्य आवेदन जमा कर पूरे 100 दिन के काम की मांग करेंगे । सुनीला रावत ने बताया की बिसवां विधान सभा क्षेत्र के सकरन ब्लाक और कसमंडा ब्लाक मे जाब कार्ड को लेकर दिसम्बर के पहले सप्ताह मे ब्लाको पर मजदूर इक्कठा होगे और जाब कार्ड की मांग करेंगे तथा कार्य आवेदन भी जमा करेंगे।

### समाधान दिवस पर थाने में नहीं पहुंचे लेखपाल, मायूस लौटे फरियादी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिला अधिकारी डॉ राजागणपति आर प्रति दिन कहीं न कहीं जिले में जांच करते हैं और समय से आफिस में पहुंच कर फरियादियों की फरियाद भी सुनते हैं। लेकिन फिर भी कुछ अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। ऐसा ही एक मामला थाना इमलिया सुल्तानपुर से सामने आया। थाना समाधान दिवस थाने में महिने में दो बार मनाया जाता है दूसरे और चैथे शनिवार को होता है। फिर भी कुछ अधिकारी समय से पहुंच जाते हैं लेकिन कुछ अधिकारियों को इसका कोई असर नहीं पड़ता। इमलिया सुल्तानपुर थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार समय से पहुंचे लेकिन क्षेत्रीय लेखापालों को समय का कोई ख्याल नहीं। लेखपालों की कुर्सी खाली पड़ी उनका इंतजार करतीं रहीं। फरियादी अपनी समस्या लेकर आयें क्षेत्रीय लेखपालों का इंतजार करते रहे, आखिरकार नहीं पहुंचे लेखपाल तो उदास होकर लौटे फरियादी, इस बीच प्रार्थी महेश कुमार निवासी शेरपुर ने बताया कि कई बार क्षेत्रीय लेखपाल के कार्यालय सीतापुर भी जा चुके हैं।

# शक्ति मिशन के उददेश्यों और सुरक्षा के प्रति महिलाओं को दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



शक्ति के उद्देश्यों बाबत जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। 1090 वूमेन पावर

रेउसा। विभागीय उच्चाधिकारियों व थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 व एंटी रोमियो के तहत जागरूकता अभियान 'के' क्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पाण्डेय,महिला कां0 शिल्पा विश्वकर्मा कां0 विक्की सागर द्वारा क्षेत्र के ग्राम भिठौली शिशु विद्या मंदिर में बालिकाओं व महिलाओं को मिशन हेल्पलाइन नंबर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 102 अन्य स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर, 101 फायर हेल्पलाइन नंबर, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में बताया गया।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान व योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, कौशल विकास योजना आदि व कुछ अन्य योजना जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना( 18 से 50 वर्ष की उम्र तक के किसी भी प्रकार की मृत्यु होने पर 2 लाख का बीमा कवर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (8 से 70 वर्ष की उम्र तक के सभी लोगों को 2 लाख का एक्सीडेंटल रिस्क कवर और अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों व उनसे सुरक्षा से भी अवगत कराया गया व उनकी समस्याओं के निवारण हेतु उपायों के बारे में बताया गया।साथ ही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों से अधिक बालिकाओं, महिलाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 54/2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं.1:-कार्य का विवरणः इज्जतनगर एवं बरेली जंक्शन एन.ई.आर. यार्ड में क्षतिग्रस्त सी.सी.एप्रोन की मरम्मत एवं टूटे स्लीपर को बदलना। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹1,46,99,828.84, बयाना राशि रूपयों में: ₹2,23,500/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 6 माह।
1. ई- निविदा दिनांक 15.12.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-344
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# दिल्ली को वैश्विक कूटनीति का केंद्र बनने से रोकने के लिए वायु प्रदूषण ने लगा रखा है पूरा जोर

**जब भारत की राजधानी में एक विदेशी मंत्री को भाषण रोकना पड़े, तो यह केवल स्वास्थ्य या मौसम का मुद्दा नहीं रह जाता, यह एक कूटनीतिक संदेश बन जाता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, निर्णायक मंचों और वैश्विक भागीदारों के लिए यह संकेत सुखद नहीं होता। यह प्रश्न उठता है कि भारत, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में वैश्विक भूमिका निभाना चाहता है, वह अपनी राजधानी को सांस लेने लायक बनाने में अब तक सफल क्यों नहीं हुआ। दिल्ली का प्रदूषण मौसम, भूगोल या स्थानीय व्यवहार का परिणाम भर नहीं है।**

*ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नई ऊँचाइयाँ देने और इंडो-पैसिफ़िक में रणनीतिक सहयोग को मज़बूत करने के उद्देश्य से दिल्ली पहुँची थीं। पर विडंबना यह रही कि जिस राष्ट्रीय राजधानी से साझेदारी की गूँज पूरी दुनिया तक पहुँचनी चाहिए थी, वही दिल्ली अपने प्रदूषण संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बन गई। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में वोंग को बार-बार खाँसते हुए अपना भाषण रोकना पड़ा और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह ÷यहाँ की हवा से जूझ रही हैं।÷ यह दृश्य भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग की प्रगाढ़ता की बजाय दिल्ली की हवा की भयावहता को वैश्विक सुर्खियों में ले गया। जिस मंच से रणनीतिक एकजुटता और साझा दृष्टि का संदेश दुनिया तक जाना था, वहाँ से अब भारत की राजधानी के प्रदूषण का अटकता-खँखारता संदेश दुनिया भर में गूँज रहा है– मानो कूटनीतिक संवाद को दिल्ली की धुंध ने निगल लिया हो। यह क्षण न सिर्फ़ पर्यावरणीय चुनौती को उजागर करता है बल्कि यह भी याद दिलाता है कि वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखने वाली किसी भी राजधानी को अपनी सांसों की गुणवत्ता के लिए भी जवाबदेह होना पड़ता है। हम आपको बता दें कि पेनी वोंग और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के संवाद में रक्षा सहयोग, साइबर सुरक्षा, सामुद्रिक साझेदारी, रणनीतिक तकनीक, विश्वविद्यालयों के बीच रिश्ते और अंतरिक्ष कार्यक्रम, ये सभी मुद्दे विस्तृत रूप से शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत के गगनयान मिशन को समर्थन और भविष्य में भारत से ऑस्ट्रेलियाई उपग्रह के प्रक्षेपण की योजना जैसे कदम इस रिश्ते को एक नयी ऊँचाई प्रदान करते हैं। देखा जाये तो इंडो-पैसिफ़िक में दोनों देश खुद को लोकतांत्रिक स्तंभ के रूप में स्थापित कर रहे हैं। दोनों देश ऐसे स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं जो चीन की अस्थिर आक्रामकता, समुद्री तनाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच स्थायित्व प्रदान करें। पेनी वोंग ने कहा भी कि भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी ÷पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक÷ हो चुकी है। लेकिन यह पूरा कूटनीतिक प्रयास एक अप्रत्याशित बाधा से टकरा गया यानि दिल्ली की हवा से। यह वह क्षण था जिसने दुनिया का ध्यान खींच लिया। सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान वोंग अपने भाषण का मात्र कुछ हिस्सा ही पढ़ पाईं। यह वाक्य भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के महत्व से अधिक दिल्ली की हवा के खतरों की पहचान बन गया। यह स्थिति केवल स्थानीय समस्या नहीं थी, यह विदेशी प्रतिनिधियों के सामने भारत की राजधानी की एक असहज तस्वीर पेश कर रही थी। दुनिया ने इस घटना को सिर्फ़ एक मंत्री की परेशानी के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे भारतीय महानगरों की पर्यावरणीय विफलताओं के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। जिस शहर से भारत और ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक साझेदारी का संदेश गूँजना चाहिए था, उस शहर से दुनिया तक हवा की जहरीली चेतावनी पहुँच गई। देखा जाये तो किसी देश की राजधानी उसके राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिनिधित्व करती है। जब विदेशी नेता वहाँ आते हैं, तो केवल नीतियाँ और वार्ताएँ ही नहीं देखते; वे बुनियादी निवास स्थितियों, शहरी कार्यक्षमता और जीवन स्तर का भी आकलन करते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि विशेष रूप से पंजाब, केरल, पश्चिमी बंगाल, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यदि समय पर इन राज्यों के आर्थिक ढांचे को सुधारने के प्रयास नहीं किया गए तो यह राज्य दिवालिया होने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, समय समय पर केंद्र सरकार द्वारा सहायता की राशि उपलब्ध कराकर कई राज्यों की वित्तीय कठिनाईयों को हल करने का प्रयास किया जाता है परंतु, केंद्र सरकार भी लम्बे समय तक यह कार्य नहीं कर सकती है क्योंकि अंततः इससे केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर भी दबाव बनता है।**

# बिहार विधानसभा चुनाव दे रहे हैं कुछ संकेत



प्रहलाद सबनानी

**विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा आगे बढ़कर इस सम्बंध में कुछ नियम जरूर बनाए जाने चाहिए।**

हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार राज्य की विधान सभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं एवं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। कुल 243 विधायकों में से एनडीए गठबंधन के 202 प्रत्याशी चुनाव जीत कर विधायक बन गए हैं। विधान सभा स्तर के किसी भी चुनाव में सामान्यतः राज्य स्तर की स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर ही राज्य के नागरिक अपना वोट देते हैं। परंतु, हाल ही के समय में कई राज्यों के चुनावों में स्थानीय नागरिकों के बीच यह प्रवृत्ति घर करती जा रही है कि जो राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दल उन्हें मुफ्त की आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत कर रिझाने का प्रयास करता है, उस दल को उस राज्य में अधिक सफलता मिलती हुई दिखाई दे रही है। इस प्रवृत्ति का स्पष्ट संकेत दिल्ली राज्य में वर्ष 2013 में सम्पन्न हुए राज्य विधानसभा के चुनावों में, केवल एक वर्ष पूर्व गठित नए दल, आम आदमी पार्टी के इस विधान सभा चुनाव में 28 सीटों की जीत पर दिखाई दिया था। उस समय आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थन से अपनी सरकार बनाई थी। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली निवासियों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का वायदा इन चुनावों के दौरान किया था, जिसे बाद में पूरा भी किया गया था। इसके बाद तो दिल्ली विधान सभा चुनाव में वर्ष 2025 तक आम आदमी पार्टी का ही लगभग पूर्ण कब्जा रहा, क्योंकि मुफ्त में प्रदान की जाने वाली इसी प्रकार की कुछ और घोषणाओं को भी आम आदमी पार्टी समय समय पर लागू करती रही और दिल्ली के पढ़े लिखे नागरिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रही। हालांकि, इस बीच दिल्ली की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती रही और दिल्ली का बचत का बजट घाटे के बजट में परिवर्तित हो गया था। इसके बाद तो लगभग प्रत्येक राज्य में इस प्रकार का दौर ही चल पड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के वादा, राज्य की प्रत्येक वयस्क महिला को 1500 रुपए देने का वादा एवं प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर वर्ष 2022 में सत्ता में आ गई। बाद में जब पुरानी पेंशन योजना को हिमाचल प्रदेश में लागू किया गया तो हिमाचल प्रदेश के पहिले से ही दबाव में चल रहे बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ा एवं राज्य की आर्थिक स्थिति लगभग पूर्णत डावांडोल हो गई है एवं राज्य को अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान करने एवं राज्य के सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है। इसी चलन को कायम रखते हुए हाल ही में सम्पन्न बिहार राज्य में भी विधान सभा चुनाव के समय श्री नीतीश कुमार की राज्य सरकार ने राज्य की 1.21 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए की राशि सीधे जमा करवाई है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की घोषणा 29 अगस्त 2025 को की गई थी एवं केवल एक माह के अंदर इस



**हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के वादा, राज्य की प्रत्येक वयस्क महिला को 1500 रुपए देने का वादा एवं प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर वर्ष 2022 में सत्ता में आ गई।**

योजना को लागू कर दिया गया तथा राज्य की महिलाओं के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित कर दी गई। हालांकि, राज्य में लागू की गई इस योजना को महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी पहल के रूप में देखा गया क्योंकि राज्य सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना एवं रोजगार के नए अवसर निर्मित करना था। ऐसा बताया गया है कि राज्य की कुछ महिलाओं ने इस राशि से अपनी छोटी छोटी उत्पादन इकाईयों को प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। राज्य के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि बिहार सरकार उन महिलाओं को रुपए 2 लाख तक की सहायता राशि उपलब्ध कराएगी जिनका व्यवसाय सफल रहेगा, इस छोटे निवेश से पूरा परिवार लाभान्वित होगा। बिहार राज्य में लगभग 1.40 करोड़ जीविका दीदियां स्व सहायता समूहों के माध्यम से सक्रिय हैं। आज देश के सबसे बड़े राज्यों में बिहार राज्य में गरीब वर्ग के नागरिकों की संख्या सबसे अधिक है एवं बिहार राज्य के नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से सबसे अधिक पलायन करते हुए दिखाई देते हैं। पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य की भी लगभग यही स्थिति थी, परंतु, हाल ही के समय में उत्तर प्रदेश राज्य में रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित हुए हैं जिससे इस राज्य में नागरिकों का रोजगार के लिए पलायन रुका है। यदि बिहार राज्य भी अपने नागरिकों का पलायन रोकने में सफल रहता है एवं अपने राज्य के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने में सफलता प्राप्त करता है तो यह देश के आर्थिक विकास को भी गति देने में सहायक होगा। परंतु, लाख टके का प्रश्न यह है कि क्या बिहार सरकार की आर्थिक स्थिति उक्त प्रकार की योजनाओं को चलाने की स्थिति में है? इसी प्रकार, मध्य प्रदेश राज्य भी लाड़ली बहिना योजना को लागू कर चुका है एवं इसी तर्ज पर हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, आदि राज्यों में भी नागरिकों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाएं प्रारम्भ की गई। तमिलनाडु में तो मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराने का पुराना इतिहास रहा है। कुछ राज्यों में तो टीवी, लैपटॉप, स्कूटी, साइकल, आदि जैसे महंगे उत्पाद भी चुनावों के समस्त राज्य के नागरिकों को मुफ्त में उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। विभिन्न राज्यों द्वारा यदि चुनाव जीतने के लिए राज्य के नागरिकों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का क्रम यदि जारी रहता है तो यह प्रचलन इन राज्यों एवं देश के लिए उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आज सब्सिडी, वेतन, पेन्शन एवं ब्याज जैसी मदों पर लगातार बढ़ रहे खर्चों के कारण 15 राज्यों का बजटीय घाटा कानूनी रूप से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हो गया है। हिमाचल प्रदेश में बजटीय घाटा बढ़कर 4.7 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 4.1 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 4.2 प्रतिशत एवं पंजाब में 3.8 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के कई राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च को घटाया है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च में 51 प्रतिशत तक की कमी की है। दिल्ली में 38 प्रतिशत, पंजाब में 40 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 41 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 33 प्रतिशत से पूंजीगत खर्चों में कमी दर्ज हुई है। आज कई राज्य सरकारें सब्सिडी प्रदान करने की मद पर अपने खर्चों को लगातार बढ़ा रहीं हैं एवं पूंजीगत खर्चों को लगातार घटा रही हैं, जो उचित नीति नहीं कही जा सकती है। इस प्रकार तो इन राज्यों की अर्थव्यवस्थाएं शीघ्र ही डूबने के कगार पर पहुंच जाने वाली हैं। अब यदि चुनाव जीतने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें क्या इसी तरह की योजनाओं को लागू करती रहेंगी।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 19:22 तक |
| नक्षत्रः | मूल 19:18 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | धृति, 12:04 तक |
| सूर्योदयः | 06:49 |
| सूर्यास्तः | 17:18 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 15:59-17:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:24 |

## जन एक्सप्रेस

### ना टिकट उपलब्ध !

*खूब चलाई ट्रेन पर ।*
*टिकट नहीं मिल पाया ।।*
*अजब बुकिंग का खेल है ।*
*मंत्रालय की माया ।।*
*माना बढ़ी भीड़ है ।*
*हुआ ना सुधार ।।*
*देखते व्यवस्था ये ।*
*कब लेती आकार ?*
*मारामारी अफरातफरी ।*
*है मचा चहुंओर ।।*
*ना टिकट उपलब्ध है ।*
*हर तरफ ये शोर ।।*
*ना खिड़की ना एजेंट ।*
*कहीं से बनता काम ।।*
*और भी हैं सारे ।*
*लें किस किस का नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स तेजी बढ़ा रहे भारत में गंभीर बीमारियां

**भारत** में मोटापा, डायबिटीज और दूसरे मेटाबॉलिक रोग जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंता की बात है। इन बीमारियों का एक बहुत बड़ा कारण खानपान की गड़बड़ी है। भारत में अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स की खपत को लेकर एक नया अध्ययन सामने आया है, जो हमें इसकी गंभीरता को बताता है। अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स ऐसे फूड्स होते हैं, जिन्हें बहुत ज्यादा प्रोसेसिंग के बाद तैयार किया जाता है, जिसके कारण इनमें पोषक तत्व तो होते नहीं, लेकिन स्वाद बढ़ाने और लंबी शेल्फ लाइफ देने के लिए इनमें बहुत सारे एडिटिव्स, प्रिजर्वेटिव्स, केमिकल्स आदि मिलाए जाते हैं। स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में की बिक्री भारत में कई गुना बढ़ी है, और इसके साथ-साथ आबादी में मोटापा, प्रीडायबिटीज और टाइप-2 डायबिटीज के मामले भी लगातार बढ़े हैं। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में अब कम उम्र में वजन बढ़ना, पेट की चर्बी और ब्लड शुगर, हाई ब्लड प्रेशर और कुपोषण जैसी समस्याएं आम बनती जा रही हैं, खासकर शहरी आबादी में। आइए समझते हैं आखिर क्या हैं और स्टडी में क्या सामने आया है। बाजार में



मिलने वाले कौन से फूड्स अल्ट्रा प्रॉसेस्ड हैं और कौन से नहीं, इन्हें इन संकेतों से आसानी से पहचाना जा सकता है। जो फूड्स देखने में खूबसूरत और खाने में स्वादिष्ट लगे लेकिन नेचुरल न हो। दरअसल इन फूड्स में रंगों और स्वाद बढ़ाने वाले एडिटिव्स का इस्तेमाल होता है। ये फूड्स तैयार तो नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से किए जाते हैं, लेकिन इन्हें बहुत लंबे समय तक बिना खराब हुए इस्तेमाल किया जा सकता है। इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इनमें बहुत सारे प्रिजर्वेटिव्स डाले जाते हैं। ये प्रिजर्वेटिव्स सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। इन फूड्स में नमक, तेल, घी और चीनी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। ये स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ इन्हें खराब होने से बचाने के लिए डाले जाते हैं।

**प्रॉसेस्ड फूड्स के कारण बढ़ रहीं बीमारियांः** स्टडी ने स्पष्ट किया कि प्रॉसेस्ड फूड्स के बढ़ते सेवन के कारण गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। इसका मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और कई अन्य क्रॉनिक बीमारियों से बहुत गहरा संबंध है।

**भारत में तेजी से बढ़ रही अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स की बिक्रीः** आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह सालों में अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स की बिक्री और उपलब्धता कई गुना बढ़ गई है। यानी घरों में कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, बिस्किट, नमकीन जैसी चीजें अब कभी-कभार नहीं, बल्कि रोज के खानपान का हिस्सा बन गई हैं।

**मोटे न दिखने वाले भी हेल्दी नहींः** स्टडी कहती है कि एशियाई देशों, खासकर भारत में, लोग सामान्य कई बार बाहर से पतले या सामान्य वजन वाले नजर आते हैं लेकिन उनके अंदर फैट की मात्रा बहुत ज्यादा होती है औ ब्लड शुगर भी अनियमित रूप से घटता-बढ़ता रहता है। ऐसे में अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड्स की बढ़ती खपत स्थिति को और खराब बनाती है।

**सिर्फ व्यक्ति को जिम्मेदार मानना गलतः** खास बात यह है कि इस स्टडी रिपोर्ट में प्रॉसेस्ड फूड्स के बढ़ते प्रयोग को व्यक्तिगत गलती नहीं माना गया है।

### एक्सप्रेस विशेष

# विधायिका और कार्यपालिका के बीच न्याय का संतुलन



प्रो. आरके जैन

**यह सिर्फ वाक्य नहीं था, यह एक युग का अंत और नए युग का आरंभ था। यह कोई धमाका नहीं था। यह न्याय की वह तलवार थी, जो धीमी गति से चली, लेकिन इतनी सटीक थी कि निशाने पर बैठे हर व्यक्ति ने साँस रोक ली।**

**जब** सुप्रीम कोर्ट की पाँच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने 20 नवंबर 2025 को अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया, तो पूरे देश में एक साथ दो ध्वनियाँ गूँज उठीं—एक, जो राहत की लंबी साँस की तरह थी, और दूसरी, जो खामोश, ठंडी आशंका की। यह कोई सामान्य आदेश नहीं था; यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में वह दुर्लभ क्षण था जब न्यायपालिका ने न केवल राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों पर नुकीली, संतुलित और निर्भीक चोट की, बल्कि उस प्राचीन संतुलन को हमेशा के लिए बदल डाला, जिसकी संरचना सदियों से अडिग मानी जाती थी। यह फैसला राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 143(1) के तहत भेजे गए संदर्भीय प्रश्नों पर दिया गया था, जिसकी जड़ अप्रैल 2025 में तमिलनाडु राज्यपाल के खिलाफ आए फैसले में थी। कोर्ट ने साफ-साफ कहा—राज्य विधेयकों पर कोई निश्चित समय-सीमा नहीं लगाई जा सकती, लेकिन अनंत काल तक टालना भी अब मंजूर नहीं। एक ही साँस में दो बड़े संदेश दिए गए कार्यपालिका को उसकी स्वतंत्रता वापस मिली, विधायिका को उसकी गरिमा लौटाई गई। कोर्ट ने कहा, ÷हमारे संविधान में

**न केवल इसलिए कि इसने राज्यपालों की मनमानी पर लगाम लगाई, बल्कि इसलिए कि इसने बिना शोर मचाए, बिना शक्ति-संतुलन को बिगाड़े, भारतीय लोकतंत्र को और परिपक्व और सशक्त बना दिया। आखिरी पंक्ति में कोर्ट ने लिखा 'संविधान न तो ऐसे राज्यपाल की कल्पना करता है जो मौन दर्शक हो या अवरोधक, और न ही ऐसे राज्यपाल की अनुमति देता है जो स्वयं को सुपर-विधायिका मान ले।'**

न तो पॉकेट वीटो की कोई जगह है, न ही विधेयकों को हमेशा-हमेशा के लिए लटकाने का अधिकार किसी को है। यह वाक्य जितना शांत था, उतना ही भयंकर। केरल के दो-तीन साल से लंबित विश्वविद्यालय विधेयकों से लेकर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पंजाब के दर्जनों कानूनों की किस्मत एक पल में बदल गई। कोर्ट ने अप्रैल 2025 के अपने ही फैसले में स्वीकार किए गए ÷स्वतः सहमति÷ के सिद्धांत को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। सबसे बड़ी बात यह थी कि कोर्ट ने समय-सीमा तय करने से साफ़ इनकार कर दिया। न 30 दिन, न 6 महीने, न एक साल। उसकी जगह उसने एक लचीला, पर अडिग सिद्धांत रखा हर मामले के तथ्यों के अनुसार उचित समय। कोर्ट ने कहा, राज्यपाल को खुद तय करना होगा कि कितना विलंब उचित है, , क्योंकि हम देख रहे हैं। यह कोई ढील नहीं थी; यह न्यायिक बुद्धिमत्ता का चरम रूप था। कोर्ट की बातों में न केवल कठोरता थी, बल्कि एक मौन चेतावनी भी—जैसे हर शब्द अपने आप में शक्ति और विवेक का संदेश दे रहा हो। पीठ ने स्पष्ट कर दिया—राज्यपाल शक्ति का कोई स्वतंत्र भंडार नहीं हैं। वे पुल हैं, बाँध नहीं। वे केंद्र के एजेंट नहीं, संविधान के प्रति जवाबदेह अधिकारी हैं। अगर मंत्रिमंडल की सलाह के खिलाफ चलेंगे तो न्यायिक समीक्षा का दरवाज़ा हमेशा खुला रहेगा। कोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा, राज्यपाल न तो मौन दर्शक बन सकते हैं, न अवरोधक, और न ही खुद को सुपर-विधायिका समझ सकते हैं।÷ यह कोई साधारण वाक्य नहीं था; यह एक युग का अंतिम निशाना था। इसी तरह राष्ट्रपति के लिए भी अनुच्छेद 201 के तहत अनिश्चित विलंब अब न्यायिक समीक्षा के दायरे में आएगा। फिर भी सवाल उठते हैं—जब कोई तय समय-सीमा नहीं है, तो उचित समय कौन तय करेगा? क्या हर बार न्यायालय की चौखट पर दौड़ना पड़ेगा? क्या यह जिम्मेदारी बोझ नहीं बढ़ाएगी? ये प्रश्न वाजिब हैं। लेकिन कोर्ट ने जानबूझकर यही रास्ता अपनाया। क्योंकि समय-सीमा निर्धारित करना राज्यपाल को केवल घड़ी की सुई बना देता, जबकि संविधान निर्माताओं ने जान-बूझकर वह घड़ी हटा दी थी—ताकि असाधारण हालात में असाधारण विवेक काम कर सके। कोर्ट ने न तो किसी सख्त, तंग समय-सीमा को मान्यता दी, न ही असीमित स्वविवेक का रास्ता खुला छोड़ा— बल्कि भारत के अपने अनोखे तीसरे मार्ग की दिशा दिखाई, जो संतुलन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। सबसे गहरी बात यह है कि यह फैसला सहकारी संघवाद को पुनर्जीवित करता है। पिछले दशक में राज्यपालों का कार्यालय जिस तरह राजनीतिक हथियार बन गया था, उसने केंद्र-राज्य संबंधों को जहर दे दिया था। अब कोर्ट ने साफ कर दिया—विधेयक रोकना कोई राजनीतिक हथियार नहीं, संवैधानिक दायित्व है।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# हाईवे हादसे: कोहरा, अव्यवस्था और सड़क सुरक्षा का बार-बार दोहराया जाने वाला संकट

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बरेली-हरिद्वार हाईवे पर अप्सरा नदी पुल के पास शनिवार सुबह हुआ हादसा कोई नई कहानी नहीं है। हर सर्दी में कोहरे की शुरुआत के साथ ही सड़क हादसों की लंबी श्रृंखला शुरू हो जाती है। इस बार भी यही हुआ। सड़क किनारे तेल खत्म होने के कारण खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली, तेज रफ्तार डीसीएम और दृश्यता लगभग समाप्त कर देने वाला कोहरा और नतीजा दो लोगों की गंभीर हालत व एक घंटे से अधिक हाईवे ठप।

### लेकिन सवाल यह है कि आखिर यह चक्र कब टूटेगा?

यह कहना आसान है कि हादसा कोहरे के कारण हुआ। जबकि सच्चाई यह है कि कोहरा हर वर्ष पड़ता है, लेकिन उसकी वजह से लगातार होते हादसे हमारी तैयारी की कमी को उजागर करते हैं। खड़ी गाड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप न होना, चेतावनी संकेत न लगाना, तेज रफ्तार में वाहन चलाना ये सब मिलकर दुर्घटना को आमंत्रण देते हैं। सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली पर यदि स्पष्ट चेतावनी चिन्ह लगे होते तो शायद टक्कर टाली जा सकती थी।

### हाईवे पर खड़ी गाड़ियाँ बन रहीं खतरा

तेल खत्म होना, खराबी आ जाना वाहनों में यह सामान्य है। लेकिन बिना किसी चेतावनी के हाईवे पर गाड़ी खड़ी छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। यह एक ऐसी गलती है जो कई लोगों की जान ले सकती है। प्रशासन और परिवहन विभाग को इस संबंध में सख्ती दिखानी चाहिए और चालकों को जागरूक किया जाना जरूरी है।

### कोहरे में वाहनों की रफ्तार पर अंकुश आवश्यक

हर साल जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी प्रभावशीलता बहुत सीमित रहती है। कोहरे में हाईवे पर भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार हादसों का सबसे बड़ा कारण है। इस मौसम में विशेष निगरानी, स्पीड कंट्रोल तथा गश्त बढ़ाने की जरूरत है।

### यातायात में अव्यवस्था और देरी से राहत कार्य

हादसे के बाद एक घंटे से अधिक हाईवे जाम रहना यह बताता है कि राहत एवं बचाव कार्यों में अभी भी तेजी की कमी है। हाईवे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस के बीच बेहतर समन्वय, क्रेन की उपलब्धता और तुरंत कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। हाईवे हादसे केवल आंकड़े नहीं होते—वे किसी परिवार की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल देते हैं।

प्रशासन, वाहन चालक और आम नागरिक सबको मिलकर सड़क सुरक्षा के नियमों को गंभीरता से अपनाना होगा। कोहरा हर साल आएगा, लेकिन हादसे हर साल न हों इसके लिए व्यवस्था और व्यवहार, दोनों में बदलाव जरूरी है। सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। और खत्म होती है लापरवाही से। अब समय है कि हम जागरूकता को चुनें।

## राज्य मंत्री ने वैदिक जूनियर हाई स्कूल में विधायक निधि से बने कक्ष का किया फीता काटकर उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ग्राम जतीपुर में विधायक निधि से निर्मित कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए यह हमारी पुरानी परंपरा है उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि अच्छे से पढ़ाई करें और रोजगार के अवसर हम प्रदान करेंगे। उन्होंने बोर्ड बनाने के लिए चल रहे एस आई आर का जिक्र करते हुए कहा कि कि इस समय बोर्ड गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। लेकिन हमारे मतदाताओं की जागरूकता कम है इसकी वजह से बोर्ड बनाने का प्रतिशत बहुत कम है उन्होंने लोगों से अपील की कि जल्द से जल्द अपने व अपने परिवार के बोर्ड बनाने में बी एल ओ का सहयोग करें इससे पूर्व राज्य मंत्री श्री गंगवार ने विधायक निधि से निर्मित वैदिक जूनियर हाई स्कूल जैतपुर मदरसा का फीता काटकर उद्घाटन किया और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बंधन किया।

# खीरी में 25 नवंबर को सजेगा खुशियों का महाकुंभ, 451 जोड़ों के संगम की तैयारी शुरू

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



डीएस कॉलेज मैदान इन दिनों मानो एक महाविवाह उत्सव की देहरी पर खड़ा है। अभी सिर्फ जर्मन हैंगर टेंट की स्टील-फ्रेमिंग उठी है, पर माहौल में त्योहार जैसा कम्पन पहले ही घुल चुका है। इतनी हलचल कि लगता है जैसे हवा भी तैयारियों का हिस्सा बन गई हो।

शनिवार सुबह सीडीओ अभिषेक कुमार जब स्थल पहुँचे, तो टेंट कर्मियों की हथौड़ों की ‹टिक-टिक› और रस्सियों की ‹फट-फट› से मैदान गूंज रहा था। कहीं कपड़े चढ़ रहे थे, कहीं स्टेज का एंगल नापा जा रहा था। पूरा परिसर एक बड़े सपने की शुरुआती नींव जैसा दृश्य पेश कर रहा था।

सीडीओ ने मौके पर पहुंचकर 451 नवयुगलों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को बारीकी से परखा। उनके साथ डीएसडब्लूओ वंदना सिंह, तेजस्वी मिश्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी-एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेदिकाओं के प्रस्तावित स्थान, बैठने की संभावित व्यवस्था, साफ-सफाई की रूपरेखा, रजिस्ट्रेशन काउंटर की प्लानिंग, ग्रीन रूम की लोकेशन, सामग्री वितरण प्वाइंट, खानपान की लाइनिंग और सुरक्षा व्यवस्था हर बिंदु का मौके पर जाकर अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यवस्था में सौहार्द, गरिमा और सुगमता स्पष्ट झलके। यह आयोजन हर जोड़े के जीवन में अविस्मरणीय स्मृति बने।

जिला प्रशासन इस बार समारोह को केवल सुव्यवस्थित ही नहीं, बल्कि भावनात्मक अनुभव से भरपूर बनाना चाहता है। इसी दिशा में स्थल पर आकर्षक सेल्फी पॉइंट, बड़ी एलईडी स्क्रीन और वधुओं की तैयारी के लिए विशेष मेकओवर कॉर्नर की जगह पहले ही चिन्हित कर दी गई है। परंपरागत माहौल को जीवंत करने के लिए शहनाई और मंगल ध्वनियों की निरंतर व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं, 451 परिवारों के भविष्य को रोशन करने वाला सामाजिक पर्व है। हर व्यवस्था को हम व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर कर रहे हैं ताकि कोई भी कमी न रह जाए। 25 नवंबर को डीएस कॉलेज परिसर में खुशियों, सद्भाव और नवजीवन के मिलन का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा, जब 451 जोड़े एक साथ नए सफर की ओर कदम बढ़ाएँगे।

# समानता, न्याय व समाजवादी विचारधारा के पुरोधा थे 'नेताजी': नफीस अहमद अंसारी

- सपा कार्यालय पीलीभीत में मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




नकटादाना स्थित केजीएन-2 कॉलोनी स्थित लोकसभा समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को सपा संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री और पद्म विभूषण से सम्मानित मुलायम सिंह यादव की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर नेताजी को याद किया और उनके योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव भारतीय राजनीति के ऐसे करिश्माई नेता थे, जिन्होंने समाजवादी आंदोलन को देशभर में नई पहचान दी। वे गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज बुलंद करने वाले एक संघर्षशील नेता थे। उन्होंने अपने सशक्त नेतृत्व से उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी और हमेशा समानता व न्याय का पक्ष लिया। सपा वरिष्ठ नेता अशोक शमशा एडवोकेट ने कहा कि मुलायम सिंह यादव केवल एक नेता ही नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की उम्मीद थे। उनके परिवार के कई सदस्य आज भी राजनीति में सक्रिय हैं और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। समर्थक उन्हें एक कुशल, सक्षम और जनहितैषी नेता के रूप में याद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया।

सभी उपस्थित नेताओं और पदाधिकारियों ने नेताजी के जीवन, संघर्ष और समाजवादी सिद्धांतों पर अपने विचार साझा किए। जयंती कार्यक्रम के उपरांत नेताजी को समर्पित खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय लोगों को खिचड़ी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, हाजी अकबर अहमद अंसारी, बालकराम सागर, विनोद वर्मा (अध्यक्ष 128 बरखेड़ा), सतेन्द्र मौर्य, नरेश सागर, धनपति वर्मा एडवोकेट, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, मोहम्मद याकूब अंसारी, संदीप सक्सेना, शराफत यार खां एडवोकेट, गुरविंदर सिंह गिल, गोविंद पांडे एडवोकेट, रमेश राजा, दिनेश कुमार वर्मा, दिलीप कुमार, दिलीप वाल्मीकि, शांतिस्वरूप वर्मा, आशुतोष कुमार, सुमित कुमार, कमलेश कुमार, अजय वर्मा, रजनीश यादव, सुमित, अशरफ अली, सलीम अंसारी, इंद्रवीर सिंह, मुनेंद्र पाल और रामौतार वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने पूरनपुर चीनी मिल गेट व यार्ड का निरीक्षण किया



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने शनिवार को किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के गेट और यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से ताज़ा, जड़-पत्ती व अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की, ताकि गन्ना तौल व पेराई प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। अधिकारी ने बताया कि इस समय पूरनपुर चीनी मिल पूरी क्षमता के साथ चल रही है। किसानों के मोबाइल पर पर्याप्त एस.एम.एस. पर्चियां भेजी जा चुकी हैं। इस पेराई सत्र में पूरनपुर चीनी मिल के लिए मिल गेट सहित कुल 14 गन्ना क्रय केंद्र आवंटित किए गए हैं, जो सभी सक्रिय रूप से संचालित हैं। केंद्रों पर नियमित रूप से गन्ना उठान हो रहा है और प्रत्येक केंद्र पर लाइसेंसधारी तौल लिपिक ही तैनात किए गए हैं। निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी मिल गेट व बाहरी गन्ना क्रय केंद्रों पर मानक बाट और निरीक्षण पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। जिला अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद की पीलीभीत, बरखेड़ा और पूरनपुर चीनी मिलें संचालित हैं। जनपद में अब तक 37,371 गन्ना किसानों से प्रतिदिन लगभग 1.93 लाख क्विंटल गन्ने की आपूर्ति हो रही है, जबकि कुल 17.42 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा जा चुका है। बीसलपुर चीनी मिल भी 24 नवंबर से पेराई शुरू कर देगी।अधिकारी ने सभी सचिवों और वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को फील्ड में लगातार भ्रमण कर किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से तौल कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समिति के सचिव या चीनी मिल प्रबंधन से सीधे संपर्क करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान प्रधान प्रबंधक त्रिवेणी पाल, मुख्य गन्ना अधिकारी अजय यादव, गन्ना किसान रतन लाल, खूब लाल, अवनीश कुमार, वेद प्रकाश मिश्रा समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

# स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पलिया में कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नेता जी की जयंती पर पलिया विधानसभा कार्यालय में शनिवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और दो मिनट के मौन के साथ हुई। सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यालय पहुँचते रहे और नेता जी को नमन करते रहे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव रेहान खान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि नेता जी की राजनीति की शक्ति जनता का भरोसा और संगठन की मजबूती थी। रेहान खान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाएँ और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करें। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी कक्कू ने कहा कि नेता जी ने कार्यकर्ताओं को परिवार की तरह सम्मान दिया और संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नेता जी के सरल और संघर्षपूर्ण जीवन को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में पलिया विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर, ब्लॉक महासचिव राजा खान, सईद अहमद, संजीव मिश्रा, शरीफ, चंदन चौकी, विधानसभा उपाध्यक्ष रिज़वान खान, महमूद गाज़ी, कलीम, मोनू, अज़हर खा, लक्ष्मी गौतम, नाजिम अली, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्य करता गाना उपस्थित रहे।जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए आयोजकों ने आधा दर्जन दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिलें वितरित कीं। ट्राईसाइकिल पाकर लाभार्थियों और उनके परिवारों ने प्रदेश सचिव रेहान खान को तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस पर रेहान खान ने कहा इसमें शुक्रिया की कोई बात नहीं है, यह समाजवादियों का कर्त्तव्य है। मुलायम सिंह जी ने हमें जनता की सेवा का जो मार्ग दिखाया है, उसी पर हम सदैव कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

## कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई।



पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### घुंघचाई पुलिस ने पीड़ित पर ही दर्ज कर दिया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। चोरी कि घटना को दबाने से मना करने पर तत्कालीन थाना प्रभारी ने पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। मामले की शिकायत एसपी से की गई है। तहसील क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई निवासी मिथलेश गुप्ता ने वताया कि उनकी थाने के सामने जन सेवा केंद्र की दुकान है। 20 नवंबर की रात चोरों ने दुकान के ताले तोडकर दुकान से एक प्रिंटर, एक सीपीयू व वैट्रा दुकान से चोरी कर लिया। आरोप है कि तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने चोरी की घटना को दबाने के लिए पीडित पर दबाव बनाया। घटना दबाने से मना करने पर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने पीड़ित व उसके परिवार के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इसको लेकर नाराजगी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पीडित दुकान स्वामी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले की तहरीर देकर चोरी की घटना का खुलासा कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पीडित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### किरन लता रस्तोगी ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी पूर्व जिला पंचायत किरन लता रस्तोगी ने बताया कि सितंबर में डीएम और डाक विभाग के उच्च अफसरों से शिकायत कर धोखाधड़ी कर उसकी टर्म डिपोजिट की धनराशि को हडपने का आरोप लगाया था। आरोप है कि साढे पांच लाख रुपये वापस करने की बात कहकर आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक धनराशि वापस नहीं की। मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उप डाकघर के सहायक पोस्टमास्टर अभय सिंह, रविराज पाठक,लिपिक प्रेम नरायन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पूरनपुर में मनाई स्व. मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। चोरी कि घटना को दबाने से मना करने पर तत्कालीन थाना प्रभारी ने पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। मामले की शिकायत एसपी से की गई है। तहसील क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई निवासी मिथलेश गुप्ता ने वताया कि उनकी थाने के सामने जन सेवा केंद्र की दुकान है। 20 नवंबर की रात चोरों ने दुकान के ताले तोडकर दुकान से एक प्रिंटर, एक सीपीयू व वैट्रा दुकान से चोरी कर लिया। आरोप है कि तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने चोरी की घटना को दबाने के लिए पीडित पर दबाव बनाया। घटना दबाने से मना करने पर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने पीड़ित व उसके परिवार के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इसको लेकर नाराजगी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पीडित दुकान स्वामी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले की तहरीर देकर चोरी की घटना का खुलासा कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पीडित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सिटी पैलेस में निशुल्क जांच सेवा का फीता काटकर किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शनिवार को नकटा दाना चौराहा पर स्थित सिटी पैलेस में राधिका सुपर स्पेशियल्टी एंड एडवांस ट्रामा सेंटर द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर राज्य मंत्री ने ट्रामा सेंटर द्वारा आयोजित किए गए जांच शिविर में चिकित्सकों से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की साथ ही उन्होंने भी अपना बीपी और ब्लड शुगर आदि चेक कराया शिविर की व्यवस्था एवं चिकित्सा सेवाओं का स्तरीय निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों से विभिन्न काउंटरों पर जाकर विस्तृत जानकारी हासिल की उन्होंने कहा कि जनकल्याण की भावना से संचालित ट्रामा सेंटर की यह पहला स्वास्थ्य सेवा के सुलभ एवं प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचने में प्रशासनीय प्रयास है ऐसे आयोजन समाज के प्रति हमारी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की प्रतिबद्धता को सुधारण करते हैं।

# भाजपा के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट हों: संजय सिंह गंगवार

**राज्य मंत्री ने 9 करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले अमरिया तहसील भवन का किया भूमि पूजन**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शनिवार को अमरिया तहसील के लिए 9 करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले तहसील भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इस मौके पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने आयोजित जनसभा में कहा कि तहसील भवन बनने के काफी इंतजार था जो आज आधारशिला रखने के साथ खत्म हो गया है उन्होंने कहा कि इस तहसील की स्थापना का कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था लेकिन उस समय की सरकार ने भवन निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब भाजपा सरकार ने इसके भवन निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं।

भवन निर्माण से न सिर्फ अधिवक्ताओं को लाभ मिलेगा बल्कि क्षेत्र से आने वाले सभी लोगों को कर्मचारियों को अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा।

जनसभा में उन्होंने क्षेत्र के मुस्लिम और सिखों को खास तौर से संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 2022 के चुनाव में उनका अमरिया क्षेत्र से 16000 वोटो से हार मिली थी उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं समझ पाया कि मेरा या भाजपा सरकार का क्या गुनाह था उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की 2027 में विदाई तय हैं।

इसलिए मुसलमानों और सिखों को सपा से मोह छोड़ देना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिए हुए हैं। और इसमें हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी को एकजुट होकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना हैं। और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का कमल का फूल एक बार फिर खिलाना है उन्होंने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज नर्सिंग कॉलेज भरा पचपेड़ा में खमीर प्लांट अमरिया क्षेत्र में सड़कों का जाल नेशनल हाईवे का निर्माण सहित तमाम ऐसे कार्य हैं जो पिछली सरकारों में रहे मंत्रियों विधायकों ने नहीं कारण उन्होंने क्षेत्र की जनता से पुणे आवाहन किया क्षेत्र प्रदेश के विकास के लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की एक बार सरकार फिर बनाएं और अपने क्षेत्र का विकास कराएं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा के पदाधिकारी गण एवं अधिकारी गढ़ मौजूद रहे।

# लंबे इंतजार के बाद तैयार हुआ टर्फ ग्राउंड, छात्रों को मिलेगी नई खेल दिशा: डॉ. संजीव अग्रवाल

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में लंबे समय से प्रतीक्षित फुटबॉल टर्फ ग्राउंड का उद्घाटन शनिवार को धूमधाम से किया गया। विद्यालय की टैरेस पर बने इस आधुनिक टर्फ ग्राउंड का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना और हेड मिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने रिबन काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों ने फाइव-ए-साइड दोस्ताना फुटबॉल मैच खेलकर खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस टर्फ ग्राउंड के निर्माण की योजना काफी समय से चल रही थी, जो अब जाकर पूरी हो सकी है।

उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक ग्राउंड के तैयार होने से छात्रों को फुटबॉल के साथ-साथ अन्य कई खेल गतिविधियों में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को नई दिशा मिलेगी। विद्यालय प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि यह पहल बच्चों की शारीरिक दक्षता और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देगी।

# पलिया दुधवा रोड पर अवैध अस्पताल बना मौत का सौदागर



जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी

नगर के दुधवा रोड पर कुकुरमुत्ते की तरह खुल रहे अस्पताल मौत के सौदागर साबित हो रहे हैं। हाल ही के दिनों में करीब एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में जच्चा-बच्चा की मौत ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलकर रख दिया है। यही नही अभी हाल ही एक नौ सिखिया अपने आपकों सर्जन बताकर डॉक्टर साहब दुधवा रोड़ पर अस्पताल खोलते जा रहे हैं और बडी घटना को अंजाम दे रहे हैं उसी अस्पतालों के आस-पास रहने वालों को दुर्गंध और सड़न की बदबू से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं देर रात घटनाएं होती तो कभी पुलिस आकर शांत कर देती तो कभी पैसों के दम पर मामला निपटाया जाता है। पास पड़ोस के लोगों का कहना है कि जल्द ही अगर इस तरह की घटनाओं पर लगाम स्वास्थ्य विभाग पलिया द्वारा नही लगया गया तो सीधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर कार्रवाई के लिए मांग की जाएगी जिसमें जिम्मेदार पलिया सीएचसी अधीक्षक होंगे जिनके रहमों करम पर इस तरह की घटनाएं घटित हो रही है और लगातार दुधवा रोड़ पर नव सिखिया सर्जन डॉ बताकर अस्पताल खोल रहे हैं।

जबकि न तो कोई डिग्री है और न ही कोई डाक्टर उपलब्ध है। आखिर क्यों पलिया स्वास्थ्य विभाग फर्जी डिग्री धारकों को अस्पताल का लायसेंस बांटकर जच्चा-बच्चा के साथ खिलवाड़ कर रहा है और आस पास के लोगों को दुर्गंध से बिमारियों का शिकार बना रहा है।

### तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। सुनहरा। लखीमपुर खीरी। मितौली थाना क्षेत्र के एक गांव मे तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित बच्ची के परिजनों की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया,जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

मितौली सीएचसी में इलाज करवा रहे पीड़िता के परिजनों ने बताया कि घटना शुक्रवार रात की है।परिवार में शादी समारोह चल रहा था।परिवार के लोग बरातियों की खातिरदारी में लगे थे। तभी अचानक बच्ची गायब हो गई। लोगों ने खोजबीन शुरू की करीब दो घंटे बाद गांव के ही आरोपी व्यक्ति के साथ बच्ची देखी गई।वह घायल अवस्था में थी।पीड़ित बच्ची ने परिजनों को घटना बताई।इस पर लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पीड़ित बच्ची को मितौली सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित- जिले में तीन किसानों सहित लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई

## प्रवर्तन टीम ने किसानों को सौंपा पुलिस के हवाले, लेखपाल व ग्राम पंचायत अधिकारी पर भी की गई कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। उरई



जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद कुछ किसानों द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है। सिरसा कलार निवासी विनोद सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह, ग्राम खोडन निवासी सूबेदार पुत्र भुलई तथा ग्राम छानी अहीर निवासी आशु पुत्र राजेश पराली जलाते हुए पाए गए।

प्रवर्तन टीम द्वारा कई बार समझाने के बावजूद जब किसान नहीं माने तो उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस कार्रवाई में सीडीओ केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम तथा उनकी संयुक्त प्रवर्तन टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने क्षेत्र में लगातार गश्त कर पराली जलाने की घटनाओं पर सख्त निगरानी रखी। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित क्षेत्रों में लेखपालों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक करने या रोकथाम हेतु आवश्यक कार्य नहीं किए गए। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने संबंधित क्षेत्र के तीन लेखपालों और दो ग्राम पंचायत अधिकारियों पर भी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि रोकथाम से जुड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं, तथा प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्तर पर राहत नहीं दी जाएगी।

### हालत बिगड़ने से महिला की मौत, मायकेपक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमराखेड़ा में महिला की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है शहर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला उमरार खेड़ा झांसी रोड निवासी शैलेंद्र कुमार पत्नी सपना अहिरवार व एक साल के पुत्र के साथ रहता है और वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया गया कि उसकी पत्नी सपना कई दिनों से पेट दर्द से जूझ रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था। शुक्रवार की शाम को महिला की अचानक हालत बिगड़ी तो वह उसे मेडिकल कालेज ले गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुत्री की मौत होने की सूचना जब उसके पिता रामजी लाल अहिरवार निवासी ग्राम जरहा कला थाना पूंछ जिला झांसी को हुई तो वह अपने पुत्र विकास गौतम के साथ मौके पर पहुंचा। पिता ने आरोप लगाया कि उनके पुत्री की गला दबाकर हत्या की गई है। बताया कि उन्होंने पुत्री की शादी 26 नवंबर 2022 को की थी। इसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना के बाद चौकी प्रभारी कोंच बस स्टैंड अभिलाष सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम व SIR हेल्पडेस्क का किया निरीक्षण

## मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार दोपहर को जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस प्रथम एवं द्वितीय का प्रस्तावित मासिक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन कर टिप्पणी अंकित की तथा ड्यूटी रोस्टर की भी बारीकी से जांच की। उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रणालीगत अनुपालन को संतोषजनक बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटर सिस्टम का निरीक्षण किया, जिसमें वेयरहाउस की 24x7 निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित District Contact Centre और Special Intensive Revision (SIR) हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। डीएम ने अर्हता तिथि 01.11.2025 के आधार पर इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के अंतर्गत चल रहे पंजीकरण, सत्यापन एवं फॉर्मों के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि एसआईआर कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान ईवीएम सहायक तलहा मज़हर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने गड्ढामुक्त अभियान की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस। उरई





जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में चल रहे गड्ढामुक्त अभियान की प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए, कि एक सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में ढिलाई या लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सड़कों की गुणवत्ता जांचने हेतु नामित नोडल अधिकारी स्थल निरीक्षण कर 01 दिसंबर 2025 तक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य लंबित है या प्रगति नहीं दिख रही, वहां का स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के नाम पर मरीजों को फंसाने का रचा जाता है कुचक्र

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह

उरई। जनपद के निजी अस्पतालों में समय समय पर लगने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के नाम पर मरीजों के साथ जमकर ठगाही का सिलसिला बदस्तूर जारी है। सबसे पहले तो अस्पताल संचालक सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर बाहरी डाक्टरों का प्रचार प्रसार करके मरीजों का स्वास्थ्य शिविरों में आने के लिए एकत्रित करते हैं। जहां मरीजों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर शुल्क जमा कराकर उन्हें बाहरी कमीशन बेस महंगी दवाएं लिखी जाती हैं। स्वास्थ्य शिविर में जितनी भी आय होती है। उसका निजी अस्पताल के संचालक फायदा उठाते हैं। हालांकि बाहर से आने वाले डाक्टर सिर्फ अपने प्रचार प्रसार पर ही निर्भर रहते हैं। शिविर में अगर किसी मरीज को जरा सा आराम मिल जाता है, तो वह मरीज कानपुर और झांसी से आए डाक्टर के पास इलाज के लिए जाता है। जिसका फायदा बाद में बाहरी डाक्टर को मिलना शुरू होने लगता है। जिला मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न कस्बों में कोने कोने में खुले निजी हास्पिटल अब निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के नाम मरीजों के साथ धोखा कर रहे हैं। जिसमे एक दो नहीं बल्कि कई निजी हास्पिटल संचालक बाहर से अलग अलग रोग के डाक्टर अपने यहां बुलाते हैं। जिसमे स्वास्थ्य शिविर की तारीख पहले से ही निर्धारित कर दी जाती है। मरीजों को एकत्रित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है। सुबह से शाम तक चलने वाले इन शिविरों में मरीजों से पहले रजिस्ट्रेशन के नाम पर शुल्क लिया जाता है। इसके बाद डाक्टर से इलाज के समय मरीज को कमीशन बेस दवाएं लिख दी जाती हैं। इतना ही नहीं यह दवाएं सभी दुकानों पर नहीं बल्कि किसी निर्धारित मेडिकल स्टोर पर ही मरीज को उपलब्ध होने की बात कही जाती है। जिसमें निजी अस्पतालों के संचालक मरीजों के साथ जमकर ठगाही कर लेते हैं। शहर में इस गोरख धंधे के लिए राजकीय मेडिकल कालेज के आसपास के कई मेडिकल स्टोर संचालक और निजी हास्पिटल संचालक बाहरी डाक्टर को बुलाकर मरीजों से ठगाही करने के इस ठगाही के खेल में शामिल हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के पीछे की काली सच्चाई से बेचारा मरीज ही नहीं बल्कि तीमारदार अनभिज्ञ रहते हैं। लेकिन जब वह उनके जाल में फंस जाते हैं और अपने मरीज का उपचार कराने के नाम पर सबसे पहले तो हजारों रुपयों की जांच के झमेले में फंस जाते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। उरई

रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगुवा निवासी रंजना कुशवाहा 28 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से मौत गई। मायके पक्ष ने पति सहित ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।बताया गया कि रंजना 28 वर्ष पति अजय कुशवाहा के साथ गुजरात में रहकर गोलगप्पे का व्यवसाय करती थी।गुरुवार को उसका शव गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका के पिता सोबरन सिंह कुशवाहा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना कि उनकी बेटी की गुजरात में बेरहमी से पिटाई कर हत्या की गई है। पिता के मुताबिक रंजना लंबे समय से प्रताड़ना झेल रही थी और कई बार उसने फोन पर मारपीट की शिकायत भी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी हत्या उसके पति सहित सास, ससुर और ननद ने मिलकर की है। वहीं ग्रामीणों में भी घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। परिजन लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं।रंजना अपने पीछे दो मासूम बेटे- हर्षल कुशवाहा और अनिकेत कुशवाहा-को छोड़ गई है। मां की मौत की खबर सुनकर दोनों बच्चे रो-रोकर बेहाल हैं। बच्चों की हालत देखकर ग्रामीण भी भावुक हो उठे।परिजनों के आरोपों के बाद स्थानीय स्तर पर पुलिस कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। हालांकि गुजरात में हुई घटना को लेकर स्थानीय पुलिस औपचारिक जानकारी जुटा रही है और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# कलयुग में कल्याण का एक मात्र साधन भागवत भजन हैः आचार्य प्रकाश चन्द्र

जन एक्सप्रेस। हरदोई





पिहानी नगर के माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मंदिर में श्री मद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस को संबोधित करते हुए पूज्य प्रकाश चंद्र जी महाराज ने कहा, कि कलियुग में कल्याण का एकमात्र साधन भगवत भजन है, भगवत कथा, भजन ये प्राणीमात्र के कल्याण के साधन हैं। उन्होंने कहा, कि जब एक समय देवर्षि नारदजी दूसरों के हित की इच्छा से सभी लोकों में घूमते हुए मृत्युलोक में आ पहुंचे। यहां अनेक योनियों में जन्मे प्रायः सभी मनुष्यों को अपने कर्मों के अनुसार कई दुखों से पीड़ित देखकर उन्होंने विचार किया कि किस यत्न के करने से प्राणियों के दुखों का नाश होगा। तब नारद जी ने भगवान विष्णु की स्तुति की। उनकी स्तुति से प्रसन्नचित होकर श्री विष्णु जी बोले- हे मुनिश्रेष्ठ! आपके मन में क्या है! आपका किस काम के लिए यहां आगमन हुआ है? निःसंकोच कहें। तब नारदमुनि ने कहा- मृत्युलोक में सब मनुष्य, जो अनेक योनियों में पैदा हुए हैं, अपने-अपने कर्मों द्वारा अनेक प्रकार के दुखों से पीड़ित हैं। हे नाथ! यदि आप मुझ पर दया रखते हैं तो बताइए उन मनुष्यों के सब दुख थोड़े से ही प्रयत्न से कैसे दूर हो सकते हैं। तब विष्णु भगवान ने कहा, कि **हे नारद!** मनुष्यों की भलाई के लिए कलियुग में कल्याणकारी साधन श्रीमद्भागवत कथा का प्रसार करें, जिससे मानव जीवन का कल्याण हो। उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से बताया, कि मनुष्यों को सदैव परोपकार की भावनाएं रखनी चाहिए। साधु-संतों का जीवन समाज और लोगों के कल्याण को समर्पित होता है। उनके करुणस्वर भजन देख लिया संसार मैंने देख लिया पर श्रोता भावुक हो उठे। श्री राम विवाह महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्री राम, लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी में सीता स्वयंवर महोत्सव देखने पहुंचे, रविवार को कलाकारों द्वारा रोचक धनुष यज्ञ का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। कथा में प्रमुख रुप से वैष्णव हरिशरण महाराज, पुरोहित कविंद्र नाथ, गुरुचरन लाल, कृष्णपाल जोशी, विवेक शास्त्री, विपिन कुमार, संतोष कुमार, ओम रस्तोगी, कुलदीप दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एंजल वन ने फर्जी सोशल मीडिया ग्रुप्स पर निवेशकों को किया सतर्क

जन एक्सप्रेस/आगरा। एंजल वन लिमिटेड, देश की अग्रणी फिनटेक कंपनी, ने निवेशकों को चेतावनी जारी की है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर ऐसे फर्जी ग्रुप्स की संख्या बढ़ी है जो कंपनी और उसके वरिष्ठ अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। कंपनी ने पाया है कि व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर कई अनधिकृत ग्रुप बनाए गए हैं, जो एंजल वन लिमिटेड का नाम, लोगो और वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। ये ग्रुप बिना किसी सेबी पंजीकरण के सिक्योरिटीज से जुड़े टिप्स और सलाह दे रहे हैं तथा रिटर्न को लेकर झूठे और भ्रामक दावे कर रहे हैं जो पूरी तरह अवैध है। एंजल वन ने अपने बयान में कहा, बिना अनुमति के निवेश सलाह देना या रिटर्न की गारंटी करना कानूनन प्रतिबंधित है। हम निवेशकों से अपील करते हैं कि किसी भी संदेश या ग्रुप की प्रामाणिकता को जरूर जांचें। सभी निवेश निर्णय केवल अधिकृत स्रोतों से मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर ही लें। एंजल वन लिमिटेड का किसी भी फर्जी ग्रुप, वेब लिंक या अनौपचारिक व्हाट्सऐप/टेलीग्राम ग्रुप से कोई संबंध नहीं है, और ऐसे माध्यमों से हुए किसी नुकसान की ज़िम्मेदारी कंपनी की नहीं होगी।

# दिव्य-भव्य कीर्तन की गूंज से गुंजायमान हुआ नर्मदेश्वर धाम

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद



तहसील शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम गुजीदेई में निर्माणाधीन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार रात आयोजित दिव्य-भव्य कीर्तन एवं भजन-संध्या ने पूरे क्षेत्र को भक्ति-रस से गुंजायमान कर दिया। पत्रकार लक्ष्मीकांत पाठक द्वारा सम्पन्न कराए गए इस पावन आयोजन में कीर्तन मंडली प्रमुख उमेश चन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में कलाकारों ने मनभावन भजनों की प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ रामकिशोर गुप्ता द्वारा «गाइए गणपति जगवंदन, शंकरसुवन भवानी नंदन» गणपति स्तुति से हुआ। इसके बाद उमेश चन्द्र त्रिवेदी ने «बड़ी देर भई नंदलाला», बरगदिया निवासी गिरिंद ने «धनश्याम तेरे दर पर», परेली निवासी नन्हेलाल सक्सेना ने «बिन पग धोये न चढ़ाएं नावक», तथा सूरपुर निवासी शिशुपाल ने «जो करुणाकर तुम्हारा» जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति-भाव में सराबोर कर दिया। साथ ही राजेश्वर परेली, रामकिशोर गुप्ता और कुलदीप बरगदिया ने भी अपने मधुर भजनों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि ढोलक पर कुलदीप और हारमोनियम पर महेश राजपूत बरगदिया ने संगीत को और भी प्रभावशाली बना दिया। मात्र 12 वर्षीय अनमोल सक्सेना की भावपूर्ण प्रस्तुति «संसार के लोगों से आशा न किया करना» ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सचिदानंद पाण्डेय, रमाकांत पाठक, ऋषिकांत, करुणाशंकर, आयुष, शरदेंदु, प्रच्छित, हिमांशु, अच्युत, प्रत्यूष पाठक सहित बड़ी संख्या में भक्तगणों की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को और अधिक दिव्य एवं भव्य बना दिया।

# सीएचसी पर शिशु देखभाल सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



जनएक्सप्रेस/संडीला। सीएचसी कोथावा मे नवजात शिशु देखभाल सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी अधीक्षक डॉ विपुल वर्मा द्वारा किया गया। डॉ विपुल वर्मा ने बताया कि 15 नवंबर से 21 नवंबर तक पूरे जनपद में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जा रहा है, जो जीवन के शुरुआती दिनों में शिशुओं को आवश्यक देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित है। उन्होंने बताया कि नवजात शिशु की देखभाल में स्वच्छता और सावधानी अत्यंत आवश्यक है। शिशु को छूने से पहले हाथ अवश्य धोएं। शिशु को उठाते, गोद में लेते या लिटाते समय उसके सिर और गर्दन को सहारा दें। नाभिनाल को सूखा और साफ रखें तथा उस पर किसी भी प्रकार का लेप न लगाएं।गर्भनाल के सूखने और गिरने तक बच्चे को स्पंज बाथ ही दें, उसके बाद ही स्नान करवाएं।जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पिलाना प्रारंभ करें तथा छह माह तक केवल स्तनपान ही करवाएं।शिशु का नियमित और पूर्ण टीकाकरण करवाना जरूरी है। यदि शिशु अत्यधिक चिड़चिड़ा हो, दूध ठीक से न पी रहा हो, उल्टी या बुखार हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।जन्म देने वाली बच्चों को गर्म कपडे दिए गए। इस अवसर पर डॉ चंद्रकांत,शालिनी, अनुराधा सिंह, संतोशा देवी, तहजीब फ़ातिमा आदि लोग मौजूद रही।

# इंस्टाग्राम दोस्ती बनी खतराः अश्लील वीडियो वायरल कर दहशत फैलाने वाला युवक फरार

जन एक्सप्रेस। आगरा

सोशल मीडिया पर दोस्ती करना एक विवाहित महिला के लिए दर्दनाक अनुभव बन गया। इंस्टाग्राम पर बने रिश्ते ने तब भयावह रूप ले लिया जब एक युवक ने महिला की अश्लील वीडियो न सिर्फ उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी, बल्कि उसके पति को फोन कर गोली मारने की धमकी भी दे डाली। मामला साइबर क्राइम थाना तक पहुंच गया है और पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

पीड़िता के अनुसार इंस्टाग्राम पर खुद को भूपेन्द्र सिंह गुर्जर बताने वाले युवक ने उससे बातचीत शुरू की। उसने खुद को ग्वालियर के दीनदयाल नगर का रहने वाला और 'यूट्यूब फेमस' बताते हुए सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। धीरे-धीरे वह लगातार मैसेज कर दबाव बनाने लगा और महिला को मानसिक रूप से परेशान करता रहा।

जब महिला ने उससे दूरी बनानी चाही और चैटिंग बंद कर दी, तो आरोपी ने बदला लेने की नीयत से महिला की अश्लील वीडियो उसकी अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी। वीडियो कुछ ही मिनट में कई लोगों तक पहुँच गई, जिससे महिला दहशत में आ गई और उसका मानसिक संतुलन प्रभावित होने लगा।

वीडियो वायरल होने के बाद जब महिला के पति ने आरोपी से बात करने की कोशिश की, तो भूपेन्द्र सिंह ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। गाली-गलौज करते हुए उसने कहा कि दोनों को गोली मार देगा। धमकी की पूरी रिकॉर्डिंग पीड़िता द्वारा सुरक्षित कर पुलिस को सौंप दी गई है।

# घरेलू उपचार की फीस को लेकर विवाद में मारपीट, 4 लोग घायल

जन एक्सप्रेस। संडीला/हरदोई

बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में 300 रुपये की फीस को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने एक परिवार के चार सदस्यों को पीट दिया। यह घटना शुक्रवार देर शाम इकरी गांव में हुई, जिसके बाद बेनीगंज कोतवाली में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मंगलपुर निवासी रामविलास पुत्र चैन पासी ने शनिवार को बेनीगंज कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब 7:30 बजे उनका बेटा मोहित अपना हाथ चढ़वाने के लिए इकरी गांव निवासी उजागर पुत्र चंदिका पासी के घर गया था। हाथ चढ़वाने के बाद उजागर ने 300 रुपये फीस मांगी।मोहित ने उजागर से कहा कि वह पैसे ऑनलाइन दे देगा क्योंकि उसके पास नकद नहीं हैं। इस पर उजागर, उसके बेटे वीरेंद्र पुत्र उजागर पासी, राम लखन पुत्र केदार पासी और सूरजन पुत्र मोहकम रैदास ने मोहित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मोहित के मना करने पर इन लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया।मारपीट की सूचना मिलने पर रामविलास अपने अन्य दो बेटों जितेंद्र और महेंद्र के साथ मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने रामविलास और उनके तीनों बेटों मोहित, जितेंद्र और महेंद्र को भी पीटा। मारपीट में सभी को चोटें आई हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।



### एमएलसी चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढाए जाने पर जोर

जनएक्सप्रेस/संडीला। लखनऊ खंड विधान परिषद स्नातक एवं निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने चुनाव से पहले मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का आदर्श सरस्वती अरुणा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोथावा की बैठक पहुंचकर आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए अवनीश कुमार सिंह ने कहा स्नातक मतदाता चुनाव को लेकर अधिक से अधिक मतदाता पंजीकरण पर जोर देने की कहा। बैठक में स्नातक विधान परिषद निर्वाचन के मतदेय स्थल तथा कुल मतदाता संख्या की समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अवनीश मिश्रा, प्रधानाचार्य मनीष मिश्रा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा संदीप पाण्डेय, अंकुल अवस्थी शुभम मिश्रा विजय पांडे आयुष शुक्ला सौरभ अवस्थी, दिनेश त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# बड़ा फ्रॉड गिरोह सक्रिय, छह नामजद आरोपी फरार

जन एक्सप्रेस। आगरा

सिकंदरा थाना क्षेत्र में एक बड़ा फ्रेंचाइजी ठगी कांड उजागर हुआ है। स्थानीय निवासी रामसिंह ने रसना ग्रुप के नाम पर 10 लाख से अधिक रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला सामने आने के बाद इलाके में खलबली है।

पीड़ित रामसिंह के अनुसार यह ठगी जून 2020 से शुरू हुई। उन्होंने फेसबुक पर रसना फ्रेंचाइजी का एक ऑनलाइन विज्ञापन देखकर फॉर्म भरा। कुछ दिनों बाद उमंग गुप्ता, उसकी पत्नी नेहा गुप्ता, आयुष अग्रवाल और श्रीकांत वर्मा आगरा पहुंचे। चारों ने खुद को 'रसना ग्रुप का मालिक व प्रतिनिधि' बताकर आगरा में फ्रेंचाइजी देने का दावा किया। भरोसा बढ़ाने के लिए उन्हें डेली नीड्स, सदर बाजार के कुमार सागर से भी मिलवाया गया। कुमार सागर ने खुद को उमंग गुप्ता का जीजा बताते हुए इन पर विश्वास करने की सलाह दी। आरोपियों ने विभिन्न तर्कों से पीड़ित को कई बार पैसे जमा कराने को कहा। 05 अगस्त 2020 को पीड़ित ने पहली किस्त के रूप में ?2,36,000 बताए गए बैंक खाते में जमा किए। 05 अक्टूबर 2020 को दिल्ली बुलाकर एक अन्य कंपनी के खाते में ?1,00,000 जमा कराए। इसी दिन कथित वाइस प्रेसिडेंट राहुल शर्मा और डायरेक्टर सोनिया चौधरी ने **जीएसटी बचत** के नाम पर रू. 7,00,000 नकद मांग लिए, जो पीड़ित ने चेक से निकालकर दे दिए। इतनी बड़ी रकम लेने के बाद भी न तो कोई फ्रेंचाइज़ी दी गई और न ही कोई असली दस्तावेज। फर्जी एग्रीमेंट बनाकर पीड़ित को गुमराह किया गया और रकम मांगने पर धमकी भी दी गई।

# ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनी समस्याएं

## मतदाता पुनरीक्षण, फॉर्मर रजिस्ट्री और पराली प्रबंधन पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को ग्राम पंचायत बजहा उर्फ अहिरौली में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि गणना प्रपत्र समय पर भरकर जमा करें, ताकि मतदाता सूची शुद्ध व पारदर्शी तरीके से तैयार की जा सके। ग्रामीणों ने कुछ घरों में कम प्रपत्र मिलने की शिकायत की। इस पर डीएम ने एसडीएम निचलौल को निर्देशित किया कि सभी पात्र मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीएलओ सुनीता कुशवाहा, सुधा कुशवाहा और रीता देवी को भी कार्य को प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए।

डीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भविष्य में सभी कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्री कराना अनिवार्य होगा। समस्याएँ आने पर किसानों से ब्लॉक व तहसील से संपर्क कर समाधान कराने की अपील की। पराली जलाने के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इससे मिट्टी तथा पर्यावरण दोनों को गंभीर नुकसान पहुँचता है। उन्होंने चेतावनी दी कि पराली जलाना दंडनीय अपराध है, जिस पर ?50,000 हजार तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं की सैटेलाइट से निगरानी और खेतवार मैपिंग की जा रही है। चौपाल से पहले जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया, जहां लगभग 200 मरीजों का परीक्षण कर दवाएँ वितरित की गईं। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री और एसआईआर कार्यों का भी अवलोकन किया।

चौपाल के दौरान प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मिठौरा, ग्राम विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वैवाहिक कार्यक्रम में युवक को पीटा, थाने पर दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

कोहड़ौर थाना क्षेत्र के गहरौली गांव में बारात के दौरान युवक की पिटाई। पीड़ित ने दी थाने पर तहरीर। मिली जानकारी के अनुसार कोहड़ौर थाना इलाके के गहरौली गांव में शुक्रवार को झब्बर वर्मा के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। जहां निमंत्रण में आये गांव के शिवम वर्मा के सिर पर किसी युवक ने हाँथ में पहने कड़े से मार दिया और मौके से फरार हो गया। जिससे शिवम चुटहिल हो गया। साथ मे रहे लोगों ने डायल- 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन करने के साथ ही वहां मौजूद लोगों से भी पूछताछ की। परिजन युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर गये जहां पर इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। घटना के बाबत पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी थाना इंचार्ज सीताराम यादव ने बताया कि बारात में मारपीट की शिकायत हुई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# पर्यटकों ने बुद्ध प्रतिमा के समक्ष नवाए शीश



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कुशीनगर के मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में शुक्रवार को श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड के पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों ने बुद्ध की प्रतिमा का दर्शन किया। बुद्ध वंदना के साथ चीवर चढ़ाया। उत्खनित पुरावशेषों व संरचनाओं की ऐतिहासिकता व प्राचीनता से परिचित हुए। श्रीलंका के छह पर्यटकों का दल, म्यांमार का दो और थाईलैंड का 48 सदस्यीय एक दल सहित अन्य देशों के पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों का दल मांथा कुंवर मंदिर में भू स्पर्श मुद्रा में बुद्ध प्रतिमा व अंतिम संस्कार स्थल रामाभार स्तूप का भी दर्शन किया। इसके अलावा बिहार प्रांत से लेकर देवरिया, महराजगंज, बस्ती सहित अन्य जगहों के स्कूलों के बच्चे भी पहुंचे।

# ढाढ़ा चीनी मिल में पेराई शुरू



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

क्षेत्र की प्रमुख उद्योग इकाई अवध शुगर मिल में शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए पेराई सत्र का शुभारंभ हुआ। कृषि मंत्री के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और मिल के अधिकारियों ने विधिविधान से पूजन कर मिले के डोंगे में गन्ना गिराकर पेराई सत्र 2025-2026 शुरू किया गया।

मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य समर्थित गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की है। इससे किसान परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गन्ना किसान लाभान्वित हों और उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले।

हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विनय प्रकाश गोंड आदि ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया।

अंत में मिल के जीएम आरके गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान केन यूनियन हाटा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह बंटी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही आदि मौजूद रहे।

# डीजे पर डांस को लेकर मारपीट, दरोगा से उलझे

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के पचलड़ी गांव में बृहस्पतिवार की रात आई एक बरात में डीजे पर डांस करने को लेकर युवकों के समूह में मारपीट हो गई। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया तो नशे में धुत्त युवक दरोगा से ही उलझ गए। पचलड़ी निवासी मुन्ना ठठेरा की लड़की की बरात मऊ जनपद से आई थी। बराती द्वार पूजा में डीजे पर डांस कर रहे थे। नशे में धुत गांव के कुछ युवक भी इसी में डांस करने लगे। इसको लेकर बरातियों और घरातियों में मारपीट हो गई। बवाल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रही थी। इस दौरान एक युवक को पुलिसवाले समझाने लगे। इस दौरान दो युवक पूछताछ कर रहे दरोगा से उलझ गए। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर थाने भेजा। इस बाबत सीओ हरिराम यादव ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसआईआर कार्य में लापरवाही: दो बीएलओ व प्रधानाचार्य निलम्बित, पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर दर्ज होगा मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत विधानसभा रानीगंज के मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ बभनमई, प्राथमिक विद्यालय भागीपुर, प्राथमिक विद्यालय बीजेमऊ तथा विधानसभा पट्टी के मॉडल प्राइमरी स्कूल उड़ैयाडीह व प्राथमिक विद्यालय गड़ौरीखुर्द का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एडीएम आदित्य प्रजापति, एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी, तहसीलदार रानीगंज, नायब तहसीलदार रानीगंज भी मौजूद रहे। मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ बभनमई के औचक निरीक्षण में पाया गया कि गणना प्रपत्रों को घर-घर जाकर वितरण नहीं किया गया है और विद्यालय में सभी गणना प्रपत्र इकट्ठे देखकर जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ विनय कुमार शुक्ला (अध्यापक) व प्रणव उपाध्याय (शिक्षा मित्र) को कड़ी फटकार लगायी तथा मौके पर इन्चार्ज प्रधानाचार्य हिमांशु त्रिपाठी अनुपस्थित मिले। डीएम ने गणना प्रपत्रों को वितरण न करने व आनलाइन फार्म न भराने के कार्यों में लापरवाही बरतने व प्रधानाचार्य के अनुपस्थित मिलने पर बीएलओ व प्रधानाचार्य को निलम्बित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बीएलओ को चेतावनी देते हुये कहा है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान यदि पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित बीएलओ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। डीएम ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें और इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग दें। डीएम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है।

# विद्युत उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना का उठाएं लाभ: डीएम

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में बिजली बिल राहत योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत छैल बिहारी ने बिजली बिल राहत योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने बिजली बिल राहत योजना 2025-26 को लागू करने की घोषणा की है। यह योजना 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी तक तीन चरणों में लागू रहेगी। इस योजना के उद्देश्य नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देना और बिजली चोरी के सभी मामलों में राजस्व निर्धारण में छूट प्रदान कर प्रकरणों को समाप्त करना है। सभी पात्र उपभोक्ताओं योजना का लाभ उठाने के लिये विभागीय खण्ड, उपखण्ड कार्यालय, कैश काउन्टर, यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर एप, विभागीय वेबसाइट, जनेसवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर या फिनटेक प्रतिनिधियों के माध्यम से पंजीकरण करा सकते है। बैठक में डीएम ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों में बिजली बिल राहत योजना के कैम्प लगाये जाये तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। महत्वपूर्ण बाजारों, चौराहों व कार्यालयों पर कैम्प लगाये जाये। बिजली बिल राहत योजना का जनपद स्तर पर एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया जाये जिससे लोगों को जानकारी मिल सकी। बैठक में समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत व विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न में आठ ससुरालियों पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** दहेज उत्पीड़न के मामले में विवाहिता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने त्वरित संज्ञान लिया है। एसपी के निर्देश पर बरियारपुर पुलिस ने ससुराल पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी बबीता कुशवाहा पत्नी रवि कुमार कुशवाहा ने गुरुवार को एसपी से मिलकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा था। पीड़िता की शिकायत पर संजीव सुमन ने तत्काल स्थानीय पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर बरियारपुर पुलिस ने पति रवि कुमार कुशवाहा, ससुर तुलसी कुशवाहा, सास भगमानी देवी, जेठ डब्लू कुशवाहा, जेठानी पूनम कुशवाहा, ननद कोमल व बेबी कुशवाहा तथा जुम्मन, सभी निवासी बैकुंठपुर, के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस टीम आगे की जांच में जुटी हुई है। दीपक सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र व समिति का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने साधन सहकारी समिति परसनी का निरीक्षण किया तो मौके पर कृषक उर्वरक ले जा रहा था।

डीएम ने किसान से खाद उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी लेने के साथ ही समिति का निरीक्षण किया इस दौरान समिति में उर्वरक की उपलब्धता पायी गई। इस दौरान डीएम ने सचिव राम सरन मौर्य से समिति में उपलब्ध उर्वरकों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरान्त धान क्रय केन्द्र परसनी का निरीक्षण किया गया जहां पर पाया गया कि 25 किसानों से 1167.60 कुन्तल की खरीद गयी है। उन्होने इस दौरान कहा कि धान क्रय धान क्रय केन्द्र के सामने तालाब में पानी भरा हुआ था जिसका सौन्दर्यीकरण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# रोडवेज बस और कंटेनर में आमने-सामने टक्कर, दो घायल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के स्टेशन मोड़ के समीप कंटेनर और रोडवेज बस में हुई टक्कर, दो घायल। मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात लगभग दो बजे कोहड़ौर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन मोड़ के समीप रोडवेज बस और कंटेनर में आमने-सामने टक्कर हो गई। पतंजलि सामान से भरा कंटेनर सुल्तानपुर की ओर जा रहा था और बस प्रतापगढ़ की तरफ जा रही थी। जैसे ही दोनों गाड़ियां स्टेशन मोड़ के समीप पहुंची तभी आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में भदोही निवासी रोडवेज बस के कंडक्टर रामजीत के सिर में चोट लगी व लालगंज निवासी ट्रक के ड्राइवर सन्तोष प्रजापति के पैर में फ्रैक्चर हो गया और खलासी को भी चोटें आई। ती नों घायलों को सीएचसी कोहड़ौर लाया गया जहां से इलाज के बाद कंडक्टर को घर भेजने के साथ ही ट्रक ड्राइवर को रेफर कर दिया गया। प्रभारी थाना इंचार्ज सीताराम यादव ने बताया कि बस में सवार सभी यात्रियों को दूसरी बस पर बैठाकर सुरक्षित भेज दिया गया। ट्रक के चालक व खलासी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा दिया गया। बाकी बस कंडक्टर को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जानलेवा हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

थाना क्षेत्र के अमरवा गांव निवासी ने पटीदारों पर गैराज तोड़ने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। सीओ के निर्देश पर पटहेरवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अमरवा गांव के रघुनाथ राय ने सीओ तमकुहीराज को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि अक्तूबर माह में छठ पर्व के दिन पूरा परिवार छठ घाट पर गया था। उसी दौरान पटीदार सत्य प्रकाश व सत्य भूषण और सत्य प्रकाश का बेटा आकाश इनके हिस्से के गैरेज को तोड़ने लगे। मना करने पर कुल्हाड़ी लेकर मारने के लिए आरोपी आकाश दौड़ा लिया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया। आरोप है कि पटहेरवा पुलिस समझौता कराने के लिए दबाव बनाने लगी। इसके बाद पीड़ित सीओ राकेश प्रताप सिंह से मिलकर शिकायत किया।

# थाना दिवस में एसपी ने सुनी जनता की फरियाद, त्वरित निस्तारण का निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के लीलापुर थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एसपी दीपक भूकर ने फरियादियों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया। उन्होंने थाने में आई शिकायतों, प्रार्थना पत्रों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ परीक्षण करते हुए गुण-दोष के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जनसुनवाई के उपरांत एसपी द्वारा द्वारा आगन्तुक पंजीकरण, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, रोजनामचा, सीसीटीएनएस पोर्टल से संबंधित अभिलेखों एवं अभिलेख रखरखाव प्रणाली की गहन जांच की गई। अभिलेखों के अद्यतन, अभिलेखन की शुद्धता, पारदर्शिता तथा जनता से जुड़े कार्यों में तत्परता सुनिश्चित करने के संबंध में थाना प्रभारी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने आमजनमानस से मुखातिब होते हुए बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य पुलिस व जनता के मध्य विश्वास, सहयोग एवं पारदर्शिता को और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, न्यायसंगत एवं प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय की अनुभूति हो सके।

## सीओ सिटी ने थाना दिवस में सुनी जनसमस्याएं

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को अंतू थाने पर सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज ने थाना प्रभारी अंतू आनन्द पाल सिंह व राजस्व टीम के साथ समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की।

सीओ सिटी ने जनसुनवाई के दौरान आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने थाना स्तर पर बेहतर पुलिसिंग संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

# युवराज, विनीत और अर्चना चमके; कबड्डी-खो-खो में सकरदहा का परचम

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



हरैया ब्लॉक के न्याय पंचायत हरैया घाट में आयोजित बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्राथमिक विद्यालय सकरदहा के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरैया योगेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक शुक्ल तथा एआरपी रवीश कुमार मिश्र ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास खेलों के माध्यम से ही संभव है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सबसे रोमांचक परिणाम प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में देखने को मिला, जिसमें हरैया प्रथम के युवराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सकरदहा के शनि निषाद द्वितीय और थान्हा खास के सरस तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सकरदहा की मानवी पहले स्थान पर रही, जबकि मटिहनिया की सादिया और हरैया प्रथम की महनूर क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहीं।

प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में सकरदहा के विनीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। हरैया प्रथम के युवराज द्वितीय और मटिहनिया के हसनैन तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में हरैया प्रथम की रंजना ने प्रथम, सकरदहा की उर्मि ने द्वितीय और थान्हा खास की रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम प्रतियोगिताओं में सकरदहा का दबदबा स्पष्ट दिखा। कबड्डी और खो-खो दोनों ही खेलों में सकरदहा की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि हरैया प्रथम उपविजेता रहा। उच्च प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में जिवधरपुर के मोहन ने प्रथम, थान्हा खास के दुर्गेश ने द्वितीय और कन्या जूनियर हरैया के रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में जिवधरपुर की अर्चना और अंशिका ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया,

जबकि कन्या जूनियर हरैया की साफिया तृतीय रहीं।

उच्च प्राथमिक स्तर की 200 मीटर दौड़ में थान्हा खास के दुर्गेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कन्या जूनियर हरैया के सलमान ने दूसरा और जिवधरपुर के सुरेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में थान्हा खास की पायल प्रथम, जिवधरपुर की अर्चना द्वितीय और कन्या जूनियर हरैया की साफिया तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा आगामी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

खेल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में खेल अनुदेशक पवन मिश्र, दीपक सिंह और राजकुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सर्वदेव सिंह, गिरजेश बहादुर सिंह, निरुपमा तिवारी, मनोज कुमार द्विवेदी, सुधा श्रीवास्तव, राम सागर, चंद्रमौलि दत्त पाण्डेय, प्रदीप मलिक, राजेश कुमार, चिन्मय राय, रामनिहोर, राजेश पाण्डेय, विकास निगम, मनोरमा सिंह, श्रवण मिश्र, पवन वर्मा, सुधा सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को जयन्ती पर सपा परिवार का सामूहिक नमन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




समाजवादी आंदोलन की धुरी और गरीब-किसानों की आवाज रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर शनिवार को सपा कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावुक रहा और कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि नेताजी गरीबों, किसानों, मजदूरों और नौजवानों के सच्चे प्रतिनिधि थे। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने समाज के हर वर्ग को जोड़कर राजनीति को नई दिशा दी। पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत बनाने, पिछड़ों-दलितों को अधिकार और आरक्षण देने जैसे निर्णय नेताजी की दूरदृष्टि और समझ का परिणाम थे। महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि नेताजी के अधूरे सपनों को पूरा करना हम सभी समाजवादियों की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवाद का कारवाँ निरंतर आगे बढ़ रहा है और युवा पीढ़ी को नेताजी के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अंतिम समय तक पार्टी संगठन को मजबूत करने और समाज के अंतिम व्यक्ति की लड़ाई लड़ने में अपना जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श, सादगी, संघर्ष और जनसेवा की भावना समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेगी। उन्होंने कहा कि नेताजी के बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, कविन्द्र चौधरी अतुल, राजेन्द्र चौधरी, दयाशंकर मिश्र, राजकपूर यादव, समीर चौधरी, जावेद पिंडारी, मो.सलीम, डा. आर.डी. गोस्वामी, मो. स्वालेह, जमील अहमद, गीता भारती, मो. हारिस, देवेन्द्र कुमार चौधरी, अजय यादव, रजनीश यादव, संजय गौतम, रविन्द्र यादव, राजेश यादव एडवोकेट सहित कई नेताओं ने नेताजी के योगदान और संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राम भवन यादव, रन बहादुर यादव, मुरलीधर पाण्डेय, रमेश गौतम, भोला पाण्डेय, प्रशांत यादव, दिनेश तिवारी, रविकांत निषाद, तूफानी यादव, श्यामसुंदर यादव, मंशाराम, प्रिया श्रीवास्तव, शकुन्तला, सावित्री सिंह, अकबर अली, राहुल सिंह, जोखूलाल, अखिलेश यादव, नितराम चौधरी, मो. फारूक, भोलू, राहुल सोनकर, अजीत यादव, मो. सलीम, मन्नू सिंह, डा. वीरेन्द्र यादव, गौरीशंकर यादव, बैजनाथ शर्मा, दीपक आर्य, रणजीत यादव, रिन्टू, राम सिंह यादव, मो. यूनुस आलम और मो. सज्जू समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने नेताजी को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्रभूषण मिश्र के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# जौनपुर की बिटिया खुशी जायसवाल ने जनपद का नाम किया रोशन

## अजमेर (राजस्थान) में द वूमेन प्राइड अवार्ड से हुई सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



तेजी बाजार थाना क्षेत्र ग्राम चितौड़ी के एक मध्यम परिवार में रहने वाली 24 वर्षीय खुशी जायसवाल पुत्री सुरेश चंद्र जायसवाल ने वो कर दिखाया जो आज हर एक लड़की का सपना होता है। उन्होंने साबित कर दिया कि लड़कियां लड़कों से किसी मामले में कमजोर नहीं है।

आपको बताते चले अजमेर (राजस्थान) में चल रहे तीन दिवसीय गेम चेंजर ग्रुप द्वारा आयोजित लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम में महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वावलंबन के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली 24 वर्षीय खुशी जायसवाल को द वूमेन प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें देश के कई हिस्सों से लोग प्रतिभाग करने आए।

इतना ही नहीं उन्हें गेम चेंजर ग्रूप के व्यवसायिक संरचना में भी अपना उत्कृष्ट योगदान देते हुए सिल्वर लेवल हासिल कर अपना परचम लहरा दिया, जो कि यह एक बड़ा ही चुनती पूर्ण था, जिसे खुशी जायसवाल ने अपनी कड़ी मेहनत और अपने मजबूर इरादों से हासिल कर दिखाया, जिसके लिए उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही आधुनिक क्षेत्र में फेसबुक एड सर्विस के लिए उनका बेहतरीन और उत्कृष्ट योगदान होने के कारण उन्हें इसके लिए भी विशेष सम्मान दिया गया, तीन पुरस्कार एक साथ पा कर खुशी जायसवाल भावुक हो गई।

उन्हें अपने जीत का श्रेय अपने माता पिता और अपने गुरु धीरेंद्र सिंह को दिया। खुशी जायसवाल को उनके कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और महिला सशक्तिकरण, एवं महिला स्वावलंबन में अपना उत्कृष्ट योगदान देने हेतु उन्हें तीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो बड़े ही गर्व की बात है।

आपको बताते चलें की खुशी जायसवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा और उच्च शिक्षा अपने गांव के विद्यालय से पूर्ण कि, और वर्तमान में खुशी वकालत की पढ़ाई उमा नाथ ला कालेज जौनपुर से कर रही है, जिनकी एक बड़ी बहन और एक बड़ा भाई है और उनके पिता राजस्व विभाग में कार्यरत हैं और उनकी माता ग्रहणी है।

वर्तमान में खुशी वकालत की पढ़ाई के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा चलाए गए विशेष मुहिम महिला सशक्तिकरण और महिला स्वावलंबन में अपना उत्कृष्ट योगदान दे कर महिलाओं को डिजिटल तकनीकी से जोड़ कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने योग्य बना रही है, जिसमें अभी तक लगभग 275 महिलाओं और कुछ पुरुषों को भी वे इस योग्य बना चुकी है, खुशी ने कहा मैं 3 वर्षो से यह कार्य कर रही हूं, जिसकी सफलता मुझे अब मिली है, यह पुरस्कार मेरे लिए प्रेरणा है मैं चाहूंगी इस देश की हर महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र बने, और अपने हर सपनों को पूरा करे। यही मेरा लक्ष्य है जिसके लिए मैं पूरी मेहनत करने के लिए रहूंगी हूं।

# रास्ते के विवाद में मारा-पीटा, पीड़िता ने एसपी, डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



कोतवाली थाना क्षेत्र के मूडघाट निवासिनी विद्यावती पत्नी जकसेन कुमार भार्गव ने पुलिस अधीक्षक और डीआईजी को पत्र देकर पडोसी द्वारा मारपीट करने, पालतू कुत्ते को घायल कर देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने और परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में विद्यावती ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति की दलित महिला है, उसके घर के बगल में सुशीला पत्नी रामललित, गरिमा, आकाश, विकास पुत्र, पुत्रीगण रामललित निषाद ने रास्ते के विवाद को लेकर गत 30 अक्टूबर को छत पर से ईट फेंककर मारा और जाति सूचक गालियां दी। इस दौरान वह और उनका पालतू कुत्ता घायल हो गया। घटना की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को दिया गया। घटना सी.सी.टी.वी. कैमरे में रेकार्ड है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही विद्यावती के चोटों का मुआयना ही कराया। इससे विपक्षियों का मनोबल बढ गया है। विद्यावती ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा करायी जाय।

### समाधान दिवस पर स्कजौनपुर की जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ ने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर थाना लाइन बाजार पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित मामले के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए थाना प्रभारी लाइन बाजार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद एसपी ने थाना परिसर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों एवं दस्तावेज़ों का अवलोकन कर उन्हें अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। एसपी ने पुलिस कर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की भी जाँच की। उन्होंने मेस, बैरक तथा परिसर की साफ़-सफ़ाई का निरीक्षण कर उच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार कार के टक्कर में बाइक सवार सफाईकर्मी की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जफराबाद क्षेत्र के केराकत राजमार्ग पर किरतापुर उसरहिया गांव के पास शुक्रवार की रात को एक तेज रफ्तार अज्ञात कार के टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मी की मौत हो गई तथा बॉइक पर पीछे बैठा उसका मित्र घायल हो गया।

करमही गांव का जितेंद्र यादव पुत्र तेजबहादुर गांव के ही अपने मित्र अजय प्रजापति के साथ बाइक से किसी बारात में गया हुआ था।वहां जितेंद्र अपने मित्र के साथ वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक ऊक्त गांव के पास पहुचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया। घटना में बाइक चला रहे जितेंद्र यादव 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वही पीछे बैठा अजय प्रजापति 26 वर्ष घायल हो गया। घटना के आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर आ गए। टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल मौके पर पहुंच गए। जानकारी होने पर मृतक तथा घायल युवक के परिजन भी आ गए। पुलिस ने घायल अजय प्रजापति को इलाज के लिए जिलाअस्पताल भिजवाया। वही जितेंद्र यादव के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बता दें कि मृतक जितेंद्र यादव धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के रायपुर गांव में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत था। मृतक की पत्नी सोनी यादव रोते बिलखते बेसुध हो जा रही है।

# जौनपुर में कंप्यूटर ऑपरेटरों को 10 माह से वेतन नहीं

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम (श्वष्ठष्ठ-ढ्ढ) के तहत विभिन्न उपखंडों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को पिछले 10 महीनों से वेतन नहीं मिला है। इस कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित उपखंडों में बरसठी, सिकरारा, नेवढ़िया, सिंगरामऊ और रामपुर शामिल हैं। ऑपरेटरों का कहना है कि उनसे लगातार काम लिया जा रहा है, लेकिन उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों के अनुसार, पिछले चार महीनों से उन्हें यह आश्वासन दिया जा रहा है कि मार्च 2025 तक का बकाया वेतन जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। हालांकि, इस दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

वेतन न मिलने के कारण कंप्यूटर ऑपरेटरों के सामने जीवन-यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इस संबंध में EDD-II के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# समाधान दिवस पर एसपी जौनपुर ने की जनसुनवाई

## थाना लाइन बाजार का किया निरीक्षण

- फरियादियों की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ ने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर थाना लाइन बाजार पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित मामले के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए थाना प्रभारी लाइन बाजार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के बाद एसपी ने थाना परिसर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों एवं दस्तावेज़ों का अवलोकन कर उन्हें अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। एसपी ने पुलिस कर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की भी जाँच की। उन्होंने मेस, बैरक तथा परिसर की साफ़-सफ़ाई का निरीक्षण कर उच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए। मालखाने में रखे सामान तथा शस्त्रागार में हथियारों की देखरेख व सुरक्षा व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने को कहा। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या गंभीरता से सुनी जाए तथा उसका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता व अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर भी विशेष बल दिया।

### दुकान पर शराब पिलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र में अवैध रूप से दुकानों पर बैठकर शराब पीने और पिलाने की शिकायतों के मद्देनज़र पुलिस ने शुक्रवार शाम विशेष अभियान चलाया। थानाध्यक्ष प्रकाश शुक्ल फोर्स के साथ सेवईनाला बाज़ार और सरैयां मोड़ पहुंचे, जहां करीब 20 चाय-पान की दुकानों पर गहन जांच- पड़ताल की गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि कोई दुकानदार अपनी दुकान पर बैठाकर शराब न पिलाए और न ही शराब पीने वालों को संरक्षण दे। जांच के दौरान पुलिस को किसी भी दुकान पर शराब पीते हुए ग्राहक नहीं मिले, लेकिन थानाध्यक्ष ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी। थानाध्यक्ष प्रकाश शुक्ल ने दुकानदारों को चेताया कि यदि किसी दुकान पर शराब पीते या माहौल खराब करते लोग पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार सिंह, पंकज पुरी, तेज बहादुर सिंह और प्रदीप यादव भी मौजूद रहे। पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया।



# समीक्षा में सख्ती: जिलाधिकारी ने किया सिकरारा ब्लॉक का आकस्मिक निरीक्षण, धीमे बूथों को दी कड़ी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जौनपुर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शनिवार को खंड विकास अधिकारी सिकरारा के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की। डिजिटाइजेशन में आ रही तकनीकी व कार्यगत परेशानियों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समस्या का समाधान बिना देरी के किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि– जिन बूथों पर कल कार्य संतोषजनक नहीं था, वहाँ आज प्रगति दिखनी ही चाहिए। बूथवार समीक्षा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि हर बूथ पर नियमित व सक्रिय रूप से कार्य किया जाए, जिससे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की गति तेज हो सके। जिलाधिकारी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गणना प्रपत्रों के वितरण और फीडिंग में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएँ।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं बीएलओ को फोन कर गणना प्रपत्र के वितरण और संग्रहण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, विभागीय कर्मचारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निमंत्रण से लौट रहे स्कूटी सवार की कार दुर्घटना में मौत

- स्थानीय लोग ने उन्हें उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के बाईं पास पर वैगनआर कार से टकराकर घायल स्कूटी सवार की मौत हो गई। बताते हैं कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलमगंज निवासी पंडित अवधेश चतुर्वेदी उम्र लगभग 52 वर्ष शुक्रवार के दिन एक निमंत्रण करने के लिए मड़ियाहूं गए हुए थे। दिन के लगभग 3:00 बजे वह अपनी स्कूटी से निमंत्रण करके वापस लौट रहे थे। जब वह बाईपास के पास से गुजर रहे थे तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह अपनी स्कूटी से छटक कर दूर जा गिरे। स्थानीय लोग ने उन्हें उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए जहां गंभीर को लगने के कारण चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर हालात काबू में न होने के कारण उन्हें ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर किया गया। वाराणसी ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जैसे ही यह खबर उनके घर पहुंची तब वहां कोहराम मच गया। पंडित अवधेश चतुर्वेदी गीतांजलि संस्था समेत कई सामाजिक संस्थाओं से इनका विशेष लगाव रहा है। उनके शुभचिंतकों की भीड़ जिला चिकित्सालय में देर रात तक जुटी हुई थी। सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी सहित तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और गहरा दुख व्यक्त किया है।

### बीआरपी इंटर कॉलेज में एएसपी ने छात्रों को बताए सुरक्षित सफर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** यातायात माह नवंबर के तहत बी.आर.पी. इंटर कॉलेज, जौनपुर में शनिवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मकसद छात्रों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की अहमियत बताना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक नगर (IPS) आयुष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित सफर की शुरुआत नियमों के पालन से होती है। एएसपी ने अपने संबोधन में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षक उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट हादसों में गंभीर चोटों से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। तेज रफ्तार से बचें एएसपी ने छात्रों को आगाह किया कि ओवर-स्पीडिंग दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है। नशे में ड्राइविंग पर कड़ा संदेश उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल खतरनाक है, बल्कि कानूनी कार्रवाई का भी कारण बनता है। जेब्रा क्रॉसिंग और सिग्नलों का पालन जरूरी उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार यात्री बनने का संदेश देते हुए कहा कि सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का इस्तेमाल और ट्रैफिक सिग्नलों का पालन बेहद जरूरी है।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बोलेरो में पीछे से मारी टक्कर, स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी–दो लोग गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के बसूही नदी सीरिया पुल पर उगापुर गांव निवासी चालक अजय पटेल बोलोरो लेकर उसी गांव के 5 से 6 लोगों को बैठाकर मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के मईडिह गांव में शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे की आज शनिवार की दोपहर उगापुर गांव निवासी राजेंद्र पटेल ने बताया कि हम लोग बोलोरो में सवार होकर दोपहर जैसे ही जमालापुर से मड़ियाहूं जा रहे थे कि जैसे बसूही नदी पुल पर पहुंचे जमालपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो ने बोलेरो में पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गई स्कॉर्पियो में तीन से चार लोग सवार थे जिसमें शालू यादव व महिला सुनीता यादव को गंभीर चोटें आई हैं स्थानीय लोगों ने घायलों को बाइक से लेकर मड़ियाहूं निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गए बोलेरो में सवार सभी लोग सुरक्षित रहें लेकिन बोलेरो गाड़ी के पिछला हिस्सा डैमेज हो गया बताया जाता है कि स्कार्पियो सवार सरिया गांव गांव निवासी थे वाराणसी जनपद के बड़ागांव में शादी समारोह से अपने घर लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गई स्कार्पियो का नम्बर क्क65ष्ठड्ड6880 है वही स्कॉर्पियो आगे का हिस्सा व केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है स्थानीय लोगों ने बताया उस वक्त कोई बाइक और कोई था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी स्थानी लोगों ने पलटी हुई स्कॉर्पियो को लोगों की मदद सीधा कर खड़ा किया गया इस मामले मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस ने कहा दो गाड़ी मालिक आपस में समझ लिए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकारों को समझाई एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित मीडिया संवाद के दौरान बताया कि जनपद में मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध और त्रुटिरहित बनाए जाने के उद्देश्य से विशेष प्रागढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सुनिश्चित रूप से पंजीकृत कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने की तिथि 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 09 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा तथा दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक रहेगी। दावे- आपत्तियों पर नोटिस जारी करने, सुनवाई, सत्यापन तथा निस्तारण का कार्य 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 1522 पोलिंग स्टेशन स्थापित हैं और उतनी ही संख्या में बीएलओ की तैनाती की गई है। वर्ष 2024 की मतदाता सूची के अनुसार जनपद में 12,89,220 मतदाता पंजीकृत हैं। बीएलओ के कार्यों के प्रभावी निरीक्षण हेतु 153 सुपरवाइजर, 03 ईआरओ और 15 एईआरओ नामित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा 1522, भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1464 तथा बहुजन समाज पार्टी द्वारा 987 बूथ एजेंट नियुक्त किए गए हैं, जबकि अन्य दलों की प्रगति अभी शून्य है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर ले कि उसका नाम दो स्थानों पर दर्ज न हो तथा वितरण किए गए गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर अवश्य करें। साथ ही, बीएलए अधिकतम 50 प्रपत्र भरवाकर जमा कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि ब्लॉक स्तर पर स्थापित ई-फॉर्म सबमिशन सेंटरों पर शुद्ध पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं जा रहे है, ताकि गणना प्रपत्र को सही जानकारी सहित भरकर समय पर जमा करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व देवेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार आदि उपस्थित रहें।

## वैदेही के राम की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शनिवार की शाम महादेवा महोत्सव के छठे दिवस पर कारवाँ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य कार्यक्रम 'वैदेही के राम' ने दर्शकों का मन मोह लिया। संस्थापक एवं अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव के निर्देशन में संस्था के कलाकारों ने अवध की लोकसंस्कृति और रामायण की भावधारा को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। पाँच वर्षों से लोककला के उत्थान में सक्रिय कारवाँ फाउंडेशन की टीम ने महोत्सव के प्रतिष्ठित मंच पर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। लोकभक्ति गीतों पर सजी रामदृसीता की सांस्कृतिक झांकी कार्यक्रम की शुरुआत अवध के राम भजनों से हुई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। राजा जनक जी के बाग में अलबेला दूल्हा आयो रे, सीता बहिनिया हमार हो, आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया और घर लौटे रमैया जैसे गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रस्तुति में प्रज्ञा पाठक, श्वेता शुक्ला, मुस्कान गुप्ता, अंशिका तिवारी एवं अनंत शर्मा ने प्रमुख भूमिकाएँ निभाईं।

# नवीनतम तकनीक का व्यवहारिक ज्ञान देकर सोलर पम्प मैकेनिक के रूप में तैयार किया जायेगा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिये उपनिदेशक कृषि रवि चंद्र प्रकाश ने बताया है कि राज्य कृषि विकास योजनान्तर्गत सोलर पम्प स्थापना/अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजना वर्ष 2025-26 हेतु जनपद के प्रत्येक तहसील से 01 अभ्यर्थी का चयन सोलर पम्प की स्थापना एवं अनुरक्षण के सम्बन्ध मे नवीनतम तकनीक का व्यवहारिक ज्ञान देकर सोलर पम्प मैकेनिक के रुप मे तैयार किया जायेगा। प्रतिभागियो के चयन हेतु निम्नलिखित मानदण्ड निर्धारित है, इसमे अभ्यर्थी इलेक्ट्रीशियन/ इलेक्ट्रानिक/ फिटर ट्रेड मे 02 वर्षीय आई0टी0आई0 अथवा इंजीनियरिंग मे 03 वर्षीय डिप्लोमा धारक/ इंजीनियरिंग मे स्नातक होना चाहिये अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिये। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार अपने सभी दस्तावेज 30 नवम्बर 2025 तक कार्यालय उप कृषि निदेशक उन्नाव मे जमा करे। उम्मीदवारो का चयन जनपदस्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। चयन के उपरान्त राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ मे प्रशिक्षणार्थियो का सोलर पैनल के सयोजन पम्पो के संचालन मे आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयो को दूर करने आदि का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमे निःशुल्क रहने एवं खाने की व्यवस्था संस्थान द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।यह प्रशिक्षण कुल 15 कार्य दिवसो का होगा। प्रशिक्षण अवधि मे प्रशिक्षुओ को अवकाश देय नही होगा। प्रशिक्षण के दौरान एवं प्रशिक्षण उपरान्त एक परीक्षा ली जायेगी। जिसमे सफल अभ्यर्थियो का ही प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान की जायेगी।

# एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया है। 196- छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कन्या प्राथमिक विद्यालय सिलुआपुर कक्ष नम्बर 02 की बीएलओ रंजीत सिंह पाल (स0अ0) एवं अशोक कुमार गंगवार मेमोरियल इण्टर कालेज ताहपुर कक्ष नम्बर 02 की बीएलओ ललिता (आंगनवाडी कार्यकत्री) व प्राथमिक विद्यालय टिकुरियन की बीएलओ गीता (आंगनवाडी कार्यकत्री) द्वारा सर्वाधिक गणना प्रपत्र भरवाये गये।

इसी प्रकार 197-तिर्वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम्पोजिट विद्यालय नया भवन उमरन कक्ष नम्बर 02 की बीएलओ लल्लन बाबू (रोजगार सेवक) एवं कम्पोजिट विद्यालय नया भवन उमरन कक्ष नम्बर 03 की बीएलओ राजीव यादव (अनुदेशक) व प्राथमिक विद्यालय अमृतपूर्वा की बीएलओ देवेश कुमार (रोजगार सेवक) द्वारा सर्वाधिक गणना प्रपत्र भरवाये गये।

इसी क्रम में 198-कन्नौज (सु.)विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय नेरा की बीएलओ मैसर बानो (आंगनवाडी कार्यकत्री) एवं कम्पोजिट विद्यालय महमूदपुर बीजा की बीएलओ ओमप्रभा (आंगनवाडी कार्यकत्री) व प्राथमिक विद्यालय मित्रसेनपुर की बीएलओ रामा देवी (शिक्षामित्र) द्वारा सर्वाधिक गणना प्रपत्र भरवाये गए जिनको अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित करते हुये उनके मेहनती एवं जिम्मेदाराना कार्य की सराहना की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित करने में बीएलओ एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

ऐसे में जो भी बीएलओ उत्कृष्ट कार्य करते हैं, उन्हें सम्मानित करना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल मेहनत करने वालों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि अन्य को भी प्रेरणा मिलती है कि वे अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ कैसे निभाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन के लिए बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और उनके प्रयासों से ही निर्वाचन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो पाती है।

# एसआईआर के अंतर्गत खराब कार्य करने वाले बीएलओ को मिली चेतावनी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत खराब कार्य करने वाले बीएलओ को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं।

196- छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपुर खुबरियापुर कक्ष नम्बर 01 की बीएलओ दुर्गेश दीक्षित (अनुदेशक) एवं प्राथमिक विद्यालय पुराबोझ की बीएलओ मित्रसेन वर्मा (शिक्षामित्र) व स्व0 रामकृष्ण आर्य म्यूनिसिपल कक्ष इण्टर कालेज गुरूसहायगंज कक्ष नम्बर 02 की बीएलओ पूनम गुप्ता (अनुदेशक) द्वारा गणना प्रपत्र में धीमी प्रगति पायी गई।

इसी प्रकार 197-तिर्वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय नगला सहोरा की बीएलओ सुमन (आंगनवाडी कार्यकत्री) एवं प्राथमिक विद्यालय पूराराय की बीएलओ कुलदीप सिंह (रोजगार सेवक) व प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर की बीएलओ अनुज कुमार (स0अ0) द्वारा गणना प्रपत्र में धीमी प्रगति मिली।

इसी क्रम में 198-कन्नौज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कन्या प्राथमिक विद्यालय बेहटा कक्ष0 नम्बर 03 की बीएलओ सुनीता कटियार (आंगनवाडी कार्यकत्री) एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अनौगी कक्ष नम्बर 02 की बीएलओ बन्दना (आंगनवाडी कार्यकत्री) व कम्पोजिट विद्यालय सिकरोरी की बीएलओ मन्नो देवी (आंगनवाडी कार्यकत्री) द्वारा गणना प्रपत्र में धीमी प्रगति पाये जाने पर उपरोक्त बीएलओ को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये।

# नुक्कड़ नाटक कर समझाया, एसआईआर फार्म दो जगह से भरा तो जाओगे जेल

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मतदाताओं से अपील की कि एसआईआर (मतदाता सूची पुनरीक्षण) फॉर्म भरते समय सही जानकारी देना अनिवार्य है। यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर पाया जाता है, तो उसे जेल और जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। डीएम अग्निहोत्री ने कलक्ट्रेट सभागार में मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) घर-घर जाकर जो फॉर्म पहुंचा रहे हैं, उन्हें सावधानीपूर्वक भरें और सभी विवरण सही-सही दें। यदि किसी मतदाता का वोट एक से अधिक जगह पर बना हुआ है, तो उसे तत्काल कटवा दें। ऐसा न करने पर एसआईआर फॉर्म के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि गणना प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक सफलतापूर्वक पहुंचाए गए हैं। जिले की तीनों विधानसभाओं में कुल 1522 बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनके तहत 12 लाख 79 हजार मतदाताओं तक ये प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे इन प्रपत्रों को जल्द से जल्द जमा करें, क्योंकि यह एसआईआर अभियान 4 दिसंबर तक जारी रहेगा। मतदाताओं को एसआईआर के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, कलेक्ट्रेट में डीएम की उपस्थिति में गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से डबल वोट होने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई का संदेश दिया गया।

## थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी पहुंचे थाना सौरिख



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से थाना सौरिख में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उपस्थित संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने इस मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में भूमि विवाद, नाली, चकमार्ग/सरकारी भूमि/तालाबों पर अवैध कब्जा इत्यादि से संबंधित शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करें। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी सहित राजस्व निरीक्षक, उपस्थित रहे।

## दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने आजमाये दांव पेंच

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। सुप्रसिद्ध तीर्थ लोधेष्वर महादेवा महोत्सव मे दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक संजय तिवारी व हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत बाबा बलराम दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व पहलवानो का हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। पहली कुश्ती नेपाल के लकी थापा व सूरज पहलवान के बीच हुई बड़े कांटे के मुकाबले में लकी थापा ने सूरज को चारों खाने चित किया। दूसरी कुश्ती मुल्तानी उन्नाव व मोनू दिल्ली के मध्य हुई जिसमें यह कुश्ती बराबर पर छूटी। तीसरा मुकाबला मोहम्मद परवेज सहारनपुर व धर्मेंद्र गोरखपुर के बीच हुवा जिसमें परवेज ने बाजी मारी। चैथा मुकाबला मोनू दिल्ली व गट्टू बस्ती के बीच मोनू ने बाजी मारी। पांचवा मुकाबला सोनू राजस्थान व मो. भूरा जम्मू कश्मीर के बीच हुआ जिसमें मोहम्मद भूरा ने सोनू को चारों खाने चित किया। छठा मुकाबला साधु पहलवान बस्ती व मुल्तानी उन्नाव के बीच हुआ जिसमें मुल्तानी ने जीत हासिल की। सातवां मुकाबला अनिल नंदिनी नगर अयोध्या के बीच में हुआ जो बराबरी पर छूटा। आठवां मुकाबला अरुण पहलवान आगरा तथा नवाज अली पंजाब के बीच हुआ जिसमें मुकाबला बराबरी पर रहा। दंगल देखने को भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस को कड़ी मे मस्कत करनी पड़ी। दंगल प्रतियोगिता में पहुंचे पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी का दंगल संयोजक मंडल द्वारा 21 किलो की माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया तथा पूर्व विधायक ने आखरी व सबसे बड़ी नवी कुश्ती जल्लाद पहलवान व थापा के बीच कराई जो बराबर का रहा। यह कुश्ती फाइनल के लिए दूसरे दिन तय की गई। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मेला सचिव गूंजिता अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश, लेखपाल गुरशरण, दयाशंकर तिवारी, प्रधान बृजेश शर्मा, प्रखर अवस्थी, विकास सिंह, रवि पांडे, सोनू गुप्ता सहित भारी संख्या में गणमान्य जन रहे।

## स्मार्ट मीटर योजना नवाबगंज में लागू उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट मीटर योजना अब नवाबगंज नगर पंचायत सहित उन ग्राम पंचायतों में लागू की जाएगी जहां लाइन लॉस की समस्या अधिक है। इस योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे ताकि बिजली वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाई जा सके और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण हो। एसडीओ रुद्र प्रताप ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि जब स्मार्ट मीटर लगाने की टीम उनके घर आए तो उनका सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस योजना से बिजली की खपत और बिलिंग दोनों में सटीकता आएगी। स्मार्ट मीटर रियल-टाइम रीडिंग भेजते हैं जिससे बिलिंग में गलती या छेड़छाड़ की संभावना खत्म हो जाती है। यह योजना उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आधुनिक पहल का हिस्सा है, जो उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी बिजली सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। इससे स्थानीय लोगों को सुरक्षित, भरोसेमंद और स्मार्ट बिजली सेवा मिलेगी।

# समाजवादी धारा और जन जुड़ाव के पर्याय थे रामसेवक और मुलायम- राजनाथ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

समाजवादी आन्दोलन के सेनानी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयन्ती और समाजवादी पुरोधा, पूर्व सांसद स्व. रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार को गांधी भवन में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने मुलायम सिंह यादव और रामसेवक यादव को सादगी, संघर्ष और जनसेवा की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि रामसेवक यादव और मुलायम सिंह यादव समाजवादी धारा और जन जुड़ाव के पर्याय थे। मुलायम सिंह यादव ने डॉ राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के बताए रास्ते पर चलकर देश के हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली व तरक्की लाने का काम किया। वहीं रामसेवक यादव ने सादगी, विचार और जन जुड़ाव को राजनीति का मुख्य आधार बनाया। दो नेताओं ने समाज के उन लोगों की आवाज को उठाने का काम किया जिनकी कोई नहीं सुनता था। वह दोनों खांटी समाजवादी नेता थे। श्री शर्मा ने बताया कि सूबे में तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव समाजवादी आंदोलन की उपज है। वहीं रामसेवक यादव ने सामंती ताकतों से लड़कर समाजवाद की स्थापना की। सभा में समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि रामसेवक यादव तीन बार लोकसभा सदस्य, दो बार विधायक, विधान मंडल में दल के उपनेता और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। राजनीतिक जीवन में लोहिया के विचार और व्यक्तित्व से उनका गहरा अपनापन रहा। 22 नवम्बर को रामसेवक यादव के निधन से उपजी रिक्तता की भरपाई समाजवादी धारा में पूरी तो नही हो पायी, लेकिन उस विचार परम्परा पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने काफी हद समाजवादी धारा को आगे बढ़ाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनुपम सिंह राठौर, सत्यवान वर्मा, सभासद अष्विनी शर्मा, नीरज दूबे, दीपक मिश्र, आसिफ हुसैन, मनीष सिंह, विजय कुमार सिंह मुन्ना, विजयपाल गौतम, साकेत संत मौर्य, रंजय शर्मा, नीरज दूबे, विनोद भारती, हिमांशु वर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे। गांव गरीब गुरबत मे रहने वाले जनमानस की बुलंद आवाज थे नेता मुलायम सिंह यादव उनके जैसा नेता न कोई हुआ है न आगे होगा। उक्त बात पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती पर सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने कही। श्री गोप ने आगे कहा कि नेताजी हमेशा अपना जन्मदिन पार्टी ऑफिस में आम कार्यकर्ताओं के बीच में मनाते थे। हम सभी कार्यकर्ता व्यक्तिगत मिलकर नेताजी को बधाई देते थे आशीर्वाद लेते थे नेताजी से मिलकर कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मिलती थी। इस बात का दुख सदैव रहेगा। इस मौके पर सदर विधायक सुरेष यादव, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत, सरवर अली खां, राम गोपाल रावत पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, सरताज चैधरी विकास यादव हुमायूं नईम खान ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा आदि लोगों ने अपने विचार रखें।

# डीएम ने किया मतदाता फार्म जमा केंद्र का खड़नी में निरीक्षण, दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खण्ड खड़नी सौरिख में संचालित ईएफ सबमिशन सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों की व्यवस्थाओं, कार्य की प्रगति का अवलोकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों से संबंधित गणना प्रपत्रों का कार्य प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक बिना किसी विलंब के पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रों में शुद्ध पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित रहे तथा प्रत्येक कार्य बीएलओ ऐप के माध्यम से ही किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुपरवाइजरों एवं मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देशित किया कि वे बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें कार्य के प्रति प्रोत्साहित करें। प्रत्येक बीएलओ द्वारा प्रतिदिन कम से कम 100 प्रपत्र गुणवत्तापूर्ण रूप से भरे जाने चाहिए। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रपत्र में त्रुटि न हो तथा किसी व्यक्ति का फॉर्म दो बार न भरा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कम खर्चे में पीड़ितों को न्याय दिलवायें अधिवक्ता : सिद्धार्थ अवस्थी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

बार भवन सिरौलीगौसपुर में संविधान दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के जिलाध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी की अगुवाई और अध्यक्ष काशीप्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान कठिन परिश्रम के बाद 1950 में लागू हुआ था। उन्होंने जोर दिया कि संविधान का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक होना चाहिए, ताकि जनता को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का बोध हो सके। अवस्थी ने अधिवक्ताओं से कहा कि उनका कर्तव्य है कि वे कम से कम खर्च में न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ बनाकर लोगों को न्याय दिलाएं। उन्होंने गरीबों और दबे-कुचले लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए कानून का गहन अध्ययन करने पर भी बल दिया।

अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने संविधान दिवस पर विस्तृत जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा और शिव वरदान सिंह ने कहा कि देश संविधान से संचालित होता है और ऐसी गोष्ठियां अधिवक्ताओं का मनोबल बढ़ाती हैं।

# एसआईआर फार्म भरवाने में सभासदों ने कसी कमर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। एझआईआर फार्म को भर कर जमा करने के लिए कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग काफी तनाव में नजर आ रहे हैं। किसी का फार्म आया तो वोटर लिस्ट में नाम शामिल नही है। वहीं मूर्तजीपुर ग्राम पंचायत में काफी लोगों के नाम एक साथ वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नही होने से वह लोग इधर उधर भटक रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में भी 4 नम्बर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो हुई है। जिसकी अंतिम तिथि 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित है। ऐसे में जैदपुर नगर पंचायत के कई सभासदों के साथ समाजसेवी लोगों द्वारा अपने वार्ड के मतदाताओं के सहयोग के लिए घर पर फार्म भरे जा रहे हैं। जिसमें छोटी बाजार के सभासद मो कासिम, वसीनगर में निजामुद्दीन, गढ़ीकदीम में मो आलम, रईस कटरा मो ताहिर अंसारी, खुर्शीद आलम, मदरसा नुरुल उलूम, मास्टर अख्तर, रजा मिया, मास्टर ज़फर, पूर्व सभासद मो उमैर अंसारी आदि मतदाताओं के सहयोग के लिए फार्म भर रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा बीएलओ के सहायक के रूप में नगर पंचायत सफाई कर्मियों को लगया गया है। लेकिन उसके बाद कई वार्ड में भरे फार्म बीएलओ तक जमा नही हो पाए हैं। वहीं मोहल्ला छेदा कटरा में काफी लोगो के नाम 2003 की सूची में नही आए हैं। ईओ रामजनक तिवारी ने बताया कि बीएलओ के साथ हर वार्ड में सहायक लगाए गए हैं। सभी बीएलओ की निगरानी के लिए लेखपाल व नगर पंचायत द्वारा निगरानी की जा रही है।

# घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें बीएलओ : प्रीति सिंह

## सैदनपुर मतदान केन्द्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को एसआईआर कार्य में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की बैठक के बाद शुरू किया गया है। सीडीओ ने शुक्रवार रात तहसील सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

तहसील उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने शनिवार को सैदनपुर सहित कई मतदान बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह निरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया था। राजस्व प्रशासन इस महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सक्रिय है। एसडीएम ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें, उन्हें आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराएं और भरे हुए फॉर्म वापस लें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इन फॉर्मों को तुरंत ऑनलाइन दर्ज करने का कार्य शुरू किया जाए। प्रीति सिंह ने बीएलओ को बताया कि समय कम है, इसलिए उन्हें तेजी से कार्य करना होगा ताकि एसआईआर कार्य समय पर पूरा हो सके। इस दौरान उनके साथ लेखपाल आशुतोष मिश्रा और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मसूद रियाज भी मौजूद थे। इसी क्रम में सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने लोधपुरवा और बदोसराय स्थित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को एसआईआर कार्य में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की बैठक के बाद शुरू किया गया है। सीडीओ ने शुक्रवार रात तहसील सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। सीडीओ के निर्देशों के बाद से ही विकास विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी फील्ड में उतरकर बूथों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। बदोसराय में ग्राम प्रधान निसार मेहंदी भी फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। निरीक्षण के समय, लोधपुरवा बूथ पर बीएलओ सीमा कार्य करती हुई मिलीं।

# कश्मीर में बनी दिल्ली धमाके की प्लानिंग

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी तैयारी और नूंह को छिपने के लिए चुना, मॉड्यूल ट्रेस हुआ तो उमर सुसाइड बॉम्बर बना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद

दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच में फरीदाबाद के व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की साजिश अब पूरी तरह सामने आ रही है। एजेंसियों के मुताबिक इस मॉड्यूल की प्लानिंग बेहद खतरनाक थी। एनआईए ने कश्मीर से लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी और नूंह के रास्ते दिल्ली में किए गए ब्लास्ट की पूरी साजिश क्रैक की है। जांच टीम ने इस मॉड्यूल के संपर्क में आए 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की। इससे पता चला कि मॉड्यूल को सुसाइड बॉम्बर तैयार करने, ड्रोन अटैक कराने और लोन वुल्फ हमले तक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यानी एक ही नेटवर्क के जरिए कई तरह के हमले कराने की प्लानिंग चल रही थी। एनआईए के मुताबिक इस मॉड्यूल की जड़ें कश्मीर में खड़ी की गईं और उसके बाद फरीदाबाद के धौज में स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस को ऑपरेशन और प्लानिंग सेंटर बनाया गया। उसी दौरान यह फैसला भी हुआ कि इस मॉड्यूल में डॉक्टरों को शामिल किया जाएगा, ताकि ब्लास्ट और विस्फोटक तैयार करने का काम साइंटिफिक तरीके से हो सके। 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास शाम 6.52 बजे हुए कार ब्लास्ट में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 से ज्यादा घायल हैं। इस आतंकी साजिश में अब तक 6 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।



### फरीदाबाद मॉड्यूल का खतरनाक प्लान क्या था...

- **सीरियल आईईडी ब्लास्ट:** मॉड्यूल ने 2,900 किलो अमोनियम नाइट्रेट से 200 आईईडी तैयार कर दिल्ली-एनसीआर में सीरियल ब्लास्ट प्लान किए थे। यह हमला 26/11 जैसा किया जाना था, जिसमें ज्यादा से ज्यादा जान का नुकसान करने का टारगेट रखा गया था।
- **सुसाइड बॉम्बिंग अटैक:** डॉ. उमर उन नबी जैसे डॉक्टरों को सुसाइड बॉम्बर बनाकर फिदायीन हमला करवाया जाना था। डॉ. उमर ट्रेंड बॉम्बर था और लगातार गिरफ्तारियां होने के बाद दिल्ली के लाल किला जाकर पैनिक ब्लास्ट कर दिया।
- **हमास स्टाइल ड्रोन अटैक:** अपने हैंडलर के इशारे पर ड्रोन में विस्फोटक फिट करके अटैक करना था। जासीर बिलाल वानी जैसे टेक्निकल एक्सपर्ट्स को इसी तरह की ट्रेनिंग देकर मास्टर ट्रेनर तैयार किया जाना था। जो आगे दूसरे सदस्यों को ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी संभालता।
- **32 वाहनों में कार बम प्लान:** प्लानिंग के अंतिम चरण में नई या सेकेंड हैंड 32 कारों की फ्लीट तैयार करनी थी। जिनमें आईईडी फिट कर अटैक करना था। 4 कारें खरीद ली गई थीं। अल-फलाह यूनिवर्सिटी से मिली डॉक्टरों की डायरी को डीकोड करने पर यह जानकारी मिली।
- **लोन वुल्फ अटैक:** हैंडलर ने सुसाइड बॉम्बिंग के साथ लोन वोल्फ अटैक के लिए रिक्रूटमेंट किया, यानी डॉक्टरों को अकेले ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी गई, ताकि डिटेक्शन कम हो। साथियों के अरेस्ट होने के बाद उमर ने लोन वुल्फ मोड अपनाया। यह मॉड्यूल की बैकअप स्ट्रैटजी थी यानी अकेले ही अटैक करके बड़े प्लान को कवर करना।

### स्लीपर सपोर्ट के लिए नूंह का इस्तेमाल

इन्वेस्टिगेशन से जुड़े एक सीनियर अधिकारी के मुताबिक अब तक की जांच में पता चला है कि फरीदाबाद मॉड्यूल ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के आसपास के क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स और स्टोरेज सेंटर बनाया तो नूहं जिले में विस्फोटक एसेंबलिंग और छिपने के लिए स्लीपर सपोर्ट लेने का प्लान बनाया था। यहां से निकलने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, कुंडली मानेसर एक्सप्रेसवे, दिल्ली-आगरा हाईवे के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर के साथ साथ ऐतिहासिक शहरों से सीधी कनेक्टिविटी थी। यहां पर आने जाने वालों की जांच भी बहुत कम होती है। यूनिवर्सिटी की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को साथ लाना और फिर डॉ. उमर के नूंह में छिपना इसी स्ट्रेटजी का हिस्सा माना है।

### पहला प्रोफेशनल वुमेन टेरर नेटवर्क

जांच एजेंसियों के मुताबिक, फरीदाबाद मॉड्यूल के व्हाइट-कॉलर टेरर ग्रुप ने यूनिवर्सिटी को बेस बनाकर पहला प्रोफेशनल वुमेन टेरर नेटवर्क खड़ा करने की योजना बनाई। डॉ. शाहीन सईद को इसका हेड बनाया गया। इसके तहत वुमेन स्टूडेंट्स का ब्रेनवॉश कर आईईडी असेंबली, रेकी और सुसाइड अटैक के लिए तैयार करना था। ये भी पता चला है कि जैश-ए-मोहम्मद ने इसी साल अक्टूबर में पाकिस्तान के बहावलपुर जमात-उल-मोमिनात का गठन किया था और मसूद अजहर की भाभी सादिया अजहर को इसका हेड बनाया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रिक्रूट किया। इसी तरह भारत में इस आइडिया पर काम करने के लिए डॉ. शाहीन सईद को जिम्मेदारी दी गई थी।



### फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल कैसे पकड़ा गया

- **अक्टूबर 2023:** कश्मीर के कुलगाम जिले की एक मस्जिद में पहली मीटिंग हुई। मौलवी इरफान अहमद ने डॉ. मुजम्मिल, अदील अहमद समेत कश्मीरी डॉक्टरों को जिम्मेदारियां दीं। अल-फलाह यूनिवर्सिटी को ऑपरेशन का बेस बनाने को कहा।
- **जनवरी 2025:** मॉड्यूल ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास किराए के कमरों में अमोनियम नाइट्रेट, हथियार और अन्य विस्फोटक सामग्री का स्टॉक जमा करना शुरू किया।
- **18-19 अक्टूबर 2025:** श्रीनगर-नौगाम इलाके में प्रोपेगैंडा पोस्टर मिले। J&K पुलिस ने मौलवी इरफान अहमद और जमीर अहमद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अल-फलाह यूनिवर्सिटी और कश्मीरी डॉक्टरों की भूमिका सामने आई।
- **30 अक्टूबर 2025:** अल-फलाह यूनिवर्सिटी से डॉ. मुजम्मिल शकील को हिरासत में लिया गया। इसके बाद फरीदाबाद में 12 टीमों ने बड़े पैमाने पर सर्चिंग शुरू की।
- **8-10 नवंबर 2025:** डॉ. मुजम्मिल की पूछताछ से अहम लीड मिली। अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास धौज गांव से 360 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट और हथियार, फतेहपुर तगा से 2,563 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट, एके-47, डेटोनेटर और 20 टाइमर जब्त किए।
- **10 नवंबर 2025:** गिरफ्तारियों के दबाव में यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमर-उन-नबी ने शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किला मेट्रो के पास आई20 कार में पैनिक ब्लास्ट किया।
- **11-16 नवंबर 2025:** यूनिवर्सिटी के 3 डॉक्टर डिटेन किए गए। एनआईए ने आमिर राशिद अली को 10 दिन की कस्टडी में लिया। कुल मिलाकर 15+ लोगों की गिरफ्तारी हुई।
- **17-18 नवंबर 2025:** ईडी ने 19 जगहों पर छापेमारी की और अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया।
- **20 नवंबर 2025:** एनआईए ने डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. शाहीन और मौलवी इरफान को 10 दिन की कस्टडी में लिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में इजरायल मिशन

# भारत-इजरायल रिश्तों में 'ग्रोथ इंजन' की तलाश

अभी व्यापार एवं उद्योग के प्रतिनिधि मंडल में एक ऐसे देश में जाने का अवसर मिला, जिसके नाम से ही स्फूर्ति, सुखद अनुभूति एवं प्रेरणादायक वातावरण बन जाता है। छात्र जीवन से ही इजरायल की वीरता और नवाचार की कहानियां सुनते आ रहे हैं, हालाँकि इजरायल का जन्म हमसे एक वर्ष बाद 1948 में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर की बड़ी मार से कराह रहा यहूदी समुदाय, ब्रिटेन के सहयोग से 1948 में मिडिल ईस्ट में 14 अरब देशों से घिरे छोटे से देश में पुनः बस गया, जिसमें विश्व में बिखरे यहूदी आकर बसे। इनमें 85 हजार भारतीय मूल के भी हैं। छोटी-सी आबादी का देश, सीमित संसाधन, 60 प्रतिशत भूमि रेतीली, पानी नाम मात्र को एक लेक। रिसर्च और नवाचार पर बड़ा खर्च करने की चुनौती, पानी से लेकर कृषि पदार्थों की चुनौती। लेकिन कहते हैं आवश्यकता आविष्कारों की जननी होती है। आज स्वयं अपने पैरों पर ही नहीं, हर क्षेत्र में विश्व को मार्ग दिखा रहा है। मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएँ होंकृपानी और कृषि। छोटी आबादी, एक-एक जीवन महत्वपूर्ण। मानव स्वास्थ्य हेतु चिकित्सीय क्षेत्र में आज एक अग्रणी देश जो चिकित्सीय क्षेत्र को न केवल अपने पैरों पर खड़ा करने की बात करता है, बल्कि अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन बनने की राह पर है। देश की आंतरिक सुरक्षा हो या फिर बाह्य सुरक्षा, साइबर सुरक्षा हो या एआई, इजराइल आविष्कारों की जननी है, और रक्षा क्षेत्र में तो पूरा विश्व अचंभित है। मात्र 1.20 करोड़ की आबादी का एक छोटा देश और पूरे विश्व में मात्र एक यहूदी देश। चारों तरफ से दुश्मनों से घिरा हुआ, इजरायल शोध पर एक बड़ा बजट, देश की जीडीपी का 6 प्रतिषत खर्च करता है। आम तौर पर इसराइल शांतिपूर्ण देश है। फिलिस्तीन सहित सबमें शांति चाहता है। अच्छी-खासी आबादी अरबी है। सनातन की तरह यहूदियों का भी 'वसुधैव कुटुंबकम्' में विश्वास है। लेकिन इस्लामिक देशों के मूल में है या धर्म के अर्थ को समझने की गलतीकृउन्हें लगता है इस्लाम के अतिरिक्त बाकी सब काफिर हैं, उनके जीने का अधिकार नहीं है। ईरान, जिसका कोई बॉर्डर इजरायल के साथ नहीं लगता, फिर भी धार्मिक कट्टर सरकार ने घोषणा की है कि यहूदियों को जीने का अधिकार नहीं है, उसे खत्म करना ही लक्ष्य है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल जी के नेतृत्व में, प्रभावी उद्घाटन सत्र। इजरायल के आर्थिक मंत्री नीर बरकत की आपसी सहयोग की प्रतिबद्धता। दोनों देशों के बढ़ते हुए सहयोग एवं मजबूत रिश्ते, मुक्त व्यापार (एफटीए) की ओर बढ़ते कदम। बी-टू-बी मीटिंग्स, सीईओ फोरम में देश की बड़ी हस्तियों की प्रतिभागिताकृअमूल, एशियन पेंट, ओएनजीसी, चिकित्सा क्षेत्र की अग्रणी हस्तियाँ, नवाचार में निवेशक कंपनियाँ, कोहिनूर राइस, दावत राइस सहित फूड प्रोडक्ट्स कंपनियां, देश की मेट्रो रेल का काम कर रही अग्रणी कंपनी ए एफ सी ओ एन, देश के जाने-माने हीरा व्यापारियों के साथ। इन सबसे ऊपर देश का भविष्यकृबड़ी संख्या में स्टार्ट्स-अप और सबसे छोटे जाने जाने वाले, लेकिन रोजगारों की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण फुटवियर एवं लेदर गुड्स के प्रतिनिधि के रूप में मुझे भी प्रतिभागिता का अवसर मिला। इजरायल जैसे देश में गाला डिनर विशुद्ध शाकाहारी और शाकाहारी में भी व्यंजन कैसे हो सकते हैं और 5 कोर्स मील भी हो सकता है! विभिन्न मुद्राओं में ओडिसी नृत्य। दोनों देशों के मंत्रियों आदरणीय पीयूष गोयल जी (पत्नी सीमा गोयल सहित) एवं इजरायल के आर्थिक मामलों के मंत्री श्री नीर बरकत (पत्नी सहित) सभी प्रतिभागियों से आत्मीयता से मिलना और छाप छोड़ने वाला स्नेहसिक्त उद्बोधन। इजरायल के पूर्व प्रधान मंत्री शिमोन पेरेस के नाम पर बना शिमोन पेरेस इनोवेशन सेंटर इजरायल के लिए ही नहीं, पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है, जिसमें नवाचार का प्रदर्शन तो है ही यह अपने देश के नेता शिमोन पेरेस के प्रति अथाह प्रेम एवं सम्मान में उनकी एक-एक स्मृति को संजोया गया है। चिकित्सीय क्षेत्र में मिडल ईस्ट का सबसे बड़ा अस्पताल शेबा हॉस्पिटल, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी चेक पॉइंट सहित कृषि क्षेत्र को देखने और समझने का मौका मिला। किस तरह कृषि को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर उद्योग बनाया जा सकता है, निर्यात किया जा सकता है! कल्पना कीजिए, रेतीली भूमि वाला छोटा-सा देश, जिसके लिए अपने देश के लिए आपूर्ति करना भी चुनौती था, आज न केवल कृषि उत्पादों, बल्कि कृषि संयंत्रों सहित कृषि तकनीक निर्यात करने वाला अग्रणी देश है।

कुल मिलाकर हम सबको, अपने से छोटे भले ही हों, इन नवाचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा। लक्ष्य विश्व की चौथी या तीसरी का नहीं, विकसित भारत और पहली अर्थव्यवस्था बनने का है। आयोजक संस्थाओं में फिक्की, सीआईआई एवं एसोचैम का सुंदर आयोजन के लिए आभार।



पूरन डावर
चिंतक एवं विश्लेषक



# जो जागकर भी सोया, उसे जगा नहीं सकते: धनखड़



- भोपाल में कहा, भगवान करे कोई नैरेटिव के चक्कर में न फंसे, इस्तीफे का सवाल टाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार शाम भोपाल के रवींद्र भवन में कहा कि भगवान करे कोई नैरेटिव के चक्कर में न फंसे। जो समझना नहीं चाहते, हर हाल में बात को धूमिल करेंगे। जो जागकर भी सोया हो, उसे जगा नहीं सकते। वे यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यह उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद उनका पहला बड़ा सार्वजनिक संबोधन था। कार्यक्रम के अंत में जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा क्यों दिया, तो उन्होंने हाथ जोड़ लिए, गाड़ी में बैठे और बिना कुछ बोले चले गए।

### अंग्रेजी में बोलूंगा, कुछ लोग मंतव्य तोड़-मरोड़ देते हैं

धनखड़ ने कहा कि मैंने विचार-विमर्श के बाद तय किया कि अब अंग्रेजी में संबोधन करूंगा, क्योंकि जो लोग समझना ही नहीं चाहते, वे हर हाल में बात को गलत नैरेटिव में ढाल देंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के व्यापक कॉन्सेप्ट को सीमित कर दिया गया है। व्यक्ति अकेले नहीं लड़ सकता, लेकिन संस्था लड़ सकती है।

### फ्लाइट पकड़ने की चिंता में कर्तव्य नहीं छोड़ सकता

धनखड़ ने कहा- बहुत पुरानी बात है और बड़ी मुश्किल है... जो सोया हुआ है, उसे जगा सकते हैं, पर जो जागकर भी सोया हुआ है, उसे नहीं जगा सकते। बल प्रयोग भले कर लो। संबोधन के दौरान उन्हें सहयोगी ने फ्लाइट का टाइम याद दिलाया तो धनखड़ बोले- मैं फ्लाइट पकड़ने की चिंता में अपने कर्तव्य को नहीं छोड़ सकता।

### धनखड़ बोले, अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहो

धनखड़ ने कहा कुछ लोगों ने बड़ा हाहाकार कर दिया है। खुद को चुनौतियों के बीच मजबूत रखो। देशभक्ति बहुत जरूरी है। देश के प्रति अपने भाव समझो और वो करो जो देशहित में हो। देश के प्रति आपके कर्तव्य हैं, उन्हें पूरा करो। यह भी देशभक्ति है। बिना किसी बात को समझे, किसी दौड़ में शामिल मत हो। बात को समझो, देखो। अपनी जड़ों को मत छोड़ो, अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहो। अपने दिमाग के टॉनिक के लिए हमेशा अध्ययन करो। समझो, अच्छी चीज समझो। समाज की सुदृढता के लिए प्रयासरत रहो। आज हमारा भारत बदल रहा। अतीत के गौरव को याद दिलाता है। कोई भी सेक्टर हो, हम आगे बढ़ रहे हैं।

### वैद्य ने धनखड़ को अपना अभिभावक बताया

कार्यक्रम में मनमोहन वैद्य ने अपने संबोधन की शुरुआत में जगदीप धनखड़ को अपना अभिभावक कहा। वैद्य ने कहा एक घटना ने मेरे अंदर के लेखक को जाग्रत किया। वैद्य ने कहा- बेवजह विरोध करने से संघ का फायदा होता है। संघ के तृतीय वर्ग के प्रशिक्षण वर्ग में प्रणव मुखर्जी को बुलाया गया था। वह संघ जॉइन नहीं करने वाले थे। उन्हें सिर्फ संबोधन देना था, लेकिन उनका बहुत विरोध हुआ। बेवजह विरोध देखकर मैंने लेखन की शुरुआत की। कार्यक्रम में वृंदावन के श्री आनंदम धाम आश्रम के पीठाधीश्वर ऋतेश्वर महाराज और वरिष्ठ पत्रकार विष्णु त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि थे। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह धनखड़ का पहला बड़ा सार्वजनिक संबोधन था।

## बर्फ से ढंका बद्रीनाथ धाम, उत्तराखंड में जमने लगी झील

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को नवंबर की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया। यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। चमोली जिले की ही शेषनेत्र झील भी जम गई है। वहीं 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिथौरागढ़ का आदि कैलाश इलाके में भी बर्फबारी हुई है। इससे इलाके की सभी झीलें जम गई हैं। इलाके की सुंदरता को देखने पर्यटक भी पहुंच रहे हैं। इधर, राजस्थान में सप्ताह भर बाद सर्दी से राहत मिली है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री तक बढ़कर कई शहरों में सिंगल से डबल डिजिट में आ गया। अगले 2 सप्ताह तक तापमान में गिरावट नहीं होगी। हालांकि, उत्तरी-पश्चिमी हवा से धुंध (स्मॉग) छानी शुरू हो गई है। इससे दिन में धूप अन्य दिनों के मुकाबले कमजोर रही है। मध्य प्रदेश में बीते दो दिन में सर्दी से 2 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर समेत 7 जिलों में शीतलहर चली।

# पुतिन ने किया यूएस की शांति योजना का समर्थन

## कहा, बन सकती है यूक्रेन युद्ध खत्म करने का आधार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मास्को

अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पेश किए गए शांति समझौते के प्रस्ताव पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार देर रात बयान जारी किया। पुतिन ने कहा कि शांति समझौते का अमेरिकी प्रस्ताव यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध के समाधान का आधार हो सकता है। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कीव इस शांति समझौते के प्रस्ताव को नामंजूर करता है तो रूसी सेनाएं और आगे बढ़ेंगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुतिन ने रूसी सुरक्षा परिषद की एक बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से कहा, मेरा मानना है कि इसे आखिरी शांतिपूर्ण समझौते के आधार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।



### अमेरिकी की शांति योजना से क्यों रूस को फायदा?

अमेरिका-रूस की ओर से तैयार शांति योजना के शीर्षक वाले इस फ्रेमवर्क में 28 सूत्रीय एजेंडा रखा गया है। इसके तहत यूक्रेन की संप्रभुता की पुष्टि होगी, लेकिन उसके सशस्त्र बलों की संख्या 600,000 तक सीमित रहेगी। वहीं, यूक्रेन का एक बड़ा हिस्सा रूस को सौंपा जाएगा। साथ ही कीव को नाटो में स्थायी रूप से शामिल होने से रोका जाएगा। इस प्रस्ताव के मुताबिक नाटो को भविष्य में कभी भी यूक्रेन को शामिल नहीं करने और यूक्रेन में अपने सैनिकों को तैनात नहीं करने पर सहमत होने का भी प्रस्ताव है। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस समझौते के प्रस्ताव के संबंध में लचीलापन दिखाने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव अगस्त में रूसी और अमेरिकी नेताओं के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में रखे गए प्रस्ताव का बेहतर संस्करण है।

### रूस से हटेंगे प्रतिबंध, जी7 में फिर से होगा शामिल

इस प्रस्ताव में अमेरिकी फ्रेमवर्क के अनुसार रूस फिर से हमला न करने की प्रतिबद्धता जताएगा और उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर से शामिल किया जाएगा। इसके तहत संभावित प्रतिबंधों में ढील पर चर्चा भी शामिल है। इसके तहत मास्को को जी7 में वापस आने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। जो पहले जी8 था, 2014 में क्रीमिया पर अवैध कब्जा करने और पूर्वी यूक्रेन में सैन्य हस्तक्षेप के बाद रूस को इससे बाहर कर दिया गया था।

### नाटो पर हमला कर सकता है रूस, बोले यूक्रेन के सहयोगी

यूरोपीय और यूक्रेनी अधिकारियों ने गुरुवार को प्रस्ताव के कुछ पहलुओं की आलोचना की। उनका दावा था कि यह केवल मास्को के पक्ष में है। उन्होंने चेतावनी दी कि रूस के आगे झुकने से पुतिन को नाटो पर हमला करने के लिए ही प्रोत्साहन मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कीव को थैंक्सगिविंग डे तक की समयसीमा दी है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव पर विचार करने में यूक्रेन के सामने बहुत कठिन विकल्प है। वाशिंगटन का हवाला देते हुए जेलेंस्की ने कहा, या तो सम्मान का नुकसान होगा या एक महत्वपूर्ण सहयोगी को खोने का जोखिम होगा।

### रूस को हराने का सपना देख रहे: व्लादिमीर पुतिन

पुतिन ने आगे साफ करते हुए कहा, लेकिन इस पर हमारे साथ कोई ठोस चर्चा नहीं हुई है। पुतिन के हवाले से कहा गया, यूक्रेन इसके खिलाफ है। जाहिर है, यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगी अभी भी भ्रम में हैं और युद्ध के मैदान में रूस को रणनीतिक रूप से परास्त करने का सपना देख रहे हैं।

# सम्राट के गृहमंत्री बनते ही एक्शन शुरू, बेगूसराय में एनकाउंटर

- हत्या के आरोपी को बिहार पुलिस ने गोली मारी, एसटीएफ पर फायरिंग कर रहा था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेगूसराय

बिहार में नई सरकार के गठन होने के साथ ही पुलिस बदमाशों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई है। शुक्रवार की रात बेगूसराय में एसटीएफ और जिला पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में एनकाउंटर हुआ। इसमें एक कुख्यात घायल हो गया है। उस पर सरपंच के बेटे के मर्डर का आरोप है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र शालिग्राम और मल्हीपुर गांव के आसपास की है। घायल बदमाश तेघड़ा थाना क्षेत्र के बनहारा गांव के रहने वाले राजकिशोर राय का बेटा शिवदत्त राय (27) है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और कैश भी बरामद किया है। घायल का इलाज बेगूसराय के सिविल हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में चल रहा है। पुलिस उसकी हालत के बारे में अभी कुछ नहीं बता रही है। एसटीएफ को इनपुट मिला था कि फरार बदमाश शिवदत्त राय साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के मल्हीपुर के आसपास हथियार खरीदने आया है। इनपुट मिलते ही एसटीएफ की टीम वहां पहुंच गई। जिसके बाद स्थानीय थाना को सूचना दी गई। शनिवार को बीजेपी ऑफिस पहुंचे सम्राट चौधरी ने कहा कि, नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में हमेशा सुशासन होगा। बिहार के सुशासन ने यहां हमेशा अराजकता को समाप्त किया है। बिहार अपराधियों के लिए नहीं है। यहां से अपराधियों को बाहर जाना होगा।



### पुलिस को देखते ही भागने लगे 6 बदमाश

एसटीएफ और स्थानीय थाना की पुलिस इनपुट वाले जगह पर पहुंची, तो दो बाइक पर सवार 6 बदमाश पुलिस को देखते ही गोली चलाने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई तो एक गोली शिवदत्त राय की जांघ में लगी तो वह गिर गया। जबकि, अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। शिवदत्त राय को पकड़ कर पुलिस ने जब पूछताछ की, तो उसकी निशानदेही पर एक घर से भारी मात्रा में हथियार, कैश और कफ सिरप बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर रियल्टी एक्सपो 2025 में बैंक ऑफ बड़ौदा की दमदार मौजूदगी, घर खरीदारों को मिलेगी आसान फाइनेंसिंग

जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली

देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रगति मैदान में आयोजित PRAXIS Realty E&po 2025 में अपनी सक्रिय भागीदारी के साथ हाउसिंग सेक्टर में ग्राहकों को बेहतर और पारदर्शी वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है। यह एक्सपो घर खरीदारों और प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर्स को एक ही मंच पर लाने का बड़ा आयोजन माना जा रहा है। दो दिवसीय इस एक्सपो में दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के लगभग 20 बड़े डेवलपर्स अपने अत्याधुनिक आवासीय प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर रहे हैं। खास बात यह है कि प्रदर्शित प्रत्येक प्रोजेक्ट उच्च गुणवत्ता, आवश्यक अनुमतियों और वैधता की कसौटी पर पहले से परखा गया है, जिससे खरीदारों को सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प मिल सकें।




बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक्सपो में आने वाले लोगों के लिए ऑन-द-स्पॉट लोन पात्रता जांच, त्वरित प्रक्रिया, और महिला ग्राहकों के लिए विशेष रियायतें प्रदान करने की व्यवस्था की है। बैंक का कहना है कि घर खरीदने की प्रक्रिया में वित्तीय सहायता सबसे अहम चरण होता है, और यही वजह है कि एक्सपो स्थल पर ही विशेषज्ञ टीम तैनात की गई है ताकि ग्राहकों को बिना किसी देरी और परेशानी के मार्गदर्शन मिल सके। बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में रिटेल लोन सेगमेंट में 17.6त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि होम एवं मॉर्गेज लोन पोर्टफोलियो में 17.45त्न की बढ़ोतरी हुई है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें 7त्न से शुरू होती हैं, जो प्रतिस्पर्धी बाजार में खरीदारों के लिए बड़ा आकर्षण है। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय मुदगलियर ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर देश के सबसे सक्रिय और तेज़ी से विकसित हो रहे रियल्टी बाजारों में से एक है। ऐसे में बैंक ऑफ बड़ौदा की कोशिश है कि विश्वसनीय फाइनेंसिंग, पारदर्शिता और सरलता के माध्यम से घर खरीदारों को सकारात्मक अनुभव प्रदान किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सपो जैसे आयोजन ग्राहकों की जरूरतों को समझने और बेहतरीन समाधान उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित होते हैं। रियल्टी सेक्टर में तेजी और उपभोक्ता मांग के बढ़ते रुझान को देखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा की यह पहल घर खरीदारों को अधिक विकल्प, सुरक्षित निवेश और बेहतर वित्तीय समर्थन प्रदान करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। एक्सपो में पहुंचने वाले आगंतुकों को बैंक की ओर से आकर्षक फाइनेंसिंग ऑफर और विशेषज्ञ सलाह का लाभ मिल रहा है, जिससे घर खरीदने की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल और सुगम बन रही है।